उ.प.रे

N.W.R.

उत्तर पश्चिम रेलवे

प्रधान कार्यालय
जयपुर।
दिनांक 26.09..2019

सं.ज़ी / एनडब्ल्यूआरएलवाई / आर / 2019 / 51039

Sh. Nikhil Khurana,
WZ-1604,Nangal Raya,
New Delhi-110046

विषयः— सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंर्तगत सूचना चाहने बाबत।
संदर्भः— इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 23.09.2019

उपरोक्त संदर्भित पत्र की अनुपालना के पश्चात सम्बन्धित विभाग के नॉडल अधिकारी से प्राप्त 180 पृष्ठों का जवाबी मसौदा संलग्न कर आपको प्रेषित किया जा रहा है।

यदि आप इस जानकारी से संतुष्ट नही हो तो आप इस पत्र की प्राप्ति से 30 दिन के अन्दर अपील प्राधिकारी को अपनी अपील भिजवा सकते हैः—

एस.के. अग्रवाल
अपर महाप्रबंधक एवं अपीलीय प्राधिकारी
उ.प.रे. जयपुर

संलग्नः— 180 पृष्ठ

26/09/19

( मानवेन्द्र सिंह )
जन सूचना अधिकारी (सामान्य एवं प्रशासन)
उ.प.रे.जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
North Western Railway
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# माननीय सांसदों के साथ मण्डलीय समिति की चौथी बैठक

## माननीय सांसदों द्वारा उठाये गये मदों पर टिप्पणी

प्रधान कार्यालय, जयपुर
दिनांक 07.09.2019




Scanned by CamScanner

# उत्तर पश्चिम रेलवे

मण्डलीय समिति
की
बैठक के अवसर पर माननीय सांसदों का
हार्दिक स्वागत है।



## जयपुर

**07 सितम्बर 2019**

Scanned by CamScanner




Scanned by CamScanner

# मण्डलीय समिति के माननीय सदस्यों की सूची

| क्रम संख्या | माननीय सदस्य | |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति हरसिमरत कौर बादल | केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री |
| 2 | श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत | केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री |
| 3 | डॉ. मनमोहन सिंह | भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 4 | श्री राव इन्द्रजीत सिंह | केन्द्रीय राज्य मंत्री सांख्यिकी और कार्यक्रम [illegible] |
| 5 | श्री अर्जुन राम मेघवाल | केन्द्रीय राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं भारी उद्योगों और सार्वजनिक उद्यमों के राज्य मंत्री |
| 6 | श्री कैलाश चौधरी | केन्द्रीय राज्य मंत्री, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय |
| 7 | श्री अर्जुन लाल मीना | माननीय सांसद (उदयपुर) |
| 8 | श्री अरविन्द कुमार शर्मा | माननीय सांसद (रोहतक) |
| 9 | श्री बालक नाथ | माननीय सांसद (अलवर) |
| 10 | श्री भागीरथ चौधरी | माननीय सांसद (अजमेर) |
| 11 | श्री भूपेन्द्र यादव | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 12 | श्री बृजेन्द्र सिंह | माननीय सांसद (हिसार) |
| 13 | श्री चन्द्र प्रकाश जोशी | माननीय सांसद (चित्तौड़गढ़) |
| 14 | श्री देव जी एम. पटेल | माननीय सांसद (जालोर) |
| 15 | श्री धर्मबीर | माननीय सांसद (भिवानी–महेन्द्रगढ़) |
| 16 | श्री दिपसिंह शंकरसिंह राठौर | माननीय सांसद (साबरकांठा) |
| 17 | श्रीमति दिया कुमारी | माननीया सांसद (राजसमन्द) |
| 18 | श्री डी.पी. वत्स | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 19 | श्री हनुमान बेनीवाल | माननीय सांसद ( नागौर ) |
| 20 | श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर | माननीय सांसद (राज्य सभा) |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 21 | श्रीमति जसकौर मीना | माननीया सांसद (दौसा) |
| 22 | श्री कनकमल कटारा | माननीय सांसद (बांसवाड़ा) |
| 23 | डॉ. किरोड़ी लाल मीना | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 24 | श्री के. जे. अल्फोन्स | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 25 | श्री मधुसूदन देवाराम मिस्त्री | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 26 | श्री नारायण लाल पंचारिया | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 27 | श्री नरेन्द्र कुमार | माननीय सांसद (झुन्झुनू) |
| 28 | श्री निहाल चन्द | माननीय सांसद (श्री गंगानगर) |
| 29 | श्री ओमप्रकाश माथुर | [illegible] |
| 30 | श्री परबतभाई सवाभाई पटेल | माननीय सांसद (बनासकांठा) |
| 31 | श्री पी. पी. चौधरी | माननीय सांसद (पाली) |
| 32 | श्री राहुल कस्वां | माननीय सांसद (चूरू) |
| 33 | कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर | माननीय सांसद (जयपुर ग्रामीण) |
| 34 | श्री रामचरण बोहरा | माननीय सांसद (जयपुर) |
| 35 | श्री रामकुमार वर्मा | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 36 | श्री रामनारयण डूडी | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 37 | डॉ. सुभाष चन्द्र | माननीय सांसद (राज्य सभा) |
| 38 | श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया | माननीय सांसद (भीलवाड़ा) |
| 39 | श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया | माननीय सांसद (टोंक- सवाईमाधोपुर) |
| 40 | श्री सुमेधा नन्द सरस्वती | माननीय सांसद (सीकर) |
| 41 | श्रीमति सुनीता दुग्गल | माननीयां सांसद (सिरसा) |
| 42 | श्री विजय गोयल | माननीय सांसद (राज्य सभा) |

Scanned by CamScanner

1. उत्तर पश्चिम रेलवे – एक परिचय

2. एजेण्डा के मदों पर उत्तर

Scanned by CamScanner

# उत्तर पश्चिम रेलवे – एक परिचय

उत्तर पश्चिम रेलवे का उत्तर रेलवे तथा पश्चिम रेलवे से 2–2 मण्डल लेकर गठन किया गया। पाँच अन्य नए क्षेत्रीय रेलों के साथ इस रेलवे के निर्माण का 16 सितम्बर, 1996 को रेलवे बोर्ड द्वारा सबसे पहली बार स्थापना का अनुमोदन किया गया और तत्कालीन प्रधानमंत्री ने 17 अक्टूबर, 1996 को जयपुर में इस क्षेत्रीय रेल की नींव रखी। इस नए रेलवे के गठन की सूचना भारत सरकार की दिनांक 14.06.2002 की अधिसूचना में निकाली गई।

## तथ्य व अन्य आँकड़े

इस रेलवे में चार मण्डलों को शामिल किया गया। 583 स्टेशन और 5582 रूट किमी इसमें आता है जिसमें से 5083 किमी ब्रॉडगेज है तथा 499 किमी मीटर गेज है। तथापि, इस रेलवे का कुल ट्रैक किलोमीटर 7822 किमी है। यह रेलवे चार राज्यों की यातायात सेवा की पूर्ति करता है, अर्थात् राजस्थान (4736 किमी), हरियाणा (627 किमी), गुजरात (148 किमी) तथा पंजाब (71 किमी) में सेवारत है। यहाँ अजमेर, जोधपुर तथा लालगढ़, (बीकानेर) में 04 वर्कशॉप हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे पर 03 लोको शेड आबू रोड, भगत की कोठी पर ब्रॉडगेज के तथा फुलेरा पर मीटर गेज की शेड है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर 78 पी.आर.एस., 131 पी.आर.एस.–सह–यू.टी.एस. तथा 316 यू.टी.एस. लोकेशन, 219 एटीवीएम, 107 एसटीबीए तथा 62 जे.टी.बी.एस. कार्यरत हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे पर मीटर गेज सहित यात्री और मेल/एक्सप्रेस दोनों श्रेणियों की कुल 556 गाड़ियाँ संचालित हो रही हैं। सभी श्रेणी की कोटियों में इस रेलवे पर स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या 62205 है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर उदयपुर क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर में एस.टी.सी., जोधपुर में कार्मिक प्रशिक्षण केन्द्र तथा बाँदीकुई में आर.पी.एफ. प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थान हैं।

Scanned by CamScanner

# मण्डलों की संक्षिप्त रूपरेखा

## जयपुर मण्डल

इस मण्डल का गठन बी.बी. एण्ड सी.आई., जयपुर स्टेट रेलवे तथा राजपुताना मालवा रेलवे के क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है। जयपुर मण्डल राजस्थान तथा हरियाणा की यातायात संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करता हैं। वैसे तो यह यात्री अर्जन मण्डल है, फिर भी यहाँ से प्रमुखतया खाद, सीमेन्ट, तेल, नमक, खाद्यान्न, तिलहन, चूना तथा जिप्सम इस मण्डल से होकर गुजरते हैं। भारी तादाद में यहाँ से कंटेनर लदान भी किया जाता है। इस मण्डल पर स्टेशनों की कुल संख्या 128 है।

## बीकानेर मण्डल

इस मण्डल की स्थापना 1924 ई. में की गई और यह राजस्थान, पंजाब तथा हरियाणा की यातायात संबंधी आवश्यकताओं को पूरी करता है। इस मण्डल में यात्री व माल यातायात समान है। इस मण्डल से मुख्य रूप से बाहर भेजे जाने वाला माल यातायात खाद्यान्न, चीनी मिट्टी तथा जिप्सम है। इस मण्डल में स्टेशनों की कुल संख्या 192 है।

## जोधपुर मण्डल

इस मण्डल की स्थापना वर्ष 1882 ई. में की गई थी और इसमें प्रमुख रूप से राजस्थान के अर्ध–शहरी जिले आते हैं। इसमें जोधपुर, पाली मारवाड़, नागौर, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर के क्षेत्र आते हैं। इस मण्डल में गुजरात राज्य के कुछ जिले आते हैं। यह मण्डल जैसलमेर, बाड़मेर तथा पोखरण जैसे राजस्थान के कुछ संवेदनशील क्षेत्रों की सेवा भी करता है। इस मण्डल से चूना, नमक तथा जिप्सम जैसी सामग्रियाँ प्रमुख रूप से लदान की जाती है। इस मण्डल पर कुल 139 स्टेशन हैं।

## अजमेर मण्डल

यह मण्डल राजस्थान व गुजरात राज्यों में फैला हुआ है। इस मण्डल से प्रमुख रूप से सीमेन्ट की लदाई की जाती है क्योंकि राजस्थान के अनेक सीमेन्ट संयंत्र इस मण्डल के क्षेत्राधिकार में स्थित हैं। रॉक फॉस्फेट, सॉप स्टोन पाउडर की लदायी उदयपुर क्षेत्र से की जाती है। यह मण्डल भारत के धार्मिक व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख रूप से स्थित है क्योंकि अजमेर शरीफ, पुष्कर, माउण्ट आबू में जैन मंदिर दिलवाड़ा तथा रणकपुर मंदिरों पर भारी मात्रा में यात्री आते हैं। इस मण्डल में स्टेशनों की कुल संख्या 124 है।

Scanned by CamScanner

# एजेण्डा के

# मद

# एवं उत्तर

Scanned by CamScanner

## माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तावित मदों की सूची


| क्रम संख्या | माननीय सदस्य | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत | 1 – 7 |
| 2 | श्री अर्जुन राम मेघवाल | 8 – 13 |
| 3 | श्री कैलाश चौधरी | 14 |
| 4 | श्री अर्जुन लाल मीना | 15 – 29 |
| 5 | श्री बालक नाथ | 30 – 34 |
| 6 | श्री भागीरथ चौधरी | 35 – 43 |
| 7 | श्री बृजेन्द्र सिंह | 44 – 46 |
| 8 | श्री चन्द्र प्रकाश जोशी | 47 – 54 |
| 9 | श्री धर्मबीर | 55 – 71 |
| 10 | श्री दिपसिंह शंकरसिंह राठौर | 72 – 76 |
| 11 | श्रीमति दिया कुमारी | 77 – 82 |
| 12 | श्री हनुमान बेनीवाल | 83 – 89 |
| 13 | श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर | 90 – 91 |
| 14 | श्री कनकमल कटारा | 92 – 102 |
| 15 | श्री नारायण लाल पंचारिया | 103 – 106 |
| 16 | श्री निहाल चन्द | 107 – 108 |
| 17 | श्री पी. पी. चौधरी | 109 – 126 |
| 18 | श्री राहुल कस्वां | 127 – 136 |
| 19 | श्री रामचरण बोहरा | 137 – 143 |
| 20 | श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया | 144 – 153 |
| 21 | श्री सुमेधा नन्द सरस्वती | 154 – 162 |
| 22 | श्रीमति सुनीता दुग्गल | 163 – 164 |


Scanned by CamScanner

| 1. श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत | |
|---|---|
| 1 | पोकरण रेलवे स्टेशन हेतु 5 किमी रेलवे ट्रेक निर्माणः–<br>रामदेवरा–गोगट रेलवे लाईन से भैरव गुफा–कैलाश टेकरी होकर पोकरण तक 5 किमी नया रेलवे ट्रेक निर्माण किया जावे, जिससे सभी यात्री ट्रेन विश्वविख्यात पोकरण रेलवे स्टेशन होकर जैसलमेर व जोधपुर आ–जा सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रामदेवरा से पोकरण वाया भैरव गुफा–कैलाश टेकरी (12.10किमी) नई रेल लाईन हेतु Survey रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 16.07.19 को भेज दी गई है। (लागत-रू 112.04 करोड, आरओआर (–) 6.70 प्रतिशत) है। रेलवे बोर्ड से निर्देश के उपरान्त अतिशीघ्र कार्यवाही की जायेगी। |
| 2 | **अहमदाबाद से भगत की कोठी तक आने वाली किसी भी एक्सप्रेस रेलगाड़ी का फेरा प्रतिवर्ष रामदेवरा मेले की अवधि तक रामदेवरा स्टेशन तक बढ़ाया जाये–**<br>जैसा कि विदित है कि प्रतिवर्ष माह अगस्त–सितम्बर में पश्चिमी राजस्थान का मुख्य रामदेवरा मेला आयोजित होता है, इस मेले में गुजरात से लाखों जातरू दर्शनार्थ रामदेवरा आते हैं। इन जातरूओं की सुविधा हेतु प्रतिवर्ष रामदेवरा मेले की अवधि (माह–अगस्त, सितम्बर) तक अहमदाबाद से आने वाली किसी भी एक्सप्रेस रेलगाड़ी का फेरा रामदेवरा स्टेशन तक बढ़ाया जावे जिससे इन जातरूओं को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी तथा रेलवे को भी आर्थिक लाभ होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रामदेवरा मेले हेतु प्रतिवर्ष अतिरिक्त गाड़ियां चलाई जाती है इस वर्ष यात्रियों की सुविधा को देखते हुए निम्न गाड़ियोंका संचालन किया जा रहा है –<br>जोधपुर–रामदेवरा–जोधपुर के मध्य दो जोड़ी स्पेशल गाड़ी दिनांक 27.08.19 से 15.09.2019 तक<br>जोधपुर– पोकरण –जोधपुर के मध्य एक जोड़ी स्पेशल गाड़ी दिनांक 24.08.19 से 17.09.2019 तक<br>जोधपुर– मारवाड़–जोधपुर के मध्य एक जोड़ी स्पेशल गाड़ी दिनांक 27.08.19 से 15.09.2019 तक<br>लालगढ़–रामदेवरा–लालगढ़ के मध्य एक जोड़ी स्पेशल गाड़ी दिनांक 01.09.19 से 10.09.2019 तक |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3 | रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्यः–<br>**समस्याः–** प्रतिवर्ष माह अगस्त व सितम्बर में आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े बाबा रामदेव मेले में लाखों जातरू आवागमन के विभिन्न माध्यमों से दर्शनार्थ रामदेवरा आते है जिससे रेलवे यात्रियों की संख्या में भी अत्यधिक वृद्धि हो जाती है। प्रतिवर्ष इन दो माह में रामदेवरा स्टेशन पर उपलब्ध आधारभूत आवश्यकताओं की कमी रहती है व रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध शौचालयों से पूर्ति नहीं हो पाती है, फलस्वरूप रेलवे परिसर व बाहर खुले में शौच इत्यादि के कारण अत्यधिक गंदगी हो जाती है। चूँकि रामदेवरा रेलवे स्टेशन व बाहर की स्वच्छता को बनाये रखने में भारतीय रेलवे का अहम योगदान है एवं भारतीय रेलवे स्वच्छ भारत अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अतः रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर निम्न सुविधाओं की अत्यन्त आवश्यकता है।<br>**सुझावः–** चूँकि रामदेवरा मेला मानसून के समय आयोजित होता है, अतः यात्रियों की सुविधाओं को मध्यनजर रखते हुए भगत की कोठी स्टेशन की तर्ज पर एक विशाल डोम रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर बनाया जाए जिसमें यात्रियों के लिए पीने के पानी, बैठने इत्यादि की व्यवस्था भी की जावें। रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में उपलब्ध शौचालय पृथक–पृथक स्थान पर बने हुए जिससे उनका उचित रख–रखाव नहीं हो पा रहा है तथा जिसके कारण अधिकतर शौचालय उपयोग में भी नहीं आ रहे हैं। अतः प्रतिवर्ष मेले के दौरान यात्रिभार को मध्यंनजर रखते हुए रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर कम से कम 50 शौचालयों का कॉम्पलेक्स विकसित किया जाए जिससे रेलवे परिसर व बाहर खुले मे शौच के कारण होने वाली गंदगी से निजात मिल सके। साथ ही दुरस्थ स्थानों से आने वाले दर्शनार्थियों के रूकने के लिये भवन (रिटायरिंग रूम) का तथा सामान रखने हेतु लॉकर रूम (क्लॉक रूम) का निर्माण किया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रामदेवरा स्टेशन पर नये प्रतीक्षा कक्ष तथा प्रतीक्षालय मय शौचालय के निर्माण करवाया गया है। रामदेवरा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधार्थ कोच गाईडेन्स सिस्टम का कार्य स्वीकृत किया गया है।<br>रामदेवरा स्टेशन पर रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारत न्यूनतम यात्री सुविधाओ के मापदंडानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है।<br>रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए करीब 80 लाख रूपये की लागत से एक नया शेड 25X10 मीटर, दो महिला और दो पुरूष शौचालयों के साथ बनाया गया है एवं प्रतीक्षालय 20X10 मीटर और प्रतीक्षा कक्ष 7X4.2 मीटर साईज के एवं 62 नये वाटर टेप (पानी की टोंटियाँ) बनाये गये हैं। इसके अलावा एक शैड एवं सामान्यतः यात्रियों हेतु 07 शौचालय उपलब्ध है। मेला अवधी में 31 शौचालय उपलब्ध रहते है। मेला शुरू होने से पूर्व इन शौचालयों का भली–भॉती अनुरक्षण कराया जाता है व मेला अवधी के दौरान लघु ठेके द्वारा सम्पूर्ण परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की जाती |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | हैं। वर्तमान में इस स्टेशन पर कुल शौचालयों की संख्या 28 है। पानी सप्लाई के लिए 1,53,600 लीटर क्षमता का ओवरहेड वाटर टैंक बना हुआ है जिसमें पीएचईडी से सप्लाई ली जाती है। अतः मेले के समय भरपूर पानी की सप्लाई रहती है। |
| 4 | **दक्षिण भारत जाने वाली ट्रेनों के फेरों को बढ़ाना:–**<br>(अ) गाड़ी संख्या 16126/16127 जोधपुर–चैन्नई एक्सप्रेस वर्तमान में सप्ताह में मात्र 1 दिवस ही चलती है जिसके फेरे बढाना अत्यन्त आवश्यक है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 22663/22664 चैन्नई एगमोर–जोधपुर–चैन्नई एगमोर (साप्ता.) एक्स. दक्षिण रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी की बारंबारता बढ़ाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक, इंजन एवं सम्बधित रेलवे की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत चैन्नई के लिए गाड़ी सं. 14815/16 भगत की कोठी–ताम्बरम हमसफर एक्स. का अतिरिक्त संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है जिससे दो दिन सेवा का लाभ मिलने लगा है।<br>(ब) गाड़ी संख्या 16507/16508 जोधपुर–बंगलुरू एक्सप्रेस वर्तमान में सप्ताह में मात्र 2 दिवस ही चलती है जिसके फेरे बढ़ाना अत्यन्त आवश्यक है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 16507/16508 जोधपुर–बंगलौर (द्वि–साप्ता.) एक्स., गाड़ी सं. 16587/16588 यशवन्तपुर–बीकानेर (द्वि–साप्ता.) एक्स. एवं गाड़ी सं. 16533 भगत की कोठी–बंगलौर/यशवन्तपुर (साप्ता.) एक्स. दक्षिण–पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ियां है। उक्त गाड़ियों के संचालन से जोधपुर–बंगलौर के मध्य 05 दिन सेवायें उपलब्ध हैं। इन गाड़ियों की बारंबारता बढ़ाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक, इंजन एवं सम्बधित रेलवे की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण–पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। इन गाड़ियों की बारम्बारता बढ़ाये जाने हेतु आपका सुझाव रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेजा गया है। |
| 5 | **नवीन रेल सेवायें प्रारम्भ करना:–**<br>(अ) मनारगुड़ी–जोधपुर एक्सप्रेस– साप्ताहिक<br>**रिमार्क्स:–**<br>जोधपुर से मन्नारगुड़ी के लिए गाड़ी सं. 16863/16864 भगत की कोठी – मन्नारगुड़ी (साप्ता.) एक्स. वाया सवाई माधोपुर दक्षिण रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है, जिसका प्राथमिक अनुरक्षण मन्नारगुड़ी तथा द्वितीय अनुरक्षण जोधपुर स्टेशन पर किया जाता है। मार्गस्थ रेलवे की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | (ब) सियालदह–जोधपुर एक्सप्रस –द्विसाप्ताहिक<br>**रिमार्क्सः–**<br>सियालदाह – जोधपुर के बीच वर्तमान में नई सेवा संचालित किया जाना प्रस्तावित नहीं है तथा नई सेवा .संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार में है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जोधपुर से हावड़ा के मध्य प्रतिदिन सेवा संचालित है।<br><br>(स) जोधपुर कामाख्या (गुवाहाटी) एक्सप्रेस वाया डेगाना रतनगढ<br>**रिमार्क्सः–**<br>नई सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 15623/24 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस साप्ताहिक रूप से वाया डेगाना–रतनगढ़ संचालित है। |
| 6 | **लूणी व धुन्धाड़ा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रेल ठहरावः–**<br>**समस्याः–** लूणी व धुन्धाडा जंक्शन रेलवे स्टेशन से लगभग 20–25 गांवों के लोग अहमदाबाद, सूरत, बडौदा, मुम्बई, पूना, बैंगलोर, चैन्नई आदि विभिन्न शहरों में अपने व्यवसाय, नौकरी आदि कार्य करते है तथा इन्हें रेलवे यात्रा हेतु एक दिन पूर्व जोधपुर रेलवे स्टेशन जाना पड़ता हैं<br>**सुझावः–** लूणी व धुन्धाडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर निम्न गाड़ियों के ठहराव करने पर क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो सकेंगे।<br>(अ) यशवंतपुर बैंगलोर एक्सप्रेस – गाडी संख्या 16533<br>(ब) रानीखेत एक्सप्रेस, जैसलमेर से काठगोदाम – गाडी संख्या 15013<br>(स) भगत की कोठी से बान्द्रा – गाडी संख्या 19066<br>**रिमार्क्सः–**<br>यात्री सुविधा को देखते हुए गाडी सं. 16533/34 भगत की कोठी–बैंगलूरू एक्सप्रेस का ठहराव लूनी स्टेशन पर दिनांक 02.10.18 से प्रदान किया गया है।<br>लूनी जं. स्टे. जोधपुर– लूनी– समदड़ी /मारवाड रेलखण्ड पर स्थित है। वर्तमान में लूनी जं. पर 24जोड़ी मेल/एक्स. तथा छः जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। लूनी जं. स्टे. की औसत प्रतिदिन प्रतिगाडी आय रूपये 7881.51/–तथा यात्री भार 43.70 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव मानक से कम है। अतः अन्य गाड़ियों का ठहराव दिया जाना वाणिज्यि रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है।<br>दुढाड़ा स्टेशन पर वर्तमान में छः जोड़ी सवारी तथा एक जोड़ी एक्सप्रेस सेवा का ठहराव है। यात्री सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 14803/14804 भगत की कोठी–अहमदाबाद एक्स. का दिनांक 01.03.19 से एवं गाड़ी सं. 14661/62 जोधपुर–बाड़मेर एक्सप्रेस का दिनांक 25.02.19 प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान कर दिया गया है।<br>धुन्धाड़ा स्टेशन हेतु प्रतिगाड़ी प्रतिदिन की आय एवं यात्री भार कमशः 523 एवं 32 हैं। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7 | **हरिद्वार हेतु चलाई जा रही स्पेशल गाड़ी को नियमित करने हेतु :–**<br>दिनांक 03 अप्रैल, 2018 से जोधपुर–हरिद्वार तक (गाड़ी सं. 04831/32) सप्ताह में एक दिवस स्पेशल रेल शुरू की गयी है, जिसे नियमित करने एवं इसके फेरे सप्ताह में 2 अथवा 3 दिवस करने की आवश्यकता है जिससे पश्चिमी राजस्थान के हरिद्वार जाने हेतु एक और गाड़ी मिल सकें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर से हरिद्वार के मध्य संचालित होली डे विशेष सेवा को नियमित करना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। हॉलाकिं विभिन्न अवसरों यथा शीतकालीन, ग्रीष्मकालीन, पूजा के दौरान विशेष गाड़ी चलाई जाती है। |
| 8 | **बनाड़ से मण्डोर के बीच में बाईपास रेलवे लाईन का निर्माण :–**<br>वर्तमान में राईकाबाग से मुख्य स्टेशन व वापस राईकाबाग स्टेशन पर डायवर्ट होने वाले जैसलमेर से आने वाले लाइम ट्रैफिक के डायवर्जन से बचने के लिए बनाड से मण्डोर के बीच में बाईपास रेलवे लाईन बनायी जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर बाईपास के लिए बासनी कारवाड़ से असारनाडा व असारनाडा से सालावास तथा डायकरा से जाजीवाल बिसनोईयाँ के मध्य बाईपास हेतु PECT Survey पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 11.06.2019 को भेज दी गई है । (लम्बाई=79.4 किमी., लागत =रू 791.70 करोड़, आर ओ आर (+) 41.22 प्रतिशत ) |
| 9 | **जोधपुर से मथुरा रूट पर नई ट्रेन का संचालन :–**<br>**समस्याः–** पूर्व में मरूधर एक्सप्रेस जोधपुर से कानपुर वाया मथुरा जं. प्रतिदिन चलती थी, परन्तु गेज परिवर्तन के बाद उक्त गाड़ी बदले हुए रूट पर वाया आगरा होकर चलाई जा रही है, जिससे जोधपुर सहित पश्चिमी राजस्थान के यात्रियों को मथुरा की यात्रा करने हेतु वाया जयपुर होकर जाना पड़ता है।<br>**सुझावः–** वर्तमान में गाड़ी संख्या 19716/19715 लखनऊ–जयपुर–लखनऊ एक्सप्रेस सप्ताह में 3 दिवस जयपुर तक चलती है। जो जयपुर में 1:45 बजे आकर 21:45 बजे तक (लगभग 19 घण्टे) जयपुर में ही खडी रहती है। मथुरा एक धर्मस्थली नगरी है एवं यहां पर जाने वाले यात्रियों की सख्या अधिक रहती है, अतः उक्त गाड़ी संख्या 19716/19715 को जोधपुर तक बढ़ाने पर उक्त समस्या का समाधान हो जायेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर से जयपुर एवं जयपुर से मथुरा के लिए मिलान में यात्री गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध है। जोधपुर – मथुरा नई सेवा संचालित करना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार में आता है। जोधपुर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मध्यनजर जोधपुर – मथुरा नई सुविधा चलाये जाना परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में झांसी से वैरावल नयी स्पेशल गाड़ी वाया मथुरा जोधपुर चलाई गई थी जिसमें |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | यात्री भार कम रहा था अतः इसे नियमित किया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं रहा।<br>गाड़ी सं. 19716/15 लखनऊ–जयपुर एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन जोधपुर विस्तारित करने के लिए अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2019 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर सहमति बन गई है। रेलवे बोर्ड द्वारा कार्यवाही अपेक्षित है। |
| 10 | **बनाड़ कैंट स्टेशन का विकास :–**<br>बनाड़ केन्ट स्टेशन के विस्तार एवं रेलवे स्टेशन पर सुगमतापूर्वक प्रवेश एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु स्थानीय जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के समक्ष प्रकरण लम्बित है। अतः उक्त प्रकरण में विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही एवं वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर कैंट स्टेशन के प्रवेशद्वार हेतु मेन रोड से अप्रोच रोड के लिए जमीन अधिग्रहण करने से संबंधित मामला जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जोधपुर विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु माननीय मंत्री महोदय द्वारा निर्देशित किया गया था। अतः इस संबंध में उन्हें ही आवश्यक कार्यवाही करनी है। |
| 11 | **मुख्य स्टेशन पर पर्यटक स्वागत एवं विश्राम केन्द्र :–**<br>जयपुर मुख्य रेलवे स्टेशन की तर्ज पर पर्यटक नगरी जोधपुर में भी मुख्य रेलवे स्टेशन पर मुख्य द्वार अथवा द्वितीय द्वार पर विदेशी पर्यटकों के स्वागत एवं विश्राम हेतु वातानुकूलित जोधपुर के पर्यटन स्थलों एवं कला को प्रलेक्षित करते हुआ सुन्दर छीत्तर पत्थर से निर्मित पृथक कक्ष की योजना बनायी जावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>**जोधपुर में भी पर्यटक स्वागत केन्द्र हेतु आईआरसीटीसी के साथ समन्वय कर कार्य शीघ्र कराया जाएगा।** |
| 12 | **पहाड़गंज द्वितीय कॉलोनी (द्वितीय प्रवेश द्वार) रेलवे लाईन पर फुट ओवरब्रिज/अण्डरपास का निर्माण :–**<br>जोधपुर शहर में मण्डोर रोड़, भोमियाजी के थान के पास स्थित पहाड़गंज द्वितीय आवासीय कॉलोनी के द्वितीय प्रवेश द्वार जो रेलवे लाईन के Blind Curve को पार करके जाता है, इस मार्ग पर आमजन का आवागमन अत्यधिक होने के कारण गत वर्षों में अनेक दुर्घटनाऐं हुई है, जिससे जनहानि का भी सामना करना पड़ता है। इन दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुगम व सुरक्षित आवागमन हेतु रेलवे लाईन पर फुट ओवरब्रिज/अण्डरपास का निर्माण अत्यधिक आवश्यक है। अतः उक्त प्रस्ताव का तकनीकि दृष्टि से आकलन करवाकर फुट ओवरब्रिज/अण्डरपास के निर्माण की वस्तुस्थिति रिपोर्ट मय तकनीकि तकमीना प्रस्तुत करावें। इसमें आवश्यकता पड़ने पर सांसद निधि कोष से भी सहयोग प्रदान किया जा सकता है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>पहाड़गंज कालोनी का द्वितीय प्रवेश द्वार, राईका बाग–मण्डोर रेल लाईन के km 4/1-2 के पास है एवं km 4/1-2 पर कालोनी निवासी द्वारा रेल लाईन को अनाधिकृत पार किया जाता है। km 4/1-2 के Left Hand Side पहाड़गंज कालोनी है एवं Right Hand Side में जोधपुर–नागौर State Highway है। रेल लाईन को पार करने के लिये km 3/3-5 में मानव सहित फाटक सं0–8 व km 5/9-6/0 में मानव रहित फाटक सं.–10 एवं km 4/4-5 में रेलवे अण्डर ब्रिज उपलब्ध है, जिसके द्वारा कालोनी निवासी रेल लाईन पार कर सकते हैं। km 4/1-2, जहाँ पर कालोनी निवासी अनाधिकृत रेल लाईन पार करते हैं, वहाँ अण्डरपास का निर्माण संभव नहीं है, क्योंकि रेल लाईन से कालोनी ऊँचाई पर है। फिर भी यहाँ पर राज्य सरकार अगर प्रस्ताव देती है तो Deposit work में एफ.ओ.बी. बन सकता है जिसकी लागत लगभग 70 लाख रूपये होगी। |
| 13 | **फलोदी रेलवे स्टेशन पर रेल के डिब्बों की श्रेणी को इंगित करने वाले इलेक्ट्रिक नामपट्ट लगाने हेतु :–**<br>फलोदी रेलवे स्टेशन पर रेल के डिब्बों की श्रेणी को इंगित करने वाले इलेक्ट्रिक नामपट्ट प्लेटफार्म पर लगवावें ताकि रात्रि में यात्रियों को डिब्बों के नियत स्थान का ज्ञान हो सके व असुविधा ना हो।<br>**रिमार्क्सः–**<br>फलोदी स्टेशन एनएसजी–5 श्रेणी (NSG-5 Category) का रेलवे स्टेशन है और रेलवे बोर्ड द्वारा न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए जारी दिशानिर्देशों (MEA guidelines) के अनुसार इस सुविधा के लिए नियम के अनुकूल पात्रता नहीं रखता है। |
| 14 | **बाड़मेर से हावड़ा (कोलकाता) तक नई रेलगाड़ी शुरू करने हेतु :–**<br>जोधपुर से कोलकाता जाने वाली हावड़ा एक्सप्रेस (12308/12307) पर अत्यधिक यात्रीभार होने के कारण यात्रियों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः बाड़मेर से हावड़ा तक नई रेलगाड़ी जो कि बालोतरा – जोधपुर – डेगाना – डीडवाना – लाडनू – रतनगढ़ – चुरू – दिल्ली होते हुए हावड़ा तक जाती हो, शुरू की जाये। उक्त रेलमार्ग हेतु पूर्व में भी मांग की गयी थी, जिसका प्रस्ताव रेलवे बोर्ड में गत 5 वर्षों से लम्बित है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बाड़मेर से हावड़ा नई गाड़ी वाया लाडनू, सुजानगढ़ सादुलपुर संचालन करना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। इस सम्बध में प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2016 में भी इस रेलवे द्वारा प्रस्तावित किया गया था तथा पुनः उक्त प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सरणी बैठक 2017 एवं 2019 में विचारार्थ भेजा गया था, लेकिन परिचालनिक कारणों से मार्गस्थल रेलवे से सहमति नहीं बन सकी। नई सेवा संचालन हेतु अतिरिक्त संसाधन यथा कोच, इंजन, कर्मीदल इत्यादि संसाधनों के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति/अनुमोदन की आवश्यकता होगी। नई सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |



N.W.R.
उ.प.रे.
Scanned by CamScanner

| 2. श्री अर्जुन राम मेघवाल | |
|---|---|
| 1 | अनूपगढ़ से बीकानेर के मध्य नई रेलवे लाईन बिछाकर रेल सेवा शुरू करने हेतु पुनः सर्वे किया जाये (लगभग 150 किमी)<br>**रिमार्क्सः–**<br>अनुपगढ से बीकानेर नई रेल लाईन हेतु दिनांक 05.08.15 को RECT सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी गई थी जिसकी लम्बाई=151.560 किमी., लागत=रू 972.92 करोड है। रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक इस परियोजना पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। माननीय मंत्री महोदय के सुझावों से रेलवे बोर्ड को अवगत करा दिया जायेगा । |
| 2 | दिल्ली से गंगानगर के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन तिलक ब्रिज (54767–68) का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाए (वाया रायसिंहनगर, स्वरूपसर, लूप कैनाल, विजयनगर, रामसिंहपुर, अनुपगढ़) अभी यह ट्रेन लगभग 10 घंटे गंगानगर स्टेशन पर खड़ी रहती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 54767/68 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज का श्रीगंगानगर स्टेशन पर लाई ओवर 13.30 घण्टे है जिसमें इस गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण श्रीगंगानगर पर किया जाता है अतः अनूपगढ़ तक इस गाड़ी का विस्तार परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। |
| 3 | अनूपगढ़ में रेलवे की वाशिंग लाईन की सुविधा प्रदान की जाए (88 बीघा जमीन रेलवे के पास उपलब्ध है।) जिससे निम्न गाड़ियों का विस्तार अनूपगढ़ तक हो सकता है:–<br>1. दिल्ली–सिरसा–दिल्ली (सिरसा एक्सप्रेस)<br>2. दिल्ली–भटिंडा–दिल्ली (किसान एक्सप्रेस)<br>**रिमार्क्सः–**<br>अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध नहीं है तथा उपरोक्त सुविधाओं के बारे में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।<br>गाड़ी संख्या 14085/14086 दिल्ली – सिरसा – दिल्ली (सिरसा एक्सप्रेस) 02घण्टे 50मिनिट है, इस लाई ओवर में अनूपगढ़ तक विस्तारण संभव नहीं है।<br>गाड़ी संख्या 14519/14520 दिल्ली – भटिण्डा – दिल्ली किसान एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण भटिण्डा में किया जाता है। अतः उक्त गाड़ी का विस्तारण अनूपगढ़ स्टेशन तक किये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है।<br>वर्तमान में अनूपगढ स्टेशन पर किसी भी ट्रेंन का प्राथमिक अनुरक्षण नही किया जा रहा है। वर्तमान में अनूपगढ से 193 कि.मी दूर श्रीगंगानगर में 02 वाशिंग लाईन उपलब्ध है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 4 | अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर टिकट खिड़कियों की संख्या बढ़ाने, प्रतीक्षालय व सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार तथा वाई–फाई शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अनूपगढ स्टेशन पर 01 खिडकी आरक्षित सह अनारक्षित टिकट हेतु, 01 खिडकी एवं 02 एटीवीएम अनारक्षित टिकट हेतु कार्यरत है । आरक्षित सह अनारक्षित टिकट खिडकी का कार्यभार 26 आरक्षण स्लिप एवं 51 अनारक्षित यात्री टिकट है।<br>अनारक्षित टिकट खिडकी प्रातः 05 बजे से रात्री 22.00 बजे तक संचालित होती है । जिसका कार्यभार 1443 टिकट एवं 2429 यात्री है । उक्त कार्यभार को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त टिकट खिडकी खोला जाना औचित्यपूर्ण नहीं है ।<br>अनुपगढ स्टेशन एनएसजी– 05 श्रेणी के साथ आदर्श स्टेशन भी है। जहॉ पर रेलवे बोर्ड की न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा नीति के मापदंडो के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध है।<br>अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन पर वाई–फाई की सुविधा दिनांक 29.07.19 से उपलब्ध करा दी गई है।<br>इस पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ के मापदंड अनुसार दो टिकट बुकिंग खिड़की, 450 वर्गमीटर का सर्कुलेटिंग एरिया एवं 10 सीट सहित 47 वर्गमीटर प्रतीक्षालय उपलब्ध है। |
| 5 | केशव नगर हाल्ट स्टेशन की सेवाएं पुनः नियमित की जायें।<br>**रिमार्क्स:–** रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 2004/कोचिंग।।/13/ठहराव नीति दि0 7.12.15 के अनुसार गाडी का ठहराव मूल्य 12716 रू0 है। अतः एक जोडी गाडी का वार्षिक ठहराव खर्च 92,82,680/– रू0 होता है । हाल्ट कान्ट्रेक्टर को टिकट बिक्री पर देय वार्षिक कमीशन 1,05,528/– रू0 तथा वार्षिक मरम्मत खर्च 45000/–रू0 है । कुल वार्षिक खर्च 94,33,208/–रू0 हुआ है । जबकि वार्षिक आय 9,12,500/–रू0 होने की संभावना है । अतः वार्षिक घाटा 85,20,708/– रू0 का आंकलन हुआ है । अतः केशव नगर स्टेशन को पुनः खोलना वाणिज्य दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है । इस संबंध में उल्लेखनीय है कि पहले कम टिकट बिक्री के कारण इस स्टेशन को बन्द कर दिया गया था किन्तु यात्री सुविधा की दृष्टि से आदेश वापस लिए गए एवं 1995 में हाल्ट स्टेशन के रूप में जारी रखा गया। किन्तु यात्री आय अत्यन्त कम रही एवं 2001 में इसे पुनः बन्द कर दिया गया। |
| 6 | अनूपगढ़ से हरिद्वार के मध्य ट्रेन शुरू की जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अनूपगढ़ स्टेशन पर पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है अतः गाड़ियों प्रारम्भ एवं टर्मिनेशन अनूपगढ़ स्टेशन से किये जाना परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7 | दिल्ली से सिरसा चलने वाली ट्रेन संख्या 14085 सिरसा एक्सप्रेस का विस्तार अनूपगढ़ (वाया भटिंडा) तक किया जाए तथा अनूपगढ़ से हनुमानगढ़ के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 59731 का विस्तार दिल्ली तक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अ) गाड़ी सं. 14085/86 तिलकब्रिज—सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्टेशन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है।<br>(ब) गाड़ी सं 59731/59712 अनूपगढ़ – सूरतगढ़ – बठिण्डा एवं गाड़ी सं. 59711/59734 बठिण्डा – सूरतगढ़ – अनूपगढ़ सवारी गाड़ी समाकेलित रेक लिंक में चलाये जाने एवम् इनका भटिण्डा में लाई ओवर 01 घण्टे 45 मिनिट होने के कारण इनका दिल्ली तक विस्तार परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| 8 | बीकानेर—हरिद्वार (गीता गंगा एक्सप्रेस) 14717 की सेवाएं सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को ही संचालित है इसकी दैनिक सेवाएं शुरू की जाए तथा इसका सीथल व श्रीडूंगरगढ़ में भी ठहराव किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 14717/18 बीकानेर—हरिद्वार त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाये जाने हेतु एक अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। साथ ही बीकानेर रेलवे स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा ही उपलब्ध होने के कारण बारम्बारता बढ़ाया जाना संभव नहीं है।<br>सींथल हाल्ट स्टेशन की यात्री उपयोगिता कम होने के कारण यात्री यातायात के बंद कर दिया गया है।<br>श्रीडूंगरगढ़ स्टेशन पर गाड़ी सं. 14717/18 बीकानेर—हरिद्वार (त्रिसाप्ताहिक) एक्सप्रेस का श्रीडूंगरगढ़ स्टेशन पर दिनांक 10.03.2019 से प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान कर दिया गया है। उक्त स्टेशन हेतु प्रतिगाड़ी प्रतिदिन की आय एवं यात्री भार क्रमशः 340 रूपये एवं 40 यात्री हैं। |
| 9 | जैसलमेर हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12371—72 का श्रीकोलायत में ठहराव किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में कोलायत स्टेशन पर 03 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव है। कोलायत स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 39 व आय 1826/— है जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से कम है अतः इस स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12371/72 हावड़ा—जैसलमेर एक्सप्रेस का वर्तमान में ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 10 | अंत्योदय एक्सप्रेस बीकानेर से बिलासपुर 14719–20 का लूनकरणसर ठहराव किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में लूणकरणसर स्टेशन पर 06 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। लूणकरणसर स्टेशन पर औसत यात्री 24 व आय 2077/– रुपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। फिर भी यात्री सुविधा के मध्यनजर इस कार्यालय के पत्र सं. टी–425/1/1(14719/20) दिनांक 26.07.18 के द्वारा गाड़ी सं. 14719/14720 बीकानेर–बिलासपुर एक्सप्रेस के लूणकरणसर स्टेशन पर ठहराव हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड भेजी गयी है। |
| 11 | सियालदाह–नई दिल्ली (दोरंतो एक्सप्रेस) 12259–60 का बीकानेर तक विस्तार प्रक्रियाधीन है । इसकी सेवाएं शीघ्र शुरू की जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12259/60 सियालदाह–नई दिल्ली दूरन्तो एक्सप्रेस (सप्ताह में चार दिन) के बीकानेर तक विस्तार हेतु कार्यवृत्त अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2019 में बनाये गये थे इस हेतु एक अतिरिक्त रेक की आवश्यकता होगी। रेलवे बोर्ड से अग्रिम कार्यवाही अपेक्षित है। |
| 12 | बीकानेर ईस्ट रेलवे स्टेशन पर 24 कोच वाशिंग लाईन की जरूरत है को शुरू करवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर में 24 कोच की 02 वाशिंग लाईन उपलब्ध है जो कि वर्तमान आवश्यकता के लिये प्रर्याप्त है। |
| 13 | हिसार–सिकदराबाद, 17038 का संचालन सप्ताह में दो दिन हो रहा है इसको दैनिक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 17037/17038 सिकंन्दराबाद – हिसार (द्वि–साप्ता.) एक्स. दक्षिण मध्य रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है, इस गाड़ी की बारंबारता बढ़ाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक, इंजन एवं मार्गस्थ रेलवे की सहमति प्राप्त कर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाना दक्षिण मध्य रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 14 | बीकानेर से दिल्ली के मध्य शताब्दी एक्सप्रेस तथा जनशताब्दी एक्सप्रेस चलाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर में सीमित अनुरक्षण सुविधा होने के कारण नई गाड़ी चलाये जाना वर्तमान में संभव नहीं है। वर्तमान में बीकानेर से दिल्ली के मध्य 05 एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित की जा रही है जिनमें 03 दैनिक, 01 साप्ताहिक एवं 01 त्रिसाप्ताहिक हैं जो वर्तमान यातायात को देखते हुए पर्याप्त हैं। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | उल्लेखनीय है कि अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में गाड़ी सं. 12259/60 सियालदाह–नई दिल्ली दुरन्तो एक्सप्रेस को सप्ताह में चार दिन बीकानेर तक विस्तारित करने की सहमति बनी है जिस पर कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| 15 | सूरतगढ़ में बंद पड़ी वाशिंग लाईन को पुनः शुरू की जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में सूरतगढ में किसी ट्रेन का प्राथमिक अनुरक्षण नही किया जा रहा है एवं श्रीगंगानगर (सूरतगढ से 137 किलोमीटर दूर) में 02 वाशिंग लाईन उपलब्ध है, जो कि सूरतगढ से होकर जाने वाली गाडियों के अनुरक्षण हेतु उपयोग ली जाती है। एवं वर्तमान की परिचालन आवश्यकतों के अनुरूप है। |
| 16 | जन्मभूमी एक्सप्रेस 19107–08 का ठहराव लूनकरणसर किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में लूणकरणसर स्टेशन पर 06 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। लूणकरणसर स्टेशन पर औसत यात्री 24 व आय 2077/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 19107/08 जन्मभूमि एक्सप्रेस का ठहराव लूणकरणसर स्टेशन पर दिये जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा के मध्यनजर इस कार्यालय के पत्र सं. टी–425/1/1(14719/20) दिनांक 26.07.18 के द्वारा गाड़ी सं. 14719/14720 बीकानेर–बिलासपुर एक्सप्रेस के लूणकरणसर स्टेशन पर ठहराव हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड भेजी गयी है। |
| 17 | श्रीगंगानगर नादेड़ एक्सप्रेस 17624 का ठहराव लूनकरणसर में किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में लूणकरणसर स्टेशन पर 06 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। लूणकरणसर स्टेशन पर औसत यात्री 24 व आय 2077/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 17623/24 बीकानेर–नानदेड़ का ठहराव लूणकरणसर स्टेशन पर दिये जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा के मध्यनजर इस कार्यालय के पत्र सं. टी–425/1/1(14719/20) दिनांक 26.07.18 के द्वारा गाड़ी सं. 14719/14720 बीकानेर–बिलासपुर एक्सप्रेस के लूणकरणसर स्टेशन पर ठहराव हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड भेजी गयी है। |
| 18 | बीकानेर दादर एक्सप्रेस 12489–90 का ठहराव नोखा में किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में नोखा स्टेशन पर 19जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं 02जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। नोखा स्टेशन पर औसत यात्री 50 व आय 19982/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | मानक के अनुरूप है। गाड़ी संख्या 12489/12490 बीकानेर – दादर (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस की औसत गति क्रमशः 55.12 एवं 55.73 प्रतिघण्टा है, उक्त सेवा का अतिरिक्त ठहराव दिये पर उक्त सेवा का सुपरफास्ट मानक बनाये रखा जाना संभव नहीं होगा। |
| 19 | सिकन्दराबाद से हिसार (17037–17038)/कोयम्बटूर से हिसार (22475–22476) का ठहराव सूड़सर किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सूडसर स्टेशन पर 03 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 04 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सूडसर स्टेशन पर औसत यात्री 54 व आय 886/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 17037/17038 सिकंन्दराबाद – हिसार (द्वि–साप्ता.) एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 22475/22476 कोयम्बटूर – हिसार – कोयम्बटूर (साप्ता.) एक्सप्रेस का ठहराव सूडसर स्टेशन पर दिये जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 20 | श्रीगंगानगर से तिरूचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस 22497–98 का ठहराव नोखा में किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में नोखा स्टेशन पर 19जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं 02जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। नोखा स्टेशन पर औसत यात्री 50 व आय 19982/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिकी एवं आय के मानक के अनुरूप है। गाड़ी संख्या 22475/22476 श्रीगंगानगर – त्रिच्चनापल्ली हमसफर एक्सप्रेस एक लम्बी दूरी की गाड़ी है अतः इस गाड़ी के अतिरिक्त ठहराव दिये पर इसकी समयपालना एवं औसत गति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। |
| 21 | बीकानेर हरिद्वार गीता गंगा एक्सप्रेस (14717–14718) का ठहराव नापासर व श्रीडूंगरगढ़ किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नापासर स्टेशन पर वर्तमान 03 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस एवं 04जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। जो वर्तमान यात्री यातायात को देखते हुए पर्याप्त है। अतिरिक्त गाड़ियों के ठहराव दिये जाने का वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता हैं।<br>श्रीडूंगरगढ़ स्टेशन पर गाड़ी सं. 14717/18 बीकानेर–हरिद्वार (त्रि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस का श्रीडूंगरगढ़ स्टेशन पर दिनांक 10.03.2019 से प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान कर दिया गया है। नापासर स्टेशन हेतु प्रतिगाड़ी प्रतिदिन की आय एवं यात्री भार क्रमशः 1672 रूपये एवं 60 यात्री हैं। श्रीडूंगरगढ़ स्टेशन हेतु प्रतिगाड़ी प्रतिदिन की आय एवं यात्री भार क्रमशः 45 रूपये एवं 05 यात्री हैं। |





Scanned by CamScanner

| 3. श्री कैलाश चौधरी | |
|---|---|
| 1 | Diversion of Train No. 4817 Bhagat Ki Kothi-Bandra Terminus Special via Samdari, Balotra-Baytu-Barmer.<br>**Remarks –**<br>गाड़ी सं. 04817/18 भगत की कोठी–बांद्रा टर्मिनस (द्वि–साप्ताहिक) स्पेशल गाड़ी नियमित अन्तराल से चलाई जा रही है। यह गाड़ी 14803/04 भगत की कोठी–अहमदाबाद के लाईओवर से चलाई जाती है। अतः इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस गाड़ी का बाड़मेर मार्ग परिवर्तन औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 2 | Non Stoppage of Ranikhet Express (15014) at Luni Jaisalmer.<br>**Remarks –**<br>वर्तमान में लूनी स्टेशन पर 24जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा 06जोड़ी सवारी गाड़ियों के साथ ही एक जोड़ी होली डे विशेष सेवा का ठहराव दिया हुआ है। लूनी स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार 43.70 व आय 7881.51/– रूपये है जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदण्डों से कम होने के कारण गाड़ी संख्या 15013/15014 काठगोदाम – जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव दिया जाना वर्तमान में वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 3 | Extension of Mandor Express (12461) to Badmer (via Samdari-Balotra-Baytu-Uttarlai-Barmer)<br>**Remarks –**<br>गाड़ी संख्या 12461/62 दिल्ली–जोधपुर–दिल्ली मंडोर एक्सप्रेस का बाड़मेर तक विस्तारण हेतु प्रस्ताव अन्तररेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में सम्मिलित किया गया था जिस पर पश्चिम रेलवे की सशर्त सहमति (एल.एच.बी. रेक कनवर्जन के साथ) दी गई है। उल्लेखनीय है कि एल.एच.बी. रेक कनवर्जन के पश्चात् गाड़ी संख्या 12461/12462 जोधपुर – दिल्ली मण्डोर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12915/12916 अहमदाबाद – दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस के रेक के साथ समाकेलित कर चलाई जा सकेगी। |
| 4 | Weekly operation of Yashwantpuram Train - to be operated bi-weekly.<br>**Remarks –**<br>वर्तमान में समदड़ी – भीलड़ी रेलखण्ड पर चार जोड़ी एक्स. (एक त्रि–साप्ता., एक द्वि–साप्ता. तथा दो साप्ता. गाड़ियॉ) तथा दो सवारी गाड़ियॉ (दैनिक) का संचालन किया जा रहा है।गाड़ी सं. 14805/06 बाड़मेर – यशवन्तपुर – बाड़मेर वातानुकूलित एक्स. नये एलएचबी रेक से चलाई जा रही है। इस गाड़ी को साप्ताहिक से द्विसाप्ताहिक किया जा सकता है इस हेतु अतिरिक्त रेक/इंजन तथा मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |



Scanned by CamScanner

| 4. श्री अर्जुन लाल मीना | |
|---|---|
| 1 | उदयपुर – अहमदाबाद ब्रोड गेज परिवर्तन हेतु कार्य को तीव्र गति प्रदान करवावें। उक्त परियोजना के कार्य करने की समय सीमा तय की जावे। उक्त परियोजना की प्रभावी मॉनीटरिंग की जावें तथा समय–समय पर कार्य की प्रगति से सम्बन्धित सांसद को अवगत करावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा नई रेल लाईन परियोजन (188.85 किमी.) वर्ष 2011–12 में स्वीकृत की गई थी तथा कार्य वर्ष 2014–15 में प्रारम्भ किया गया था । राजस्थान सरकार द्वारा रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा परियोजना हेतु अपनी हिस्सेदारी देने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण रेलवे बोर्ड द्वारा मार्च–2017 में इस परियोजना को यथास्थिति में रखते हुए फ्रीज करने का निर्णय लिया है । इस परियोजना पर अभी तक कुल 185.57 करोड़ रू. व्यय किये जा चुके हैं ।<br>उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना वर्ष 2008–09 में स्वीकृत की गई थी। उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । इस परियोजना पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अभी तक कुल 890.66 करोड़ रू. व्यय किये जा चुके हैं ।<br>रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूँगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा । शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा मार्च–2019 में पूर्ण किया जा चुका है । |
| 2 | उदयपुर–अहमदाबाद ब्रॉड गेज परिवर्तन में रेलवें स्टेशन अपग्रेडेशन की क्या स्थिति हैं।<br>**रिमार्क्स–**<br>उदयपुर–हिम्मतनगरआमान परिवर्तन में रेलवें स्टेशन वर्गीकरण इस प्रकार से है :–<br>उमरा– बी क्लास(4 लाईन), खरवाचंदा–बी क्लास (3 लाईन), जावर – बी क्लास (3 लाईन), पाड़ला–डी क्लास (हाल्ट), जयसमंद–बी क्लास (3 लाईन), सुरखंड का खेड़ा–डी क्लास (हाल्ट), सेमारी– बी क्लास(3 लाईन), कुन्दलगढ़– डी क्लास (हाल्ट), रिखबदेव– बी क्लास(3 लाईन), कोटाना– डी क्लास (हाल्ट), डूंगरपुर–, बी क्लास (5 लाईन), सालासाह थाना– डी क्लास (हाल्ट), श्रीभावनाथ– डी क्लास (हाल्ट), विच्छीवारा– बी क्लास (3 लाईन), जगाबोर– डी क्लास(हाल्ट), लुसाड़िया– बी क्लास (3 लाईन), सामलाजी रोड़– बी क्लास (4 लाईन), सुनाख– डी क्लास (हाल्ट), रायगढ़ रोड– बी क्लास (2 लाईन), विरावाड़ा– बी क्लास (3 लाईन) हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3 | उदयपुर–अहमदाबाद ब्रॉड गेज परिवर्तन के अन्तर्गत मार्ग में आने वाले (ROB) एवं (ROB) का निर्माण हाल ही में करवाया गया हैं परन्तु रेलगाड़ियों के संचालन से पहले ही अण्डर पास पुलिया में पानी भर गया है, जिससे स्थानीय क्षेत्रवासियों की आवाजाही बाधित हो रही है साथ ही अण्डर पास के हेतु बनायी गयी सड़के भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसको पुनः मरम्मत करायी जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी। साथ ही अण्डर पास के हेतु बनायी गयी कोई सड़क यदि क्षतिग्रस्त हुई है तो उसकी जांच कर मरम्मत करायी जायेगी। |
| 4 | जम्मूतवी (गरीबरथ) रेल जिसका संचालन की अवधि सीमा समाप्त हो गई थी उसको नियमित किया जावे।<br>**रिमार्क्स–**<br>जम्मूतवी–उदयपुर सिटी–जम्मूतवी साप्ताहिक हॉलिडे स्पेशल, गाड़ी सं. 12207/08 काठगोदाम– जम्मूतवी–काठगोदाम गरीब रथ के लाई–ओवर रेक से उत्तर रेलवे द्वारा ग्रीष्म एवं शीतकालीन अवसरों पर संचालित की जाती है। उक्त सेवा को नियमित करने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक – 2019 में सहमति बन चुकी है, अग्रिम कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| 5 | उदयपुर–दिल्ली सुबह के समय (मीटर गेज के समय चलती थी) (पिंकसिटी एक्सप्रेस) को पुनः चलाया जाये।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में उदयपुर सिटी से जयपुर के मध्य गाड़ी संख्या 12991 उदयपुर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 09722 उदयपुर–जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी चलाई जा रही है जोकि पूर्व में चालित पिंकसिटी एक्सप्रेस की आवश्यकता को पूर्ण करती है तथा इन गाड़ियों का जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 12413 अजमेर–जम्मूतवी पूजा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12016 अजमेर–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से मिलान भी उपलब्ध है।<br>वर्तमान में जयपुर से उदयपुर सिटी के मध्य गाड़ी संख्या 12992 जयपुर–उदयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 09721 जयपुर–उदयपुर सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी चलाई जा रही है जोकि पूर्व में चालित पिंकसिटी एक्सप्रेस की आवश्यकता को पूर्ण करती है तथा इन गाड़ियों से दिल्ली से जयपुर की ओर आने वाली गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी–अजमेर पूजा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19032 हरिद्वार–अहमदाबाद योगा एक्सप्रेस से मिलान भी |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त उदयपुरसिटी – दिल्ली के मध्य गाड़ी संख्या 12963/12964 मेवाड़ एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 12981/12982 चेतक एक्सप्रेस की दैनिक सेवा, गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुरसिटी – हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19601/19602 उदयपुरसिटी – न्यू जलपाईगुड़डी साप्ताहिक एक्सप्रेस एवम् गाड़ी संख्या 22985/22986 हमसफर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 19601 की सेवाएं उपलब्ध है। |
| 6 | दिल्ली–उदयपुर सुबह के समय (मीटर गेज के समय चलती थी) (पिंकसिटी एक्सप्रेस) को पुनः चलाया जाये।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में उदयपुर सिटी से जयपुर के मध्य गाड़ी संख्या 12991 उदयपुर–जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 09722 उदयपुर–जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी चलाई जा रही है जोकि पूर्व में चालित पिंकसिटी एक्सप्रेस की आवश्यकता को पूर्ण करती है तथा इन गाड़ियों का जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 12413 अजमेर–जम्मूतवी पूजा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 12016 अजमेर–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस से मिलान भी उपलब्ध है।<br>वर्तमान में जयपुर से उदयपुर सिटी के मध्य गाड़ी संख्या 12992 जयपुर–उदयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 09721 जयपुर–उदयपुर सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी चलाई जा रही है जोकि पूर्व में चालित पिंकसिटी एक्सप्रेस की आवश्यकता को पूर्ण करती है तथा इन गाड़ियों से दिल्ली से जयपुर की ओर आने वाली गाड़ी संख्या 12414 जम्मूतवी–अजमेर पूजा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19032 हरिद्वार–अहमदाबाद योगा एक्सप्रेस से मिलान भी उपलब्ध है।<br>इसके अतिरिक्त उदयपुरसिटी – दिल्ली के मध्य गाड़ी संख्या 12963/12964 मेवाड़ एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 12981/12982 चेतक एक्सप्रेस की दैनिक सेवा, गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुरसिटी – हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19601/19602 उदयपुरसिटी – न्यू जलपाईगुड़डी साप्ताहिक एक्सप्रेस एवम् गाड़ी संख्या 22985/22986 हमसफर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 19601 की सेवाएं उपलब्ध है। |
| 7 | कामली घाट रेलवे स्टेशन से मारवाड जंक्शन की रेलवे लाईन काफी पुरानी एवं हैरिटेज और घने जंगल में टनल के बीच में से निकल रही है इसे हैरिटेज लुक देकर इस मार्ग पर रेल बस कामली घाट से मारवाड जंक्शन तक पर्यटकों के लिये चलाई जावे जिससे देशी–विदेशी पर्यटकों को इसका लाभ मिल सकेगा।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में मावली मारवाड़ के मध्य 01 जोड़ी सवारी गाड़ी और 01 जोड़ी विशेष सवारी गाड़ी उपलब्ध है। इस संबंध में राज्य सरकार/आरटीडीसी के लिखित प्रस्ताव के लिए एक स्पेशल कोच बनाया गया था किन्तु पर्यटकों के अभाव में पर्यटन विभाग द्वारा इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया गया। |



Scanned by CamScanner

8 उदयपुर सिटी–हरिद्वार एक्सप्रेस 19609/19610 को सप्ताह में 6 दिन चलाया जाये। इस गाड़ी समय में उपर्युक्त परिवर्तन किया जाए। जिससे 1 घण्टा चित्तौडगढ़ में खड़ा न रहना पड़े। इस गाड़ी को वाया गोदी नगर, मेरठ होकर चलाया जाये। इससे यात्रीभार बढ़ेगा।

**रिमार्क्स –**

गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित चलाये हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस गाड़ी को दैनिक चलाये जाने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017, 2018 में प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। गाडी संख्या 19609 का चित्तौडगढ़ आगमन समय 15:40 एवं प्रस्थान समय 16:05 है। एवं गाड़ी संख्या 19610 का आगमन समय 114:00 एवं प्रस्थान समय 14:25 है।

9 उदयपुर–हिम्मतनगर–अहमदाबाद रेलखण्ड के बीच स्थित उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन एवं अन्य रेलवे स्टेशन पर वेन्डर के लाईसेन्स रेल विभाग द्वार प्रदान कर रखे है क्या इन आंवटन में SC, ST एवं OBC का आरक्षण प्रदान कर रखा हे। यदि दे रखा है तो मय सूची उपलब्ध करावें।इस लाईसेन्स प्रदान करने में ऐसा प्रतीत होता है वेण्डर पर कई जगह डमी उम्मीदवार कार्य कर रहे है। जो जॉच का विषय है।

**रिमार्क्स –** वर्तमान में यह खण्ड आमान परिवतन के कारण बंद है। आमान परिवर्तन से पूर्व उदयपुर–हिम्मत नगर खण्ड के स्टेशनों पर मिल्क एवं रिफ्रेशमेन्ट स्टालों सहित कुल 16 स्टाल आवंटित है। इन में से उदयपुर स्टेशन पर एससी वर्ग को 03, एसटी को 01 एवं ओबीसी को 01 स्टाल आवंटित है।

खानपान नीति 2017 के अनुसार उक्त खण्ड में आमान परितर्वन उपरान्त नियमानुसार आरक्षण के तहत आवंटन की जाने वाली स्टालो का वर्गीकरण निम्नानुसार है:–

| Station | SC | ST | OBC |
|---|---|---|---|
| Udaipur City | - | 01 | - |
| Umra | - | 01 | 01 |
| Kharwa Chanda | - | 01 | - |
| Zawar | - | 01 | 01 |
| Dungarpur | 01 | - | - |
| Lusadia | - | - | - |
| Raigarhrod | - | - | 01 |
| Semari | 01 | - | - |
| Shamlaji Road | 01 | - | - |
| Kotana | - | - | - |
| Virawada | - | 01 | 01 |
| Padla | - | - | 01 |
| Jaisamand Road | - | - | - |
| Rikhabdev Road | - | - | - |
| Jagabor | 01 | 01 | - |
| Bechhiwara | - | - | - |
| Surkhand Ka khera | - | - | - |
| Kundalgarh | - | - | - |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | आवंटन करते समय सभी पात्रता पूर्ण करने पर मूल आवेदन कर्ता को ही आवंटन किया जाता है। वैध आवंटित वैण्डर ही कार्य करने के लिए सक्षम है एवं अनाधिकृत वैण्डरों की नियमित रूप से रेलवे द्वारा जांच कर अवैध पाये जाने पर नियमानुसार, इस तरह की गतिविधियों को रोकने की कार्यवाही की जाती है। |
| 10 | उदयपुर से जोधपुर के मध्य कोई गाडी न होने से नागरिकों को बहुत असुविधा होती है साप्ताहिक गाड़ियों के खडे रैंक का उपयोग करके जोधपुर के लिए एक गाड़ी चलायी जा सकती है।<br>**रिमार्क्स –**<br>मीटर गेज के दौरान उदयपुर–जोधपुर के मध्य गाड़ियाँ सीधा रूट होने के कारण वाया मावली–मारवाड़ चलाई जाती थी । मावली–मारवाड़ खण्ड के आमान परिवर्तन के पश्चात ही इस प्रस्ताव पर विचार किया जाना संभव है। उदयपुर–जोधपुर वाया चित्तोडगढ़ अजमेर–मारवाड़/फुलेरा वैकल्पिक मार्ग अपेक्षाकृत लंबा होने एवं इंजन रिवर्सल, समय एवं किराया अधिक होने के कारण नई गाड़ी चलाये जाना वर्तमान में वाणिज्यिक एवं परिचालनिक कारणों से औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। |
| 11 | चेतक एक्सप्रेस 12982/12981 में पूरे वर्ष यात्री भार ज्यादा रहता है इस गाड़ी में कोच बढ़ाया जायें।<br>**रिमार्क्स –**<br>यात्री भार को देखते हुए समय समय पर उक्त गाड़ी अस्थाई रूप से कोच बढ़ाये जा रहे हैं। वर्तमान में उक्त गाड़ी में एक अतिरिक्त 3 एसी कोच अस्थाई तौर पर 30.09.2019 तक बढ़ाया हुआ है। |
| 12 | उदयपुर संभाग दक्षिण के लिए कोई रेल सेवा उपलब्ध नहीं हैं अतः एक गाड़ी उदयपुर से चैन्नई तक एक गाड़ी कोकण रेलवे से गुजरते हुए कन्याकुमारी के लिए चलाई जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर संभाग से दक्षिण भारत की ओर यात्रा करने हेतु गाड़ी संख्या 19603/19604 अजमेर – रामेश्वरम् साप्ताहिक एक्सप्रेस, 82653/82654 जयपुर – यशवन्तपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 17019/17020 जयपुर – हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस, 12719/12720 जयपुर – हैदराबाद द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवाएं उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त हाल ही में गाड़ी संख्या 19667/68 उदयपुर–मैसूर पैलेस क्वीन हम सफर एक्सप्रेस संचालित की गई है । उदयपुर–चैन्नई एवं उदयपुर – कन्याकुमारी नई गाड़ियां चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है । उल्लेखनीय है कि वैकल्पिक तौर पर उदयपुर से चैन्नई एवं कन्याकुमारी नई गाड़ी वाया अहमदाबाद भी चलाई जा सकती हैं, जिनके प्रस्ताव उदयपुर–हिम्मतनगर–अहमदाबाद खण्ड के आमान परिवर्तन के पश्चात भेजा जायेगा। |



N.W.R.
उ.प.रे
Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 13 | अजमेर–अमृतसर गाड़ी को उदयपुर सिटी तक बढाया जाये इसी प्रकार जम्मूतवी–कोटा एक्सप्रेस–19803 / 19805 को उदयपुर सिटी तक बढ़ाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 19611 / 12 एवं 19613 / 14 अजमेर–अमृतसर एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन कमशः सोमवार,बुधवार,गुरूवार एवं शनिवार को संचालित है। गाड़ी संख्या 19609 / 10 उदयपुर सिटी–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस सोमवार,गुरूवार एवं शनिवार को संचालित है। उक्त दोनों गाड़ियों के संचालन दिवस (तीन दिन) समान होने के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 19611 / 12 एवं 19613 / 14 अजमेर–अमृतसर एक्सप्रेस के संचालन दिवस परिवर्तित (मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार) कर उदयपुर तक विस्तारण हेतु प्रस्ताव उत्तर रेलवे व रेलवे बोर्ड को भेजा गया है । आगे की कार्यवाही उत्तर रेलवे व रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है।<br>गाड़ी संख्या 19803 / 04 कोटा–श्रीवैष्णोदेवी कटरा साप्ताहिक एक्सप्रेस कोटा मण्डल (पश्चिम मध्य रेलवे) के स्वामित्व की गाड़ी है। आपका सुझाव पश्चिम मध्य रेलवे को भेजा जा रहा है। |
| 14 | उदयपुर सिटी स्टेशन परिसर में एक दुकान दवाई हेतु खोली जाये। जिससे यात्रियों को भटकना न पड़े उदयपुर।<br>**रिमार्क्स –**<br>यात्रियों के लिए सामान्य दवा (ओटीसी) हेतु बहुउद्देशिय स्टाल का प्रावधान है। उदयपुर सिटी स्टेशन पर बहुउद्देशिय स्टाल आवंटन का परीक्षण कर उचित कार्यवाही की जायेगी। |
| 15 | रेलवे में यात्रा के दौरान पेन्ट्री द्वारा परोसे जाने वाले खान–पान की वस्तुओं पर गुणवत्ता, मात्रा, एवं मुल्य पर प्रभावी नियंत्रण रख कर उपभोक्ता को दी जाने वाली खान–पान की वस्तुओं का मूल्य, एवं मात्रा की रसीद प्रदान की जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गुणवता मात्रा एवं मूल्य पर प्रभावी नियंत्रण हेतु नियमित निरीक्षण किये जाते है । मानको से कम स्तर एवं मात्रा पाये जाने पर और अधिक मूल्य लिये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाती है । गाडियों में दर सूची एवं बिल अनिवार्यता सुनिश्चित करने हेतु रेल के डिब्बों पर संकेत भी लगाए जा रहे है एवं इस बात का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। गाडी में वेण्डरों की अनियमित्ता मिलने पर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। वर्तमान में गाडियों में पेन्ट्रीकार एवं कैटरिंग आईआरसीटीसी द्वारा संचालित की जा रही है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 16 | अजमेर रामेश्वरम जो रेलगाडी वर्तमान में संचालित है उसे उदयपुर से रामेश्वरम किया जावें ताकि उदयपुर दक्षिण भारत से जुड सके।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में गाड़ी सं. 19603/04 अजमेर–रामेश्वरम गाड़ी चित्तोड़गढ़ होकर रामेश्वरम से अजमेर आती है। चित्तोड़गढ़ से अजमेर की दूरी करीब 186 किमी है अतः इस गाड़ी को पुनः अजमेर से चित्तोड़ की ओर वापिस चलाना परिचालनिक दृष्टि व यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उचित नहीं रहेगा। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस गाड़ी का उदयपुर तक चलाये जाना उचित नहीं रहेगा। |
| 17 | उदयपुर सिटी– राणा प्रताप रेलवे स्टेशन के बीच नोखा ग्राम पुलिया संख्या 108/24 (पूर्व) एवं 108/25 (पश्चिम) के मध्य रेलवें लाईन विद्युतीकृत होने से गॉव वालों का शमशान घाट पटरी के दूसरे छोर होने से पटरी पार रना खतरे से खाली नहीं है। अतः ग्रामीणों को शमशान घाट आने जाने हेतु पटरी के नीचे से पैदल आवाजाही हेतु एक अण्डर पास बनवाने की स्वीकृति प्रदान करावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त प्रस्तावित लोकेशन गॉव नोखा अजमेर मंडल के चित्तौड–उदयपुर खण्ड पर उदयपुर–राणा प्रताप नगर के मध्य कि.मी.108/9–109/0 पर स्थित है। उक्त लोकेशन पर कोई समपार फाटक नहीं है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अण्डरपास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अण्डरपास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यद्यपि प्रस्तावित लोकेशन के दोनो तरफ कि.मी. 107/4–5 तथा कि.मी. 109/5–6 पर आमजन के आवागमन हेतु सबवे उपलब्ध है। |
| 18 | उदयपुर अहमदाबाद निर्माणाधीन ब्रॉडगेज पर उमरड़ा गॉव के (क्रॉसिंग स्थान–पोल नं. 19 व 130 किलोमीटर) पर रेलवे पुलिया की आवश्यकता है। यदि रेलवे पुलिया निर्माण नहीं किया जा सकता है तो वर्तमान में जो अण्डर पास बना हुआ है उसको स्थानीय क्षेत्रवासियों के आवाजाही हेतु खोला जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>प्रस्तावित लोकेशन ग्राम पंचायत के वार्ड न0 11 व 12 के गाव मानपुरा व नाका के बीच कि.मी. 130/3–4 पर स्थित रेलवे की पुलिया नम्बर 250 आम रास्ता/अण्डरपास नहीं है। उक्त पुलिया पानी के बहाव की निकासी हेतु है। उक्त पुलिया से ग्रामीणों को पैदल आने–जाने की स्वीकृति नहीं दी जा सकती है। क्योंकि यह सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं है। रेलवे नियमानुसार प्रस्तावित लोकेशन पर अन्डर पास का निर्माण |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अन्डर पास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण जागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीध्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 19 | जयपुर से उदयपुर के बीच एक इंटरसिटी रेल 09721 संचालित है जो प्रातः 6.15 जयपुर से 1.15 पीएम पर उदयपुर पहुंचती है तथा उदयपुर (09722) से 3.00 पीएम पर रवाना जयपुर होकर रात्रि 10.30 बजे जयपुर पहुंचती है। इसी प्रकार उदयपुर से प्रातः 6.00 बजे रेल 12991 रवाना होकर 1.30 पीएम पर जयपुर पहुंचती है तथा वापसी जयपुर से (12992) 2.00 पीएम जयपुर से रवाना होकर 9.30 पीएम उदयपुर पहुंचती है। वर्तमान समय सारणी के अनुसार यह ट्रेने इंटरसिटी न होकर एक अतिरिक्त रेल सुविधा मात्र है। यदि इनका समय जयपुर एवं उदयपुर से प्रातः 5.00 बजे से प्रारम्भ कर 11.30 बजे पहुचने तथा इसी प्रकार शाम को 5.00 बजे जयपुर एवं उदयपुर से रवाना कर रात्रि 11 बजे पहुंचने का निर्धारित कर दिया जावे तो उदयपुर, चित्तौड, भीलवाड़ा, अजमेर एवं जयपुर के यात्रीगण के लिये सुविधाजनक होगा तथा वे अपने कार्यो का निस्तारण कर एक ही दिवस में वापस जयपुर/उदयपुर पहुंच सकेगें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी सं. 12991/12992 उदयपुर सिटी–जयपुर–उदयपुर सिटी सुफा एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण उदयपुर सिटी स्टेशन पर तथा गाड़ी संख्या 09721/09722 जयपुर–उदयपुर सिटी–जयपुर हॉलिडे स्पेशल का प्राथमिक अनुरक्षण जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे से 05.00 बजे की पारी में किया जा रहा है। उक्त दोनों गाड़ियों के डिपो स्टेशन को छोड़ द्वितीय छोर पर लाई–ओवर कमशः जयपुर स्टेशन पर गात्र 30 मिनट तथा उदयपुर सिटी स्टेशन पर मात्र 01.50 घण्टे है। यदि लाई–ओवर अवधि 4–5 घण्टे तक बढ़ायी जाती है एवं सुझावित समय सारणी अनुसार गाड़ियों का संचालन किया जाता है तो इनके अनुरक्षण हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं हो पायेगा। जयपुर से उदयपुरसिटी की दूरी लगभग 429किमी है तथा गाड़ी संख्या 09721/09722 का यात्रा समय 07 घंटे 15 मिनिट/ 07 घंटे 10मिनिट है, इस सेवा की औसत गति 59किमी प्रति घंटे की है। यह सेवा अजमेर से उदयपुरसिटी लगभग 300 किमी पर इकहरी लाईन रेलखण्ड पर संचालित है। इस रेलखण्ड का दोहरीकरण होने पर यात्रा समय में बचत होने पर आपके सुझाव पर विचार किया जायेगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 20 | वर्तमान में दक्षिण भारत के किसी भी बड़े रेलवे स्टेशन से उदयपुरवासियों के लिए साप्ताहिक एक रेल गाड़ी संचालित है। इसके लिए उन्हें अन्य शहरों से जाकर रेल यात्रा करनी पड़ती है। उदयपुर से रतलाम होते हुए चैन्नई, बैंगलूरू, हैदराबाद के लिए संचालन करवाये जाने हेतु अनुरोध है।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर संभाग से दक्षिण भारत की ओर यात्रा करने हेतु गाड़ी संख्या 19603/19604 अजमेर –. रामेश्वरम् साप्ताहिक एक्सप्रेस, 82653/82654 जयपुर – यशवन्तपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 17019/17020 जयपुर – हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस, 12719/12720 जयपुर – हैदराबाद द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस की सेवाएं उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त हाल ही में गाड़ी संख्या 19667/68 उदयपुर–मैसूर पैलेस क्वीन हम सफर एक्सप्रेस संचालित की गई है । उदयपुर–चैन्नई एवं उदयपुर –कन्याकुमारी नई गाड़ियां चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है । उल्लेखनीय है कि वैकल्पिक तौर पर उदयपुर से चैन्नई एवं कन्याकुमारी नई गाड़ी वाया अहमदाबाद भी चलाई जा सकती हैं, जिनके प्रस्ताव उदयपुर–हिम्मतनगर–अहमदाबाद खण्ड के आमान परिवर्तन के पश्चात भेजा जायेगा। |
| 21 | उदयपुर से सियालदाह एवं जलपाईगुड़ी के लिये सप्ताह में एक दिन रेलगाडी का संचालन हो रहा है। इसे कृपया सप्ताह में तीन दिन करने हेतु अनुरोध है।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12316/15 उदयपुर सिटी–कोलकाता (साप्ताहिक) एवं गाड़ी संख्या 19601/02 उदयपुर सिटी–न्यू जलपाईगुड़ी (साप्ताहिक) की बारम्बारता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त रेक/ लोको की आवश्यकता के साथ–साथ मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि उदयपुर सिटी स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मध्यनजर उक्त गाड़ियों की बारम्बारता बढ़ाये जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 22 | अहमदाबाद ब्रॉडगेज ट्रेक पर ग्राम पंचायत के वार्ड नं0. 11 व 12 के गॉव मानपुरा व नाका के बीच तथा पेल सं कि.मी. 19 व कि. मी 130 पर स्थित रेलवे की पुलिया अण्डरपास बना हुआ है। जिसका उपयोग वर्षा के पानी निकासी हेतु रेलवे विभाग द्वारा किया जायेगा स्थानीय ग्रामवासियों की मांग है। कि उक्त अण्डर पास पुलिया से ग्रामीण को पैदल आने जाने की स्वीकृति प्रदान करावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>प्रस्तावित लोकेशन ग्राम पंचायत के वार्ड न0 11 व 12 के गाव मानपुरा व नाका के बीच कि.मी. 130/3–4 पर स्थित रेलवे की पुलिया नम्बर 250 आम रास्ता/अण्डरपास नहीं है। उक्त पुलिया पानी के बहाव की निकासी हेतु है। उक्त पुलिया से ग्रामीणों को पैदल आने–जाने की स्वीकृति नहीं दी जा सकती है। क्योंकि यह सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से |

| | |
|---|---|
| | भी उचित नहीं है। रेलवे नियमानुसार प्रस्तावित लोकेशन पर अन्डर पास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अन्डर पास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण जागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीध्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 23 | उदयपुर–अहमदाबाद ब्रॉडगेज पर सविना में स्थित पुराना गेट नंबर 79पी व पुल नम्बर 189 के बीच पूर्व में रेलवे फाटक थी ब्रॉडगेज लाईन बनने के बाद इस पर अण्डर ब्रीज बनाया गया इस कारण वर्षा ऋतु में पानी भर जाता है। जिससे क्षेत्र वासियो का पैदल आवागमन बाधित होता है । अतः क्षेत्र वासियों की मांग के आधार पर अण्डर ब्रिज के समीप ही पैदल राहगीरों के लिए आने जाने का रास्ता बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>जिला प्रशासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदान किये जाने पर फाटक सं. 79 पर 2x4x3.00 मीटर का आने जाने के लिए अलग आर.बी.यू. बना दिया गया है । पुल सं. 189 व फाटक सं. 79 के मध्य उपरोक्त जगह पर अनाधिकृत्त ट्रेसपासिंग होती है जिसको रेलवे द्वारा फेंसिंग लगाकर रोका जाना प्रस्तावित है । पुल सं 189 पर गंदे पानी का नाला होने के कारण हमेशा चलता रहता है तथा ट्रैक पासिंग लोकेशन से 200 मीटर पर आर.यू.बी. स्थित है जो कांलोनी वासियों के अपोजिट साईड को घूमकर जाने का रास्ता है । अतः उपरोक्त स्थान पर वाटर लांगिंग एरिया होने के कारण अण्डर पास पुल तकनीकी रूप से फिजिबल नहीं है । |
| 24 | गाड़ी संख्या 19329/19329 इन्दौर उदयपुर सिटी जो कि उदयपुर सिटी स्टेशन पर सुबह 05.05 पर आती है एवं वापसी में इन्दौद के लिए रात्रि 20.35 पर प्रस्थान करती है। इसका रेक उदयपुर स्टेशन पर पूरे दिन उपलब्ध रहता है इसलिए इस रेक से एक गाड़ी उदयपुर सिटी से कोटा एवं वापसी उदयपुर सिटी चलायी जा सकती है जिससे उदयपुर से चित्तौडगढ व कोटा जाने वाले प्रतिदिन यात्रियों को एक नियमित सुविधा उपलव हो सकेगी।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी सं. 19329/30 इन्दौर–उदयपुर वीरभूमि एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है तथा इस गाड़ी का रेक अन्य गाड़ी सं. 19309/10 इंदौर–गांधीनगर एक्सप्रेस के साथ अन्तर्बद्ध है।<br>इस गाड़ी के उदयपुर स्टेशन पर उपलब्ध लाई ओवर (15.20 घण्टे) को उपयोग करते हुए इसे रतलाम स्टेशन तक चलाये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य प्राप्त हुआ है। अतः इस गाड़ी को पूजा/ दीपावली सीजन में रतलाम तक हॉलिडे स्पेशल के रूप में चलाये जाने हेतु प्रस्ताव पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 25 | उदयपुर सिटी से हरिद्वार चलने वाली गाड़ी सप्ताह में तीन दिन चलती है, जिसे नियमित चलाकर दिल्ली व हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की मांग पूरी की जा सके।<br>**रिमार्क्स–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस का विस्तार उदयपुर सिटी तक दिनांक 24.07.2017 से कर दिया गया है इसे दैनिक रूप से चलाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस हेतु आपका सुझाव रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेज दिया गया है। उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाने हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2017, 2018 में स्वीकृति हेतु भेजा गया था, लेकिन उत्तर रेलवे ने सहमति प्रदान नहीं की। |
| 26 | 12981/12982 चेतक एक्सप्रेस में एसी कोच कम होने के कारण उदयपुर सिटी एवं भीलवाड़ा से चलने वाले यात्रियों को आरक्षण उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसलिए इसमें एक ACI CUM ACII कोच लगाया जाये जिससे गुडगांव व दिल्ली जाने वाले यात्रियों को सुविधा उपलब्ध हो सके।<br>**रिमार्क्स –**<br>यात्री भार को देखते हुए समय समय पर उक्त गाड़ी अस्थाई रूप से कोच बढ़ाये जा रहे हैं। वर्तमान में उक्त गाड़ी में एक अतिरिक्त 3एसी कोच अस्थाई तौर पर 30.09.2019 तक बढ़ाया हुआ है। |
| 27 | उदयपुर सिटी स्टेशन का सबरबन स्टेशन राणा प्रताप नगर है। राणा प्रताप नगर से काफी यात्री चढ़ते व उतरते है। उदयपुर सिटी स्टेशन से मैसूर एवं पाटली पुत्र के लिए चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस का ठहराव राणा प्रताप नगर स्टेशन पर नहीं होने के कारण सभी यात्रियों को उदयपुर सिटी स्टेशन पर आना पड़ता है। उतः हमसफर गाड़ियों का ठहराव राणा प्रताप नगर स्टेशन पर किया जायें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में राणाप्रताप नगर स्टेशन पर 13 जोड़ी एक्सप्रेस तथा 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है।<br>उदयपुर से राणाप्रताप नगर स्टेशन की दूरी मात्र 05 किमी है जिससे यात्री उक्त सेवा का लाभ उदयपुर स्टेशन से प्राप्त कर सकते हैं। हमसफर गाड़ियों के कम दूरी में अधिक ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो यात्रियों के लिए असुविधाजनक होगा। उक्त स्टेशन हेतु प्रतिगाडी, प्रतिदिन की आय एवं यात्री भार कमशः 3040 रूपये एवं 33 यात्री हैं। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 28 | उदयपुर सिटी स्टेशन में प्लेटफार्म 2,3,4 व 5 पर एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है अतः उपलब्ध करवाई जायें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर सिटी स्टेशन में प्लेटफार्म सं 1 पर 2 एक्सेलेटर लगे हुए हैं व प्लेटफार्म सं 2/3 पर एक लिफ्ट लगी हुई है।<br>इसके अतिरिक्त 2 लिफ्ट स्टेशन रीडेवेलपमेन्ट के अन्तर्गत प्लेटफार्म सं 1 व 4/5 के लिए तथा 01 लिफ्ट सेकेण्ड एन्ट्री के लिए स्वीकृत है जो कि 30 सितम्बर 2020 तक लगा दी जायेंगी। |
| 29 | हिम्मतनगर से रायगढ़ स्टेशन तक आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो गया है, इसकी डूँगरपुर तक पूर्ण करवाकर अहमदाबाद से डूँगरपुर रेल यातायात प्रारम्भ करवाया जायें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर–अहमदाबाद आमान परिवर्तन परियोजना (299.20 किमी.) के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । उदयपुर–हिम्मतनगर खंड की अनुमानित लागत 1214.89 करोड़ रूपये हैं तथा अब तक कुल 890.66 करोड़ रूपये व्यय कर दिये हैं । रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूँगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा । शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है । हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा पूर्ण किया जा चुका है । |
| 30 | उदयपुर शहर पर्यटक स्थल है अतः उदयपुर सिटी स्टेशन पर एसी वेटिंग रूम या लांज की व्यवस्था की जायें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर सिटी स्टेशन पर 02 वेटिंग रूम उपलब्ध जो ए.सी. है। लॉज की व्यवस्था हेतु आईआरसीटीसी से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । |
| 31 | उदयपुर अहमदाबाद ब्रॉडगेज पर श्यामलाजी से मोड़ासा जिसकी दूरी लगभग 16 किमी है को सर्वे करवाकर इस मार्ग पर ब्रॉडगेज का निर्माण होता है तो नडियाड होकर मुम्बई की दूरी कम हो जायेगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नडीयाद–मोड़सा–शामलाजी नई रेल लाईन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 32 | उदयपुर सिटी से वाया गोगुन्दा पिण्डवाडा (सिरोही रोड़) रेलवे स्टेशन तक जिसकी दूरी लगभग 100 किमी है का सर्वे करवाकर नई रेलवे लाईन बिछाने का कार्य किया जावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मारवाड़ –बागरा सिरोही रोड़ –खारवाचंदा–उदयपुर नई रेल लाईन का RECT Survey पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 29.03.2017 को भेज दी गई है । इसकी लंबाई – 267.20 किमी, लागत–6625.99 करोड़ रूपये तथा आरओआर (–) 6.20 प्रतिशत है । रेलवे बोर्ड ने इस परियोजना को अलाभप्रद मानते हुए दिनांक 08.08.2017 को ड्राप कर दिया है । |
| 33 | डूंगरपुर वाया बांसवाडा रतलाम रेलवे परियोजना का निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ किा जावें। परियोजना की सम्पूर्ण राशि का व्यय भारत सरकार (रेलवे मंत्रालय) द्वारा तहन यिका जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा नई रेल लाईन परियोजन (188.85 किमी.) वर्ष 2011–12 में स्वीकृत की गई थी तथा कार्य वर्ष 2014–15 में प्रारम्भ किया गया था । राजस्थान सरकार द्वारा रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा परियोजना हेतु अपनी हिस्सेदारी देने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण रेलवे बोर्ड द्वारा दिनांक 22.03.17 को इस परियोजना को यथास्थिति में रखते हुए फ्रीज करने का निर्णय लिया है । इस परियोजना पर अभी तक कुल 185.57 करोड़ रू. व्यय किये जा चुके हैं । |
| 34 | उदयपुर मावली–मारवाड जोधपुर को ब्रोडगेज से जोड़ा जावें ताकिं इस जनजाति उपयोजना क्षेत्र के निवासियों को राजस्थान हाईकार्ट जोधपुर आने जाने में सुविधा मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मावली –मारवाड़ आमान परिवर्तन परियोजना (151.65 किमी.)वर्ष 2017–18 में स्वीकृत हुई थी । इसकी अनुमानित लागत 2654.03 करोड़ रू. है । इस परियोजना हेतु एफएलएस सर्वे के कार्य का टेण्डर दिनांक 18.12.17 को अवार्ड कर दिया गया है तथा वर्तमान में एफएलएस सर्वे का कार्य प्रगति पर है । इस परियोजना हेतु अभी तक Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) स्वीकृति अपेक्षित है । इस परियोजना में पड़ने वाले वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र में सर्वे करने हेतु वन विभाग से अनुमति मांगी गई है। लेकिन अभी तक अनुमति नहीं मिली है । जिसके कारण एफएलएस सर्वे का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है । |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 35 | अन्य क्षेत्रों से अहमदाबाद तक संचालित रेलगाड़ियों को डूंगरपुर (राजस्थान) रेलवे स्टेशन तक बढाई जावें। <br>**रिमार्क्स –** <br>वर्तमान में उदयपुर–हिम्मतनगर–अहमदाबाद खण्ड के आमान परिवर्तन का कार्य चल रहा है। उक्त आमान परिवर्तन कार्य पूर्ण होने के पश्चात परिचालनिक संभाव्यता एवं वाणिज्यिक औचित्य की जाचं कर अहमदाबाद तक संचालित गाड़ियों को डूंगरपुर तक बढ़ाये जाने हेतु कार्यवाही पर सकारात्मक विचार किया जायेगा। |
| 36 | उदयपुर अहमदाबाद निर्माणाधीन ब्रॉडगेज पर सविना (हिरण मंगरी से 09) रेलवे फाटक संख्या 80 पर रेलवे विभाग द्वारा ओसार ब्रिज निर्माण किया गया। इस पुलिया का तकनीकी निर्माण इस प्रकार किया गया की इस पर आने जाने वाले नागरिक एवं राहगीरों गलत दिशा में पुलिया पार करते हैं जिससें कि प्रायः दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इस पुलिया पर आपके तकनीकी अधिकारी द्वारा पुनः परीक्षण करा मार्ग को इस तरह व्यवस्थित कर दिशा सूचक लगावें जिससे कि राहगीर सही दिशा से पुलिया पार कर सकें। <br>**रिमार्क्सः–** <br>उदयपुर अहमदाबाद निर्माणाधीन ब्रॉडगेज पर सविना (हिरण मगरी) रेलवे फाटक संख्या 80 पर रेलवे विभाग द्वारा आर.ओ.बी. बनाया गया है । इस आर.ओ.बी का शहर एवं उपलब्ध नजदीकी सड़क की ढलान (ग्रेड) को ध्यान में रख कर निर्माण किया गया है । जो तकनीकी रूप से सही है । इस आर.ओ.बी. के निर्माण के दौरान स्थानीय यूआईटी के अधिकारियों के द्वारा भी किये गये संयुक्त निरीक्षण में भी इसे तकनीकी रूप से सही गया था । इस आर.ओ.बी. पर पिछले 4 माह से यातायात सुगम रूप से चल रहा है । इस आर.ओ.बी. पर गति सीमा बोर्ड, कर्व बोर्ड तथा "यू" टर्न बोर्ड भी आवश्यकतानुसार लगा दिये गये हैं । |
| 37 | उदयपुर से जयपुर के लिए वर्तमान में संचालित रात्रि ट्रेन संख्या 19665 खजुराहों तक संचालित है। उदयपुर से जयपुर की यात्रा के समय तो यह रेल अधिकांशतः समय पर प्रस्थान करती है किन्तु जयपुर से उदयपुर के यात्रा के लिए सभी यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है, क्योंकि खजुराहो से जयपुर पहुचते समय यह रेल 2 से 3 घण्टे विलम्ब से पहुंचती है। जबकि रात्रि को इसका जयपुर समय 10.50 है जो कई बार रात्रि को 2–3 बजे जयपुर पहुंचती है। अतः कृपया उक्त रेल को आगरा से उदयपुर के लिए संचालित कराई जावें जिससे इस रेल का संचालन समयबद्ध हो सके। <br>**रिमार्क्सः–** <br>गाड़ी सं. 19665 खजुराहो–उदयपुर वर्तमान में खजुराहो से 09.25 बजे चलकर 22.50 बजे जयपुर आती है तथा जयपुर से 23.00 बजे चलकर उदयपुर 06.35 बजे पहुंचती है। उक्त समय वर्तमान रूट के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रखा गया है, यदि इस |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | गाड़ी को आगरा से शॉर्ट टर्मिनेट कर चलाया जायेगा तो वर्तमान रूट खजुराहो–आगरा के यात्रियों में असन्तोष होगा तथा जयपुर/उदयपुर–खजुराहो की सुविधा से भी वंचित होना पड़ेगा।<br>अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में गाड़ी सं. 19665 खजुराहो–उदयपुर को आगरा से उदयपुर चलाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 38 | वर्तमान में उदयपुर सिटी स्टेशन पर केवल एक रिफ्रेशमेंट कम है अतः एक फूड प्लाजा की व्यवस्था की जावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर सिटी सटेशन पर फूड प्लाजा हेतु स्थान की उपलब्धता है तथा इस क्रम में आईआरसीटीसी द्वारा इसके आवंटन हेतु निविदा की गई है जो दिनांक 23.09.2019 को खुलेगी। |



N.W.R. उ.प.रे

| 5. श्री बालक नाथ | |
|---|---|
| 1 | जनहित में गाडी नं. 12957/12958 अप–डाउन स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस (दिल्ली–अहमदाबाद) जोकि अलवर होकर गुजरती है। अलवर शहर की जनसंख्या लगभग 5 लाख से अधिक होने के कारण उक्त रेलगाडी का ठहराव अलवर जंक्शन पर किया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में अलवर स्टे. पर 30 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 05 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी का ठहराव है। अलवर स्टेशन पर औसत यात्री व आय कमशः 190.69 व 18910.86/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है। गाड़ी सं. 12957/58 अहमदाबाद– नई दिल्ली राजधानी एक्स. एक तीव्र गति की महत्वपूर्ण गाड़ी है जो अत्यन्त संकुचित समय सारणी पर चलाई जा रही है, इस गाड़ी के अधिक ठहराव दिये जाने के कारण इसकी समयबद्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा अतः इस गाड़ी का अलवर स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |
| 2 | जनहित में गाडी संख्या 12461/12462 दिल्ली–जोधपुर मण्डोर एक्सप्रेस एवं गाडी नं. 12403/12404 जयपुर इलाहाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस का ठहराव जिला–अलवर में रेलवे स्टेशन–राजगढ़ में ठहराव किया जावें। तथा टहला रोड स्थित रेलवे फाटक एवं राजगढ के औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित फाटक पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में राजगढ स्टे. पर 11 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी का ठहराव है। राजगढ़ स्टेशन पर औसत यात्री व आय कमशः 107.18 व 5095.77/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है। जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 12461/62 दिल्ली – जोधपुर मण्डोर एक्सप्रेस व गाड़ी सं. 12403/04 जयपुर–इलाहवाद–जयपुर एक्सप्रेस का राजगढ स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 12403/04 जयपुर–इलाहबाद–जयपुर एक्सप्रेस के राजगढ़ स्टेशन पर ठहराव हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड को इस कार्यालय के पत्र दिनांक 09.02.2017 द्वारा भेजी गयी है।<br><br>जयपुर मंडल के रेवाड़ी–जयपुर खण्ड पर टहला रोड स्थित समपार सं. 140 कि.मी. 110/1–2 पर स्थित है। उक्त समपार के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण का कार्य वर्ष 2018–19 में स्वीकृत है। यद्यपि राजस्थान सरकार द्वारा राज्य के बजट में इस कार्य का स्वीकृत होना शेष है। इस संबंध में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के साथ दिनांक 30.08.2019 को महाप्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे की बैठक में भी इस |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | कार्य को राज्य सरकार द्वारा अपने बजट में स्वीकृत करने हेतु शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया गया।<br>जयपुर मंडल के रेवाड़ी–जयपुर खण्ड पर राजगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित समपार सं. 142 कि.मी. 111/6–7 पर स्थित है। उक्त समपार के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण का कार्य वर्ष 2015–16 में स्वीकृत है।उक्त कार्य का निष्पादन एकल इकाई आधार पर किया जाना है। |
| 3 | अ – जनहित में गाडी संख्या 15013/15014 रानीखेत एक्सप्रेस का जिला–अलवर में रेलवे स्टेशन–मालाखेडा में ठहराव किया जावें। ग्राम मालाखेडा में रेलवे स्टेशन ब्रिटिश काल से है। इसका ब्राडगेज लाईन एवं दोहरीकरण लाईन बनने के उपरान्त भी स्थानीय निवासियों को रेल सुविधा नगण्य है। ग्राम मालाखेडा में आईटीबीपी ट्रेनिंग सेंटर एवं 90 गॉव की आबादी है।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में मालाखेड़ा स्टे. पर 03 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी का ठहराव है। मालाखेड़ा स्टेशन पर औसत यात्री व आय क्रमशः 61.78 व 1674.87/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है। जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 15013/14 रानीखेत एक्स. का मालाखेड़ा स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 15013/14 जैसलमेर–काठगोदाम रानीखेत एक्स. का राजगढ़ स्टेशन पर ठहराव दिनांक 09.03.2019 से किया गया है।<br><br>ब – जिला–अलवर के अंतर्गत ग्राम हरसौली एवं आस–पास के गॉवों की आबादी 1.5 लाख से अधिक है। इस संबंध में पूर्व में स्थानीय नागरिकों द्वारा पूर्व सांसद महंत चॉदनाथ योगी जी को भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है। अतः जनहित में रेलवे–हरसौली में गाडी संख्या 15013/15014 रानीखेत एक्सप्रेस का ठहराव किया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में हरसोली स्टेशन पर 02 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी का ठहराव है। हरसोली स्टेशन पर औसत यात्री व आय क्रमशः 53.94 व 1243.69/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 15013/14 रानीखेत एक्स. का हरसोली स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 4 | जनहित में गाडी संख्या 12461/12462 दिल्ली–जोधपुर मंडोर एक्सप्रेस का बाडमेर तक विस्तार होने पर जिला–अलवर के रेलवे स्टेशन खैरथल में ठहराव किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में खैरथल स्टेशन पर 15 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी का ठहराव है। खैरथल स्टेशन पर औसत यात्री व आय क्रमशः 113.31 व 4471.06/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 12461/62 जोधपुर–दिल्ली मण्डोर एक्सप्रेस का खैरथल स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 5 | अलवर से मथुरा रेलवे लाईन पर जाडोली का बास में फाटक सं. 84.85 जोकि जिछले काफी महिनों से बंद है। यह रास्ता गोविन्दगढ और स्टेट हाईवे से जुडता है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। अतः जनहित में इसको अतिशीघ्र खुलवाने की स्वीकृति जारी करें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त क्षेत्र उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है अतः उक्त पर कार्यवाही उत्तर मध्य रेलवे से अपेक्षित है। |
| 6 | अलवर मथुरा की कलाईन पर संचालित गाडियों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। अलवर जंक्शन से मथुरा जक्शन के लिए प्रातः 5 बजे रेलगाडी प्रारम्भ की जावें। जनहित में जो गाडियां मथुरा जंक्शन तक सीमित है उन्हें आगे बढाकर अलवर जंक्शन तक किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में अलवर से मथुरा के मध्य 01 जोडी सुपरफास्ट (गाडी सं. 12403/04 जयपुर–इलाहबाद दैनिक) तथा तीन जोडी दैनिक सवारी गाडियों (गाडी सं. 54791/92 भिवानी–मथुरा, 51971/72 मथुरा–अलवर, तथा 51973/74 जयपुर–मथुरा) का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में अलवर स्टेशन पर सामान्य अनुरक्षण एवं रख–रखाव तथा कर्मीदल के विश्राम हेतु मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। अतः अलवर स्टेशन से नई गाड़ियां संचालित किये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। अलवर – मथुरा खण्ड एवं मथुरा स्टेशन भी उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में स्थित है अतः अलवर से मथुरा से गाड़ियों का संचालन किये जाना उत्तर मध्य रेलवे का क्षेत्राधिकार है। यदि उत्तर मध्य रेलवे से इस प्रकार का कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है उस पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जांच कर विचार किये जाना संभव है। |
| 7 | मथुरा जंक्शन से अलवर जंक्शन के लिए सांय के समय कोई भी रेलगाडी नहीं है अतः जनहित में सांय 4 या 5 बजे मथुरा जंक्शन से अलवर जंक्शन के लिए रेलगाडी प्रारंम्भ की जावें। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में मथुरा से अलवर के मध्य 01 जोडी सुपरफास्ट (गाडी सं. 12403/04 जयपुर–इलाहबाद दैनिक) तथा तीन जोडी दैनिक सवारी गाडियों (गाडी सं. 54791/92 भिवानी–मथुरा, 51971/72 मथुरा–अलवर, तथा 51973/74 जयपुर–मथुरा) का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में अलवर स्टेशन पर सामान्य अनुरक्षण एवं रख–रखाव तथा कर्मीदल के विश्राम हेतु मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। अतः अलवर स्टेशन से नई गाड़ियां संचालित किये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। मथुरा – अलवर खण्ड एवं मथुरा स्टेशन भी उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में स्थित है अतः मथुरा से अलवर गाड़ियों का संचालन किये जाना उत्तर मध्य रेलवे का क्षेत्राधिकार है। यदि उत्तर मध्य रेलवे से इस प्रकार का कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है उस पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा जांच कर विचार किये जाना संभव है। |
| 8 | अलवर मथुरा रेलवे लाईन गेट नं. 96 पर अण्डर पास बनना अति आवश्यक है।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त क्षेत्र उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है अतः उक्त पर कार्यवाही उत्तर मध्य रेलवे से अपेक्षित है। |
| 9 | जनहित में अलवर जिले के रामगढ एवं गोविन्दगढ रेलवे स्टेशन पर गाडी नं. 12403/12404 जयपुर इलाहाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस का ठहराव किया जावे क्योंकि रामगढ, फिरोजपुरझिरका, नूँह व पूरे मेवात रामगढ से अलवर जाकर इस ट्रेन का सफर करते है अगर रामगढ में इस ट्रेन का स्टोपेज होगा तो इन सभी क्षेत्रवासियों का समय बचेगा। इसका फायदा सभी को मिलेगा। तथा रामगढ में पीआरएस आरक्षण (रिजर्वेशन) सिस्टम लगाया जाना अति आवश्यक है। ताकि यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर ही रिजर्वेशन की सुविधा मिल सके।<br>**रिमार्क्स –**<br>रामगढ़, गोविन्दगढ़ स्टेशन उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में स्थित है अतः इन स्टेशनों पर गाड़ियों का ठहराव दिये जाना उत्तर मध्य रेलवे का क्षेत्राधिकार है। |
| 10 | रेलवे स्टेशन रामगढ एवं गोविन्दगढ जिला–अलवर में यात्रियों की सुविधा के लिए पक्का प्लेटफार्म एवं बडी शेड की व्यवस्था की जाकर यात्रियों को बैठने की उचित व्यवस्था की जावें। तथा महिलाओं एवं पुरूषों के लिए पृथक–पृथक आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया जावें एवं शौचालयों में पानी का कनेक्शन आवश्यक रूप से कराया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त स्टेशन उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है अतः उक्त पर कार्यवाही उत्तर मध्य रेलवे से अपेक्षित है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 11 | जनहित में रेलवे स्टेशन उँटवाल एवं जाडोली का बास पर यात्रियों के बैठने की उचित व्यवस्था की जावें। रेलवे स्टेशन उँटवाल एवं जाडोली का बास में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए पृथक–पृथक आधुनिक शौचालयों का निर्माण कराया जावें एवं शौचालयों में पानी का कनेक्शन आवश्यक रूप से कराया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त स्टेशन उत्तर मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है अतः उक्त पर कार्यवाही उत्तर मध्य रेलवे से अपेक्षित है। |



Scanned by CamScanner

| | 6. श्री भागीरथ चौधरी |
|---|---|
| 1 | उदयपुर–अजमेर–हरिद्वार ट्रेन संख्या 19609–19610 का संचालन प्रतिदिन करावें।<br>मान्यवर, उदयपुर–अजमेर–हरिद्वार द्रुतगामी ट्रेन संख्या 19609–19610 का प्रतिदिन संचालन किया जावे। वर्तमान में यह ट्रेन उदयपुर से सोमवार गुरूवार एवं शनिवार को हरिद्वार जा रही है एवं मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को हरिद्वार से उदयपुर आती है। जिससे अजमेर एवं उदयपुर संभाग के हजारों तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं अपने परिजनों की मृत्यु उपरान्त अस्थि विसर्जन हेतु गंगाजी ले जाने के धार्मिक रिति–रिवाज हेतु आम जन को सप्ताह में तीन दिन आवागमन का लाभ मिल रहा है शेष चार दिनों में हरिद्वार जाने हेतु असुविधा हो रही है। अतः इस ट्रेन को प्रतिदिन संचालन की कार्यवाही करावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस का विस्तार उदयपुर सिटी तक दिनांक 24.07.2017 से कर दिया गया है इसे दैनिक रूप से चलाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस हेतु आपका सुझाव रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेज दिया गया है। उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाने हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2017, 2018 में स्वीकृति हेतु भेजा गया था, लेकिन उत्तर रेलवे ने सहमति प्रदान नहीं की। |
| 2 | रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर ट्रेन संख्या 59717–59720 का विस्तार किशनगढ़ तक करावें।<br>मान्यवर, वर्तमान रेवाड़ी–फुलेरा जंक्शन के मध्य संचालित पैसेंजर गाड़ी सं. 59717–59720 का विस्तार किशनगढ़ रेलवे स्टेशन तक किया जाये ताकि किशनगढ़ से फुलेरा के मध्य स्थित ग्रामीण क्षेत्र की जनता को दोपहर में आवाजाही का एक और रास्ता परिवहन साधन उपलब्ध हो सके। यह गाड़ी फुलेरा आने के पश्चात 04 घण्टे वहां खड़ी रहती है इस समय का सदुपयोग गाड़ी विस्तार किशनगढ़ स्टेशन तक करने से यात्री सुविधा एंव रेल राजस्व में निश्चित ही वृद्वि होगी उक्त ट्रेन का किशनगढ़ तक के विस्तार का प्रस्ताव मय अनुशंषा के रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 59716 रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर के (फुलेरा आगमन 10.45 बजे) के रेक से गाड़ी संख्या 59719 फुलेरा–रेवाड़ी पैसेंजर (फुलेरा प्रस्थान 11.30 बजे) चलाई जाती है। गाड़ी संख्या 59720 रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर (फुलेरा आगमन 14.25 बजे) के रेक से गाड़ी संख्या 59717 फुलेरा–रेवाड़ी पैसेंजर (फुलेरा प्रस्थान 17.25 बजे) चलाई जाती है। उक्त गाड़ियों का सीमित लाई ओवर क्रमशः 0.45 घण्टे एवं 03.00 घण्टे है में किशनगढ़ तक जाकर आना संभव नहीं होने के कारण इसका विस्तारण किशनगढ़ तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किया जाना संभव नहीं है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 59718 रेवाड़ी –फुलेरा पैसेंजर (फुलेरा आगमन 00.55 बजे) के रेक से गाड़ी संख्या 59713 फुलेरा–जयपुर (फुलेरा प्रस्थान 07.10 बजे) चलाई जाती है। अतः रात्रि 00.55 बजे पश्चात फुलेरा से |



N.W.R.
उ.प.रे
Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | किशनगढ़ से वापसी मध्य रात्रि के बाद फुलेरा तक यात्रियों हेतु सुविधाजनक समय नहीं होने के कारण औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। गाड़ी संख्या 59714 जयपुर–फुलेरा शटल के फुलेरा स्टेशन पर आगमन (20.30 बजे) के पश्चात गाड़ी संख्या 59715 फुलेरा से रेवाड़ी हेतु प्रस्थान (03.30 बजे) करती है। अतः रात्री 20.30 बजे पश्चात फुलेरा से अजमेर के मध्य दैनिक यात्रियों हेतु सुविधाजनक समय नहीं होने के कारण औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। उल्लेखनीय है कि जयपुर–अजमेर–जयपुर के मध्य सप्ताह में 06 दिन (रविवार के अतिरिक्त) डीएमयू सेवा उपलब्ध कराई गयी है जिसका समय यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक है। |

| डेमू नं. 79601 अजमेर–जयपुर | | स्टेशन | डेमू नं. 79602 जयपुर–अजमेर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 07.15 | अजमेर | 20.35 | — |
| 08.38 | 08.40 | फुलेरा | 18.08 | 18.10 |
| 10.10 | — | जयपुर | — | 17.15 |

| | |
|---|---|
| | वर्तमान में किशनगढ़–फुलेरा के मध्य 24 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी पैसेंजर गाड़ियां संचालित की जा रही हैं। |
| 3 | किशनगढ़ (अजमेर) रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव करवाने के क्रम में।<br>उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्व प्रसिद्व तीर्थराज पुष्कर एवं ख्वाजा साहब की दरगाह अजमेर–जयपुर रेल मार्ग से जुडी हुई है इसी रेल मार्ग पर विश्व प्रसिद्व मार्बल नगरी एवं औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ विद्यमान है जहा पर अन्तर्राज्यीय हवाई अडडा भी संचालित है, तथा दूसरी ओर राजस्थान का एकमात्र केन्द्रीय विश्वविधालय भी किशनगढ़ में स्थित है, जहा पर देश– विदेश के हजारों छात्र– छात्राऐं उच्च अध्ययन के लिए आते है, लेकिन किशनगढ़( अजमेर) रेलवे स्टेशन पर निम्नांकित द्रुतगामी एंव एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से विदेशी सैलानियों, व्यापारियों, श्रमिकों, छात्र–छात्राओं एंव दैनिक रेल यात्रियों को मजबूरी वश अजमेर या जयपुर रेलवे स्टेशन पर ही उतराना एंव चढ़ना पड़ता है। जिससे किशनगढ़ आने–जाने में अनावश्यक समय, श्रम एंव धन की हानि होती है। |
| 3.1 | ट्रेन संख्या 22987–22988 अजमेर–आगरा फोर्ट इन्टरसिटि – प्रतिदिन आगरा फोर्ट अजमेर इन्टरसिटी ट्रेन होन के बावजूत या ट्रेन किशनगढ़ जैसे बड़े स्टेशन पर बिना रूके निकलती है जबकि यह गाड़ी रास्ते में आने वाले कई छोटे– छोटे स्टेशनो जैसे आसनपुर– जोबनेर एंव खेड़ली पर रूकती है इस ट्रेन के किशनगढ़ मे ठहराव का प्रस्ताव वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, जयपुर द्वारा पूर्व में रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |
| 3.2 | ट्रेन संख्या 19269–19270 मोतीहारी एक्सप्रेस (पोरबन्दर– मुजफ्फपुर) एंव 15715–15716 गरीब नवाज एक्स. (अजमेर– किशनगढ़) सप्ताह में 03 दिन उक्त दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग बहुत पुरानी है यहा पर बिहार राज्य के लगभग 25 हजार मजदुर मार्बल एंव अन्य उधोगों में कार्यरत है । जिनके द्वारा प्राय किशनगढ़ में चेन पुलिगं की जाती रही है और अन्य इन लोगो को मजबुरीवश अजमेर से अपनी यात्रा प्रारम्भ करनी पडती है। जबकि उक्त ट्रेने भी किशनगढ़ से कम आय वाले छोटे– छोटे स्टेशनो यथा खेरथल, बान्दीकुई, दौसा, फुलेरा आदि स्टेशनो पर रूक रही है इन ट्रेनो के ठहराव का प्रस्ताव भी वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, जयपुर द्वारा पूर्व में रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |
| 3.3 | ट्रेन सं. 19333–19334 बीकानेर–इन्दौर (महामना एक्सप्रेस) साप्ताहिक महामना एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव किशनगढ़ में व्यापारिक दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस ट्रेन से किशनगढ़ से बीकानेर सीधेतौर पर जुड़ जायेगा। वर्तमान में यह गाड़ी किशनगढ़ से कई छोटे एवं कम आय वाले स्टेशन यथा किशनगढ़ रेनवाल, नवलगढ एवं सूडसर जैसे स्टेशन पर रुककर जाती है। इस ट्रेन के किशनगढ में ठहराव हेतु 06 माह के प्रायोगिक ठहराव की अनुशंषा रेलवे बोर्ड को 15.02.2019 को की जा चुकी है। अपेक्षित कार्यवाही की जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3.4 | ट्रेन सं. 19709–19710 उदयपुर– कामाख्या (कवि गुरु एक्सप्रेस) साप्ताहिक यह ट्रेन धार्मिक दृष्टिकोण के साथ– साथ व्यापारिक दष्टि से भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अतः इस ट्रेन का ठहराव भी आमजन की सुविधा के लिये किशनगढ स्टेशन पर करावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |
| 3.5 | ट्रेन सं. 12915–12916 आश्रम एक्सप्रेस (नई दिल्ली– अहमदाबाद)–प्रतिदिन आश्रम एक्सप्रेस के ठहराव की मांग काफी वर्षो से आमजन द्वारा की जा रही है। अतः रेलवे बोर्ड को उक्त ट्रेन के 06 माह के ठहराव को प्रायोगिक तौर पर स्वीकृत किया जाना चाहिये। अतः माननीय रेल मंत्री महोदय से मेरा करबद्व निवेदन है कि अजमेर– जयपुर रेल मार्ग पर स्थित किशनगढ रेलवे स्टेशन पर उक्त सभी द्रुतगामी एवं एक्सप्रेस ट्रेनों काठहराव सुनिश्चित करवाकर आवश्यक विभागीय स्वीकृती की आज ही घोषणा करावें। साथ ही मै आपको विश्वास दिलाता हूँ कि इन ट्रेनों के ठहराव से किशनगढ रेलवे स्टेशन की आय अप्रत्याशित वद्धि होगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा दो जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सुझावित गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |
| 4 | **किशनगढ़ (अजमेर) रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव बाबत्।**<br>4.1 ट्रेन संख्या 22987–22988 अजमेर–आगरा फोर्ट इन्टरसिटी – प्रतिदिन<br>4.2 ट्रेन संख्या 12915–12916 आश्रम एक्सप्रेस (नई दिल्ली–अहमदाबाद) – प्रतिदिन<br>4.3 ट्रेन संख्या 12215–12216 गरीब रथ (नई दिल्ली–बान्द्रा) – सप्ताह में चार दिन<br>4.4 ट्रेन संख्या 15715–15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस (अजमेर–किशनगंज) – सप्ताह में तीन दिन<br>4.5 ट्रेन संख्या 19269–19270 मोतीहारी एक्सप्रेस (पोरबन्दर–मुज्जफेफरपुर ) – सप्ताह में तीन दिन<br>4.6 ट्रेन संख्या 22451–22452 चंडीगढ़–बान्द्रा एक्सप्रेस – सप्ताह में तीन दिन<br>4.7 ट्रेन संख्या 12957–12958 स्वर्णजयंती राजधानी एक्सप्रेस – प्रतिदिन |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में किशनगढ़ स्टेशन पर 30 जोड़ी एक्सप्रेस तथा 02 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। किशनगढ़ स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 97 व 22642/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के मानक के अनुरूप है। सुझावित अन्य गाड़ियों के ठहराव दिये जाने से इन लंबी दूरी की गाड़ी की औसत गति एवं समय पालना पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, फिर भी यात्रियों के सुविधार्थ गाड़ी संख्या 22987/88 अजमेर–आगराफोर्ट के प्रायोगिक ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |
| 5 | **एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रतिदिन कराने एवं विस्तार करवाने बावत्।**<br>5.1 उदयपुर–अजमेर–हरिद्वार द्रुतगामी ट्रेन संख्या 19609–19610 का संचालन प्रतिदिन हो।<br>5.2 रेवाड़ी–फुलेरा पैसेंजर ट्रेन संख्या 59717–59720 का विस्तार किशनगढ़ तक हो।<br>5.3 जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12065–12066 का संचालन प्रतिदिन हो।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अजमेर–दिल्ली सराय–अजमेर जनशताब्दी ट्रेन सप्ताह में पांच दिन चल रही है। गाड़ी संख्या 12066 अजमेर आगमन 22.25 तथा गाड़ी संख्या 12065 का प्रस्थान समय 05.40 है, इस प्रकार इस गाड़ी का अजमेर में लाई ओवर 07.15 घण्टे है । इस गाड़ी का मदार जं. पर प्राथमिक अनुरक्षण गुरूवार व रविवार को किया जाता है अतः परिचालनिक कारणों से इस गाड़ी का प्रतिदिन संचालन किये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 6 | **विजयनगर (अजमेर) रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव बाबत्।**<br>6.1 ट्रेन संख्या 19665–19666 खजुराहो–उदयपुर सिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन।<br>6.2 ट्रेन संख्या 19603–19604 अजमेर–रामेश्वरम एक्सप्रेस – साप्ताहिक।<br>6.3 ट्रेन संख्या 12719–12720 अजमेर–हैदराबाद एक्सप्रेस – साप्ताहिक।<br>6.4 ट्रेन संख्या 22985–22986 उदयपुर–दिल्ली एक्सप्रेस – साप्ताहिक।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में विजयनगर स्टेशन पर 12 जोड़ी एक्सप्रेस तथा 01 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। विजयनगर स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 97 व 7035/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु निर्धारित टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः अतिरिक्त एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव बिजयनगर स्टेशन पर दिया जाना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7 | अजमेर रेलवे स्टेशन से चलने वाली एक्सप्रेस एवं सुपर फास्ट ट्रेनों के श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृति बाबत्। |
| 7.1 | अजमेर राजेन्द्र नगर जियारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12396–12397।<br>**रिमार्क्स –**<br>श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे के स्वामित्व का स्टेशन है। अतः श्री महावीर जी रेलवे स्टेश पर ठहराव प्रदान करना पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु पश्चिम मध्य रेलवे को अग्रेपित किया जा रहा है। |
| 7.2 | अजमेर राची एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18332–18333।<br>**रिमार्क्स –**<br>श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे के स्वामित्व का स्टेशन है। अतः श्री महावीर जी रेलवे स्टेश पर ठहराव प्रदान करना पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु पश्चिम मध्य रेलवे को अग्रेपित किया जा रहा है। |
| 7.3 | उदयपुर कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12316–12317।<br>**रिमार्क्स –**<br>श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे के स्वामित्व का स्टेशन है। अतः श्री महावीर जी रेलवे स्टेश पर ठहराव प्रदान करना पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु पश्चिम मध्य रेलवे को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 8<br>8.1 | **नवीन रेल लाईन के संबंध में**<br>किशनगढ अजमेर से परबतसर नागौर तक 45 कि.मी. के नवीन रेल मार्ग की घोषणा (2016–17 रेल बजट) को मूर्तरूप देने बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>किशनगढ़–अजमेर से परबतसर नागौर तक 45 किमी. के नवीन रेल मार्ग परियोजना का कार्य वर्ष 2016–17 में Capital Investment Programme के अन्तर्गत स्वीकृत हुआ है। इसके तहत राज्य सरकार के साथ संयुक्त उपक्रम (JV) बनाकर परियोजना का निष्पादन किया जाना है जिसके लिये राजस्थान सरकार की सहमति प्रतीक्षित है। |
| 8.2 | पुष्कर अजमेर से मेडता नागौर तक के नवीन रेल मार्ग की घोषणा (2013–14 रेल बजट) को मूर्तरूप देने बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>पुष्कर–मेड़ता रेल लाईन का कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हुआ जिसकी लम्बाई=59 किमी., लागत =रू 323 करोड़ है । इस परियोजना का Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) अनुमोदन आना शेष है । इस परियोजना हेतु माननीय सांसद के सुझावों से रेलवे बोर्ड को अवगत करा दिया जायेगा । |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 8.3 | अजमेर – कोटा वाया नसीराबाद केकड़ी देवली नवीन रेलमार्ग 180 कि.मी. की स्वीकृती की क्रियान्वती बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>अजमेर–कोटा वाया नसीराबाद केकड़ी–देवली नवीन रेल मार्ग का कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हुआ है । जिसकी लम्बाई=145 किमी., लागत =रू 821.64 करोड, आरओआर (-)6.61 प्रतिशत है ।इस परियोजना का Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) अनुमोदन आना शेष है । इस परियोजना हेतु माननीय सांसद के सुझावों से रेलवे बोर्ड को अवगत करा दिया जायेगा । |
| 9<br>9.1 | नवीन अण्डरपासों के संबंध में।<br>किशनगढ (अजमेर) स्थित पुराने रेलवे स्टेशन परिसर पर एक नवीन अण्डरपास निर्माण की स्वीकृति बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त प्रस्तावित लोकेशन पर कोई समपार फाटक नहीं है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अन्डर पास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अन्डर पास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यद्यपि उक्त लोकेशन पर एक आरओबी (कि.मी. 266/5–6) तथा पास में एक सबवे (कि.मी. 265/7–8) आमजन के आवागमन हेतु उपलब्ध है। |
| 9.2 | विजयनगर (अजमेर) स्थित रेलवे स्टेशन समीप गुलाबपुरा रोड पर स्थित रेलवे फाटक पर एक नवीन अण्डरपास निर्माण की स्वीकृति बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>अजमेर–चित्तोडगढ खण्ड पर विजयनगर रेलवे स्टेशन के पास समपार सं. 41 (कि.मी. 65/2–3) की माह जुलाई 2018 के अनुसार टीवीयू 76120 है। धनी आबादी क्षेत्र में स्थित होने के कारण उक्त समपार फाटक के स्थान पर सबवे का निर्माण फिजीबल नहीं है। |
| 9.3 | दौराई अजमेर रेलवे फाटक एल सी 3 पर निर्माणाधीन अण्डरपास के निर्माण के लिए 60 फीट चौडा मुख्य आवागमन मार्ग को बन्द नहीं करके हरित विहार कॉलोनी बाशिदों एवं आमजन को सुगम आवागमन का मार्ग उपलब्ध कराने बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>समपार फाटक संख्या 3 पर निर्माणाधीन अण्डर पास के निर्माण से पूर्व आमजन के आवगमन हेतु 25 फिट का रोड़ अस्तीत्व में था, जिसकी एवज में अण्डरपास के निर्माण के साथ 35 फिट रोड़ कमिशन किया जायेगा। जोकि आगे जाकर दो दिशाओं में मुड जायेगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 10 | अजमेर संसदीय क्षेत्र में डेडीकेटेड फ्रेंट कोरीडोर (DFC) के तहत निर्माणाधीन रेलवे अण्डरपासों से सुगम आवागमन बाबत्।<br>संसदीय क्षेत्र अजमेर में LC No.14–15 से 39–40 तक अजमेर के पहले अर्थात साखुन, साली, गहलोता, तिलोनिया, मण्डावरियां, सांवतसर, कृष्णापुरी किशनगढ़, परासीया, गेगल, मुहामी, लाडपुरा क्षेत्र तथा अजमेर शहर में LC No. 41 से 48 अर्थात गदारपुरा, किरानीपुरा, सुभाषनगर क्षेत्र तथा अजमेर से ब्यावर खण्ड के अधीन LC No. 01 से 17 तक यथा सुभाषनगर दौराई, सराधना, मकरेडा, मांगलियावास, दोलताखेडा, लमाना, एवं खरवा क्षेत्र के अण्डरपासों पर वर्षा के पानी एवं अन्य पानी के निकास की स्थाई व्यवस्था एवं अण्डरपासों पर टीन शैड निर्माण हेतु आवश्यक सक्षम विभागीय क्रियान्वित करा कर स्थानीय आमजन एवं राहगीरों को आवाजाही का सुगम मार्ग उपलब्ध करावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>अजमेर क्षेत्र में साखुन से अजमेर व अजमेर से खारवा रेलवे स्टेशनों के बीच DFC project के तहत अण्डर पास निर्माणाधीन हैं। अत्यधिक वर्षा के दौरान सबवे में आस–पास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जल भराव की समस्या होती हैं। रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी। |
| | **अन्य महत्पूर्ण बिन्दु** |
| 11 | किशनगढ अजमेर रेलवे स्टेशन पर दो एस्केलेटर एवं दो लिफ्ट का प्रावधान स्वीकृत कर यात्रियों को राहत देने बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>प्लेटफार्म सं 1 व 2 के लिए दो लिफ्ट स्वीकृत की गयी है जो कि दिनांक 30.08.2020 तक लगा दी जाएगी। |
| 12 | अजमेर चित्तौडगढ मार्ग पर स्थित हटुण्डी रेलवे स्टेशन के आगे स्थित रेलवे क्रोसिंग को स्थानांतरण करवाने बाबत्।<br>**रिमार्क्स –**<br>मानवसहित समपार फाटक सं. 8 अजमेर मंडल के अजमेर–चित्तोड़ खंड पर कि.मी. 11/4–5 पर स्थित है। माह जुलाई 2018 की गणना के अनुसार उक्त समपार का टीवीयू 14787 है। रेलवे नियमानुसार उक्त समपार फाटक को शिफ्ट करने का कार्य डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त कार्य हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 13 | रेलवे लोको कारखाना अजमेर के विस्तार एवं विकास हेतु आवश्यक बजट 100 करोड़ की राशि स्वीकृत कर इसमें लम्बे समय से चल रहे 35 प्रतिशत रिक्त पदों पर पदस्थापन बाबत्। |

**रिमार्क्स –**

इस संबंध में उल्लेख है कि टैकनिक्शन पदों के लिये आरआरबी अजमेर से शीघ्र ही पैनल जारी होने वाला है। पैनल जारी होते ही अजमेर कारखाना को रिक्तियों के अनुसार अभ्यार्थी आंवटित कर दिये जायेगें तथा जूनियर इंजीनियर पदों के लिये आरआरबी अजमेर द्वारा दुसरे चरण की लिखित परीक्षा दिनांक 28.08.2019 से 01.09.2019 तक आयोजित कि गई है। आरआरबी अजमेर से पैनल प्राप्त होने पर रिक्तियों के अनुसार अभ्यार्थी आंवटित कर दिये जायेगें ।

कैरिज और लोको कारखाना अजमेर के आधुनिकीकरण की विस्तृत जानकारी निम्न है।

1. सम्पन्न किये गये कार्य–

   क. लोको कारखाना–

   आधुनिकीकरण का कार्य वर्ष 2008–09 मे स्वीकृत हुआ था एवं 2017–18 में रूपये 89.21 करोड़ में संपन्न हुआ।

   ख. कैरिज कारखाना– आधुनिकिकरण का कार्य 2017–18 में 76.1690 करोड़ रूपये में सम्पन्न हुआ है।

2. वर्तमान प्रस्तावित कार्य

   क. रूफशीट, वेलीगटर इत्यादि का कार्य 4.06 करोड़ रूपये की लागत प्रगति पर है। इसके अलावा राशि 2.4 करोड़ के कार्य अप्रूवल के अधीन है।

   ख. आधारभूत सुविधाओं में सुधार व नवीनीकरण तथा निर्माण क्षमता के बढ़ावे के लिये 24 करोड़ रूपये की राशि के कार्य किये जाने हेतु योजना बनाई गई हैं।

   इन कार्यों से एलएचबी कोच को ओवर हॉल करने की क्षमता बढ़ जायेगी।

   अजमेर कारखाने में रिक्तियों का विवरण निम्न है।

| Category | Sanctioned cadre | Actual manpower | Vacancies | Percentage vacancy | Submitted indents for vacancy |
|---|---|---|---|---|---|
| Group C | 4631 | 3399 | 1232 | 26.60 | 453 |
| Group D | 882 | 272 | 610 | 69.16 | 1547 |
| Total | **5513** | **3671** | **1842** | **33.41** | **2000** |



Scanned by CamScanner

| 7. श्री बृजेन्द्र सिंह | |
|---|---|
| 1 | Restarting of Haryana Express or starting of a new intercity express from Delhi to Hisar/Sirsa and Hisar to Rewari via Bhiwani, Charkhi Dadri.<br><br>**Remarks:-** The proposal for HSR-DLI via BNW, RE daily intercity express was sent in the IRTTC 2017 but this was not accepted by Northern Railway. Presently 3 pair of mail expresses and 01 pair of passenger service is running on daily basis between DLI-HSR. Introduction of any new train is under jurisdiction of Railway Board. |
| 2 | Rapld Rail Connectivity between Delhi and Hisar (158 km)<br>**Remarks:-**<br><br>No such proposal of rapid rail connectivity between, Delhi and Hissar has been received. Proposal for this conncectivity shall be examined when received to this office. |
| 3 | Jind -Hansi New Railway Line Project (50 km)<br>**Remarks:-**<br>उक्त क्षेत्र उत्तर रेलवे से संबंधित है। अतः कार्यवाही उत्तर रेलवे से अपेक्षित है |
| 4 | Bhiwani-Loharu New Railway Line project (58 km)<br>**Remarks:-**<br>लोहारू भिवानी नई लाईन हेतु RECT Survey रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 18.102017 को भेज दी गई है। जिसकी लम्बाई–58.83 किमी., लागत–529.34 करोड़, आरओआर– (–11.74 प्रतिशत)। परियोजना को रेलवे बोर्ड ने अलाभप्रद मानते हुए दिनांक 28.05.2018 को Drop कर दिया है। |
| 5 | New Railway line Project form Hisar to Fathabad via Agroha.<br>**Remarks:-**<br>उक्त क्षेत्र उत्तर रेलवे से संबंधित है। अतः कार्यवाही उत्तर रेलवे से अपेक्षित है |
| 6 | Extension of jaipur-Indore Superfast Express (12973/74) to Hisar via Sikar.<br>**Remarks:-**<br>Train No. 12973/12974 Jaipur –Indore Superfast is running biweekly and rake link is integrated with train no. 12939/12940 Pune – Jaipur – Pune. Hence extension of this train to Hisar via Sikar is not feasible. |
| 7 | Extension of Bhatinda-Jammu Tawi weekly Express (14501/02) to Hisar/jaipur via Sirsa-Hisar<br>**Remarks:-**<br><br>Train No 14501/14502 Bhatinda-Jammu Tawi weekly express is primary owned by Northern Railway. The proposal of extension of this train up to Hisar /Jaipur will be considered after examining commercially & operationally viability and approval of Railway board. |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 8 | Increase the frequency of following trains: |
| i | Bandra-Jammu Tawi Vivek Express (19027/28) from weekly to thrice a week.<br>**Remarks:-**<br>Increase of frequency of train No. 19027/28 Bandra –Jammu Tawi Vivek Express from weekly to four days in week was sent in the IRTTC 2018 & 2019 but was not agreed by Western Railway. The train is owned by Western Railway hence increase of frequency is under jurisdiction of Western Railway & Railway Board |
| ii | Banda-Hisar Superfast ( 12915/16) from twice to thrice a wek.<br>**Remarks:-**<br>Increase of frequency of train No. 22915/22916 Bandra-Hisar Superfast is from weekly to four days in week was sent in the IRTTC 2018 & 2019 but was not agreed by Western Railway. The train is owned by Western Railway hence increase of frequency is under jurisdiction of Western Railway & Railway Board. |
| iii | Hisar-Siandrabad Express (17037/38) form twice to thrice a week.<br>**Remarks:-**<br>Train No 17037/17038 Hisar-Sikandrabad Express is owned by South Central Railway. Increasing of frequency of this train is in the jurisdiction of South Central Railway/Railway Board. Suggestion of Hon'ble MP will be consider in the next IRTTC. |
| 9 | Increase the number of coaches in trains running on Bhatinda-Rewari section.<br>**Remarks:-**<br>At present North Western Railway is facing acute shortage of general class coaches. As & when new coaches will be available then after duly obtaining commercial & operational justification, augmentation of coaches will be considered. |
| 10 | Operation of Hisar-Jodhpur EMU with conventional rake to avoid frequent delay.<br>**Remarks:-**<br>As per extent policy, conventional rakes are to be replaced with DEMU rakes. Delay of trains is being monitored on daily basis. |
| 11 | Appointment of washing line staff and contraction of separate building for C&W staff. Arrangement of another washing line in the light of increasing number of trains.<br>**Remarks:-**<br>हिसार कैरिज डिपो में वाशिंग लाईन पर पर्याप्त संख्या में स्टॉफ उपलब्ध है। वाशिंग लाईन की बिल्डिंग का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को स्वीकृति हेतु भेजा गया है।<br>वर्तमान में हिसार में 01 वाशिंग लाईन उपलब्ध है जो कि वर्तमान परिचालन आवश्यकता के लिये पर्याप्त है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 12 | Doubling of Railway line between Manheru-Bathinda sections under Rewari-Bathinda rail line.<br>**Remarks:-**<br>मनहेरू–हिसार दौहरीकरण के लिए PECT सर्वे पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट दिनांक 10.07.2012 को रेलवे बोर्ड को भेज दी गई थी। इसकी लम्बाई–73.5 किमी., लागत–413.49 करोड़ एवं आरओआर (+) 6.35 प्रतिशत है। रेलवे बोर्ड से कार्य की स्वीकृति अपेक्षित है।<br>हिसार–भठिण्डा दौहरीकरण का कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। |
| 13. | Arrangements of toilets & drinking water facilities on each railway station.<br>Remarks:-<br>उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर उनकी श्रेणी के अनुरूप रेलवे बोर्ड के न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के मानदण्डानुसार पर्याप्त शौचालय एवं पेयजल (नल/वाटर कूलर/प्याऊ आदि) की सुविधा उपलब्ध है। |



Scanned by CamScanner

| 8. श्री सी.पी. जोशी | |
|---|---|
| | संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में उत्तर पश्चिम रेलवे से संबंधित निम्न कार्यों की क्रियान्विति जनहित की दृष्टिकोण से अत्यन्त आवश्यक है:– |
| 1 | मावली–मारवाड़ (152 किमी.) आमान परिवर्तन कार्य की स्वीकृति पश्चात् आगे कोई प्रगति नहीं हुई हैं, प्रगति बाबत् अपेक्षित क्रियान्विति की जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>मावली –मारवाड़ आमान परिवर्तन परियोजना (151.65 किमी.)वर्ष 2017–18 में स्वीकृत हुई थी । इसकी अनुमानित लागत 2654.03 करोड़ रू. है। इस परियोजना हेतु एफएलएस सर्वे के कार्य का टेण्डर दिनांक 18.12.17 को अवार्ड किया गया था तथा वर्तमान में एफएलएस सर्वे का कार्य प्रगति पर है । इस सर्वे के आधार पर रिवाईज्ड विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर माह फरवरी–2020 में रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत की जायेगी । इस परियोजना हेतु अभी तक सी.सी.सी.ई.ए. स्वीकृति मिलना अपेक्षित है । इस परियोजना में पड़ने वाले वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र में सर्वे करने हेतु वन विभाग से अनुमति मांगी गई है। |
| 2 | मावली जं. रेलवे स्टेशन अत्यन्त महत्वपूर्ण स्टेशन है। यहाँ पर लगभग सभी यात्री गाड़ियों का स्टोपेज है, लेकिन कोच गाईडिंग सिस्टम तथा कोच डिस्प्ले सिस्टम के नहीं होने के कारण यहाँ पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहाँ पर महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को अपने कोच की सही स्थिति पता नही चल पाती है तथा सभी ट्रेनों का मात्र 01 अथवा 02 मिनट ही स्टोपेज होने के कारण जल्दबाजी में हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। अतः मावली जं. पर कोच गाइडेंस सिस्टम/कोच डिस्प्ले सिस्टम को स्थापित करवाने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>मावली जंक्शन एनएसजी–5 श्रेणी (NSG-5 Category) का रेलवे स्टेशन है किन्तु इस स्टेशन के सामरिक महत्व को देखते हुए निम्नलिखित मूलभूत यात्री–सुख सुविधाएँ उपलब्ध करवायी गई है–<br><br>SN — Details of Passenger amenities items already provided<br>1 — At a glance Display Board-01 Nos (at main entrance)<br>2 — Single line train arrival/departure display board-01 Nos. (on PF No.01)<br>3 — Digial Clock-02 Nos (on PF No.1 & 2)<br>4 — PA System on all the platforms.<br><br>चूंकि मावली स्टेशन यात्री आय 2016–17 के अनुसार एनएसजी–5 श्रेणी (NSG-5 Category) का रेलवे स्टेशन है जहां पर रेलवे बोर्ड के न्यूनतम यात्री सुविधाओं के मानदण्डानुसार कोच गाईडेंस सिस्टम/कोच इण्डीकेशन बोर्ड लगाना नीतिगत नहीं है। यद्यपि कोच पोजीशन में परिवर्तन होने पर गाड़ी के समय पर उद्घोषणा कराई जाती है। |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3 | मावली से नाथद्वारा जाने वाले यात्रियों तथा वाहनों को मावली जं. स्टेशन से घने बाजार के साथ 5–6 किमी की दूरी तक उदयपुर–चित्तौडगढ़ हाईवे से घुम कर आना पड़ता है। मावली जं. आने तथा जाने दोनों समय में 2 घन्टे का समय व्यर्थ हो जाता है। इस कारण से पुलिया संख्या 51 से प्लेटफार्म नं 01 तक पक्का रास्ता बन जाता है तो वाहनों को पुरे बाजार तथा हाईवे से घूम कर नहीं जाना पड़ेगा। इससे नाथद्वारा, कांकरोली, राजसमंद की तरफ से स्टेशन को आने वाले वाहन बाजार में गये बगैर सीधे प्लेटफार्म नं. 01 तक पहुँच पायेंगे।<br>**रिमार्क्सः–** समपार फाटक संख्या 51–बी के बांई तरफ से प्लेटफार्म सं. 01 तक रेलवे की भूमि ट्रेक सेन्टर से केवल 7.34 मीटर है, जोकि रेलवे के सेफ्टी जोन में आता है। अतः समपार फाटक सख्या 51–बी के बाई तरफ से प्लेटफार्म संख्या 01 तक जाने हेतु सड़क बनाना संभव नहीं है। |
| 4 | कपासन रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य रूका हुआ जिसे शिघ्रता से पूर्ण कराया जाये। कपासन रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत तीसरी रेलवे लाईन का निर्माण आरम्भ करवाया जाये तथा प्लेटफार्म शेड़ एवं यात्री सुविधाओं का भी निमार्ण कराया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>कपासन रेलवे स्टेशन एनएसजी–5 श्रेणी का स्टेशन है, यहाँ फुट ओवर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जायेगा। कपासन रेलवे स्टेशन पर तीसरी रेलवे लाईन के निर्माण का कार्य स्वीकृत नहीं है। स्वीकृत होने पर उक्त कार्य शीघ्र करवाया जायेगा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर 2–बे का प्लेटफार्म शेल्टर 360 वर्गमीटर का पूर्व में ही उपलब्ध है। साथ ही वर्तमान में 6 नग मिनी प्लेटफार्म शेल्टर का कार्य भी करवाया गया है। इसके अतिरिक्त यात्री सुविधाओं जैसे कि बैंचेज और पानी की टोंटियां पर्याप्त मात्रा में उपलबध है। साथ ही टॉयलेट का कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूरा करा दिया जायेगा। |
| 5 | उदयपुर–चित्तौड़गढ़–कोटा यात्री गाड़ी आरम्भ की जाये। इस ट्रेन के रोजाना सुबह शाम के लिये प्रारंभ होने से रोजाना इन शहरों के मध्य आने जाने वाले कामगारों, कर्मचारियों, विद्यार्थीयों व आमजन को रास्ता व सुलभ रेलसेवा का लाभ मिलेगा क्योंकि सभी महत्त्वपूर्ण शहर व कस्बे इसी रूट पर हैं तथा सर्वाधिक आवागमन होता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12963/64 उदयपुर – हजरत निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस प्रतिदिन तथा गाड़ी संख्या 19660/59 उदयपुर–शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी वाया कोटा चलाई जाती है, और अतिरिक्त गाड़ियां चलाये जाने हेतु रेक एवं लोको की आवश्यकता के साथ–साथ पश्चिमी मध्य रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है । कोटा एवं उदयपुर के मध्य नई गाड़ी पर पिछली आईआरटीटीसी में विचार हुआ था किन्तु सहमति नहीं बनी। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 6 | जयपुर से पुणे वाया चित्तौड़गढ़ ट्रेन आरम्भ की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से पूणे वाया चित्तोड़गढ़ गाड़ी चलाये जाने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी।<br>उल्लेखनीय है कि जयपुर से पूणे वाया चित्तोड़गढ़ गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको की आवश्यकता एवं पश्चिम रेलवे व मध्य रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। |
| 7 | उदयपुर–हरिद्वार 19609–10 ट्रेन को सप्ताह में सातों दिन चलाई जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित चलाये हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस गाड़ी को दैनिक चलाये जाने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017, 2018 में प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 8 | अमृतसर–अजमेर ट्रेन 19612 का उदयपुर तक विस्तार किया जाये। मेवाड़ वागड़ के लोगों को उत्तर भारत में जाने के लिये वर्तमान में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है यदि अमृतसर से अजमेर तक चलने वाली ट्रेन का उदयपुर तक विस्तार होता है तो मेरे संसदीय क्षेत्र समेत सम्पूर्ण मेवाड़–वागड़ को लाभ मिलेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19611/12 एवं 19613/14 अजमेर–अमृतसर एक्सप्रेस के उदयपुर तक विस्तार हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 9 | वीर भूमि चित्तौड़गढ़ एक्सप्रेस इन्दौर–उदयपुर ट्रेन 19329–19330 को वाया चन्देरिया/चित्तौड़गढ़ होकर कोटा तक बढ़ाया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 19329/30 इन्दौर–उदयपुर वीरभूमि एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है तथा इस गाड़ी का रेक अन्य गाड़ी सं. 19309/10 इंदौर–गांधीनगर एक्सप्रेस के साथ अन्तर्बद्ध है।<br>इस गाड़ी के उदयपुर स्टेशन पर उपलब्ध लाई ओवर (15.20 घण्टे) को उपयोग करते हुए इसे रतलाम स्टेशन तक चलाये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य प्राप्त हुआ है। अतः इस गाड़ी को पूजा/ दीपावली सीजन में रतलाम तक हॉलिडे स्पेशल के रूप में चलाये जाने हेतु प्रस्ताव पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड भेजा गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 10 | उदयपुर सिटी–ब्रान्द्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12996 का कपासन स्टेशन पर ठहराव किया जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में कपासन स्टेशन पर 06 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। इस स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 103 व आय 9169 रू. है जो रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव हेतु निर्धारित मानक से कम है। अतः कपासन स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12995/96 उदयपुर सिटी–बांद्रा टर्मीनस एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी संख्या 12981/82 चेतक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 09721/22 जयपुर–उदयपुर सिटी स्पेशल ट्रेन का ठहराव प्रायोगिक आधार पर कपासन स्टेशन पर दिया गया है। |
| 11 | उदयपुर–जयपुर ट्रेन 12991/12992 को चंदेरिया स्टेशन पर ठहराव किया जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>चंदेरिया स्टेशन पश्चिम रेलवे के स्वामित्व का स्टेशन है अतः इस स्टेशन पर गाड़ियों का ठहराव दिये जाना पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 12 | रेलवे द्वारा खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेन के दौरान यात्रा करने पर किराये में रियायत दिये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में खिलाड़ियों को उक्त सुविधा प्राप्त करने हेतु अजमेर कार्यालय आना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। उदयपुर स्थित रेलवे कार्यालय सभी के लिये निकटतम एवं सुविधाजन है। खिलाड़ियों हेतु इस बाबत् व्यवस्था उदयपुर रेलवे कार्यालय में कराई जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>इस संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी, उदयपुर को प्राधिकृत करने की कार्यवाही की जा रही है। |
| 13 | फतहनगर–सनवाड़ रोड़ क्रॉसिंग के समीप LC No. 43-C के निकट पश्चिमी दिशा में वासनी की तरफ करीब आधा किलो मीटर दुर पुलिया संख्या 63 को चोड़ा करवाने एवं पुलिया संख्या 63 से LC No. 43-C तक सड़क बनाकर फतहनगर नगर पालिका अपने व्यय पर अण्डरपास बनाना चाहती है जिसकी स्वीकृती प्रदान करावें। जिससे फाटक के दुसरी तरफ स्थित निजी विद्यालयों में आने व जाने के लिये विद्यार्थियों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।<br>**रिमार्क्स:–**<br>रेलवे पुलिया सं. 63 का उपयोग पानी के निकासी हेतु है एवं उक्त पुलिया का सड़क यातायात के लिए उपयोग हेतु अनुमति नहीं दी जा सकती है। यद्यपि समपार फाटक संख्या 43–सी पर अण्डरपास कार्य स्वीकृत है परन्तु एजेन्सी के कार्य प्रारम्भ करने पर स्थानीय व्यापारियों के विरोध एवं आपत्ति पर कार्य नहीं किया जा सका। अब स्थानीय प्रशासन द्वारा पुनः समपार के स्थान पर 5 मी. चौड़ा व 2.5 मीटर उंचाई के अण्डरपास बनाने की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। अण्डर पास के कार्य हेतु उक्त समपार के ट्रैफिक को डायवर्ट करने की आवश्यकता है इसके लिए स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा गया है। ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था होने पर कार्य प्रारम्भ किया जा सकेगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 14 | गंगरार रेलवे स्टेशन के निकट स्थित गाँव नायको का खेड़ा एवं अन्य ग्रामीणों (ग्रा.पं. गंगरार, पं.सं. गंगरार) की अवाजाही का मार्ग एल.सी. नं. 78 से होकर जाता है। उक्त सड़क मार्ग रेलवे की भूमि क्षेत्र में है। इस मार्ग का निर्माण कराया जाये जिससे यहाँ के निवासियों को आवाजाही में हो रही असुविधा का निराकरण हो सकेगा।<br>**रिमार्क्स:–**<br>रेलवे की भूमि में उक्त प्रस्तावित रास्ता अनाधिकृत है एवं उक्त रेलवे की भूमि रेलवे के कार्य (बैलास्ट डिपो इत्यादि) हेतु उपयोग में ली जा रही है। अतः रेलवे क्षेत्र में से उक्त प्रस्तावित सड़क मार्ग की अनुमति नहीं दी जा सकती है। |
| 15 | बड़ीसादड़ी से विनायका से कानोड़ दरवाजे की ओर जाने वाला सड़क मार्ग रेलवे लाईन निर्माण से बन्द होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे बड़ीसादड़ी नगर के समस्त निवासियों को असुविधा होगी, इसका स्थायी समाधान निकाला जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>पूर्व में मीटर गेज के डैड एण्ड के बाद ग्रामीणों द्वारा रेलवे ट्रैक नहीं होने के कारण बड़ीसादड़ी यार्ड में से ट्रेस पासिंग की जा रहा थी। पूर्व में वहां कोई रास्ता नहीं था। वर्तमान में ब्रॉड गेज में तीनों लाईनों (लाईन–1, 2 व 3) हेतु मिट्टी का कार्य चल रहा है। इसके कारण अब ट्रेस पासिंग बंद हो गई है। इसी अनाधिकृत रोड़ से 60 मीटर आगे रेल्वे द्वारा पूर्व में स्थित पक्के रास्ते पर अण्डर पास (एलसी–101) का निर्माण किया जा रहा है। इस अण्डरपास का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ग्रामीण इस अण्डरपास से आवगमन कर सकते है। |
| 16 | मावली से बड़ीसादड़ी रेलवे लाईन से गुजर रहे बड़वाई से डूंगला सड़क मार्ग पर LC No. 62 पर रेलवे द्वारा निर्मित रेलवे अण्डर पास में पानी भरा रहने के कारण ग्रामीणें एवं यात्रियों को आने–जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रेलवे अण्डर पास से मात्र 25 फिट की दूरी पर बड़वाई का पक्षी विहार तलाब है। जिसका लेवल इस अण्डर पास से काफी ऊँचा है। जिसकी वजह से तलाब के पानी से हो रहे रिसाव के कारण उक्त अण्डर पास में पानी भरा रहता है। पानी भरे रहने के कारण मरीजों और विद्यार्थियों को भारी असुविधा हो रही है साथ ही यात्रियों एवं ग्रामीणों को आवाजाही में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त अण्डर पास के पास ही छोटा अण्डर पास का निर्माण करवाया जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अण्डरपास सं. एलसी–62 पर वर्तमान में पानी के स्थाई निकासी हेतु Rain Water Harvesting का कार्य किया जा रहा है। तथा सुगम आवागम हेतु वर्तमान में अस्थाई निकासी बनाया गया है जिसके द्वारा आवागमन चालू है । बड़वाई तालाब के रिसाव का पानी अण्डरपास में नहीं आ सके इसका ध्यान रखा जायेगा। अतः इस प्रकार किसी भी अन्य छोटे अण्डरपास के निर्माण की आवश्यकता नहीं है । |



N.W.R.

उ.प.रे.

Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 17 | मावली से बड़ीसादड़ी रेलवे लाईन पर स्थित भीण्डर रेलवे स्टेशन पर निर्मित अण्डर पास में हमेशा पानी भरा रहने से यहाँ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाये जिससे यात्रियों, ग्रामीणें एंव विशेषकर विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में हो रही असुविधा का स्थायी समाधान हो सकेगा एवं LC No. 55 पर भीण्डर से धारता जाने वाले मुख्या मार्ग पर गाँव मदनपुरा व धारता के मध्य निर्माणधीन अण्डर पास में पानी भरने के कारण ग्रामीणों एवं यात्रियों को आने–जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त अण्डर पास के पास ही छोटा अण्डर पास का निर्माण करवाया जाये। LC No. 62 (गांव बड़वाई), LC No. 71 (गांव करसीयो का खेड़ा), LC No. 74 (गांव सारंगपुर) पर निर्मित अण्डरब्रिज में भरे हुये पानी की निकासी का स्थायी समाधान एवं पानी नहीं भरे ऐसी व्यवस्था की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>(i) मावली से बड़ीसादड़ी रेलवे लाई पर स्थित भीण्डर रेलवे स्टेशन पर निर्मित अण्डरपास(एलएचएस नं–51) पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर है तथा इसमें पानी की निकासी पाईप लाईन डालकर की जायेगी तथा इसकी अप्रोच स्थित रोड़ पर कवरिंग शैड का निर्माण किया जायेगा । अतः इस अण्डरपास पर पानी नहीं भरेगा । अतः इस पर ओवरब्रिज बनाने की आवश्यकता नहीं है । उक्त अण्डरपास पर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होगी ।<br>(ii)एल.सी. नं.–55 पर वर्तमान में अण्डर पास निर्माण का कार्य चल रहा है तथा अभी अस्थाई डायवर्जन से यातायात को निकाला जा रहा है । अतः वर्तमान में आवागन सुचारू रूप से चालू है । एल.एच.एस. का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।<br>(iii) एलसी नं. 62 पर वर्तमान में पानी निकासी की व्यवस्था का कार्य करना शेष है जो कि मानसून के समाप्त होने के बाद पूर्ण होगा, तथा वर्तमान में भी बड़वाई तालाब का seepage wager LHS में नहीं आ रहा है तथा न ही भविष्य में आयेगा क्योंकि निर्माण कार्य में इसका पूरा ध्यान रखा गया है । रेलवे द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण होने तक पानी की निकासी का स्थाई समाधान करा दिया जायेगा ।<br>(iv)इसी प्रकार एलसी सं.71 व 74 पर स्थित अण्डरपास पर पानी की निकासी का स्थाई समाधान किया जा रहा है । कार्य पूर्ण होने पर पानी भरने की कोई समस्या नहीं होगी। |
| 18 | मावली से बड़ीसादड़ी रेलवे लाईन पर स्थित LC No. 68 पर निर्मित अण्डर ब्रिज प्रतापगढ़ से चित्तौडगढ़ आने के मार्ग में स्थित है यहाँ यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है।, इसके स्थायी समाधान हेतु इस अण्डर ब्रिज का दोहरीकरण किया जाये। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>मावली से बड़ीसादड़ी पर स्थित एल.सी. नं.–68 पर कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ द्वारा एनओसी के समय 4.5 मीटर x 4.0 मीटर के साईज का अण्डरपास की स्वीकृति दी गई थी । परन्तु रेलवे द्वारा वर्तमान यातायात को देखते हुए इसका साईज 5 मीटर x 5.5 मीटर का बनाया गया है । वर्तमान रोड़ मात्र 3.75 मीटर की चौड़ाई की है । साथ ही रेलवे द्वारा इस अण्डरपास में अप्रोच रोड़ की चौड़ाई 8.5 मीटर रखी गई है । अतः रेलवेद्वारा बनाये गये अण्डरपास से यातायात सुचारू रूप से चलेगा । अतः इस अण्डरपास पर दोहरीकरण की आवश्यकता नहीं है । |
| 19 | कपासन के निकट स्थित रेलवे लाईन पर स्थित LC No. 33, 34, 39 पर निर्मित अण्डरब्रिज से आवागमन में यात्रियों एवं ग्रामिणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। LC No. 33, 39 में वर्षाकाल में स्थायी रूप से पानी भरा रहता है तथा इसका स्थायी समाधान किया जायें। LC No. 39 पर अण्डरपास निर्माण हेतु स्टे लगा हुआ है, साथ ही LC No. 34 को रेलवे द्वारा बन्द कर दिया गया है उसे चालु कराया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br><u>समपार सं. 33</u> – चित्तौड़–उदयपुर खण्ड में कपासन के पास समपार सं. 33 (कि.मी. 43/7–8)को जिला कलेक्टर, चित्तौड से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 4.5 मीटर चौड़ाई व 4.0 मीटर उँचाई का सबवे बना कर उक्त समपार को मई 2018 में बंद किया गया है।अत्यधिक वर्षा के दौरान सबवे में आस–पास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जल भराव की समस्या होती हैं। रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी।<br><u>समपार सं. 34</u> –चित्तौड़–उदयपुर खण्ड में कपासन के पास समपार सं. 34 (कि.मी. 44/3–4)को जिला कलेक्टर, चित्तौड से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार समपार संख्या 33 के स्थान पर बने सबवे के साथ विलय करके अगस्त 2017 मे बंद कर दिया गया है। रेलवे की वर्तमान नीति के अनुसार बंद किये गये फाटक को पुनः चालू करने का प्रावधान नहीं है।<br><u>समपार सं. 39</u> – चित्तौड़–उदयपुर खण्ड में समपार सं. 39 (कि.मी. 50/2–3)को जिला कलेक्टर, चित्तौड से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 4.5 मीटर चौड़ा व 4.0 मीटर उंचाई के सबवे का कार्य शुरू होने के पश्चात् अप्रोच में भुमि के स्वामित्व के विवाद के कारण माननीय न्यायालय, कपासन द्वारा स्थगन आदेश दिया हुआ है एवं मामला न्यायालय में अभी तक विचाराधीन है। माननीय न्यायालय के निर्णयानुसार वांछित कार्यवाही की जायेगी। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | समपार सं. 41 – चितौड़–उदयपुर खण्ड में समपार सं. 41 (कि.मी. 52/8–9) को जिला कलेक्टर, चितौड से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 4.5 मीटर चौड़ाई व 4.0 मीटर ऊँचाई का सबवे बना कर उक्त समपार को मार्च 2017 में बंद किया गया है।अत्यधिक वर्षा के दौरान सबवे में आस–पास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जल भराव की समस्या होती हैं। रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी। |
| 20 | इन्दौर से वाया चित्तौडगढ़ जयपुर व उदयपुर के लिए दो ट्रेने रवाना होती है, भोपाल इन्दौर से जयपुर ट्रेन नं. 19712 व इंदौर से उदयपरु ट्रेन नं. 19329 जो सांय 6:00 तथा 6:30 बजे रवाना होती है, इनकी रवानगी के समय से आधा घंटे का अन्तर है। इनके समय का तालमेल करने से यात्रियों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19712 भोपाल–जयपुर का भोपाल से प्रस्थान समय 16.35 बजे एवं गाड़ी सं. 19329 इंदौर–उदयपुर का इंदौर से प्रस्थान 17.40 बजे है। उक्त स्टेशनों पर गाड़ियों का समय परिवर्तन किये जाना पश्चिम रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। आपका सुझाव पश्चिम रेलवे को विचारार्थ भेजा जा रहा है। |



Scanned by CamScanner

| 9. श्री धर्मबीर सिंह | |
|---|---|
| 1 | लोहारू से भिवानी के लिए घोषित नई रेलवे लाईन कब तक पूरी हो जायेगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>लोहारू भिवानी नई लाईन हेतु RECT Survey रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 18.10.2017 को भेज दी गई है जिसकी लम्बाई–58.83 किमी., लागत–529.36 करोड़, आरओआर–(–)11.74 प्रतिशत है। परियोजना को रेलवे बोर्ड ने अलाभप्रद मानते हुए दिनांक 28.05.2018 को Drop कर दिया है। |
| 2 | **रेवाड़ी से लोहारू लाईन पर कनीना खास, महेन्द्रगढ़, सतनाली व लोहारू स्टेशनों हेतु नई गाड़ियों और ठहराव हेतुः–** |
| 2.1 | गाड़ी संख्या 22471/72 का सतनाली स्टेशन पर ठहराव दिया जाए। इस मांग को वरीयता दी जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सतनाली स्टेशन पर 03 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 07 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। सतनाली स्टेशन पर यात्री व आय क्रमशः 136 व 3479 रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः मेल एक्सप्रेस का गाड़ियों का सतनाली स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है।<br>उल्लेखनीय है कि यात्री सुविधा को देखते हुए गाड़ी सं. 15623/24 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस का सतनाली स्टेशन पर दिनांक 10.02.2019 से ठहराव दिया गया है। ठहराव दिनांक 10.02.2019 के बाद इस स्टेशन की प्रतिदिन, प्रतिगाड़ी आय 1523 रूपये एवं यात्री भार 56 हैं। |
| 2.2 | दिल्ली से हिसार सीधी पैसेंजर गाड़ी संख्या 54309/10 से क्षेत्र के लोगों का जितनी आसानी हुई इसके दिल्ली से 20 मिनट देरी से मिलने के कारण जिस डीएमयू गाड़ी 74845/46/47/48 की जगह चली थी के समय पर नहीं चलने के कारण और सुबह के समय दिल्ली की तरफ जाते समय रोजाना रेवाड़ी में प्लेटफार्म खाली होने के बावजूद नांगल मुंदी में 45 मिनट क्रॉसिंग के लिए रोकने के कारण सीधी दिल्ली की गाड़ी मिलने से जितनी आसानी हुई उतनी ही परेशानी हो गई। अतः इस गाड़ी का समय दिल्ली मण्डल से 20 मिनट जल्दी करवाया जाए ताकि डीएमयू के समय पर चले और नांगल मुंदी में क्रॉसिंग के लिए 45 मिनट नहीं रोका जाए। इसके लिए मैनें उत्तर रेलवे महाप्रबंधक को भी पत्र लिखा है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 54310 हिसार–दिल्ली पैसेंजर नांगल मुंडी स्टेशन पर 08.25 बजे आती है तथा इसका प्रस्थान समय 09.10 बजे है तथा रेवाड़ी स्टेशन पर इस गाड़ी का आगमन प्रस्थान समय 09:25 एवं 09:35 है। नांगल मुंडी स्टेशन पर तीन गाड़ियों |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | (54309 रेवाड़ी–08.15 नांगल गुंडी–08.28, 14812 (बुध, शुक) रेवाड़ी–08.35 नांगल गुंडी–08.48 थ्रू, 22421 रेवाड़ी–08.55 नांगल गुंडी–09.08 थ्रू) का कॉरिंग करवाया जाता है। हिसार–रेवाड़ी इकहरी रेल खण्ड है अतः विपरीत दिशा से आने वाली गाड़ी का क्रासिंग किसी ना किसी स्टेशन पर कराना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि रेवाड़ी दिल्ली के मध्य सुबह 09:35 से पहले कोई पाथ उपलब्ध नहीं है।<br>गाड़ी सं. 54309 दिल्ली–हिसार पैसेंजर का दिल्ली से प्रस्थान समय बदला जाना उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 2.3 | लोहारू, सतनाली, महेन्द्रगढ़, कनीना खास, गुरूग्राम से राजधानी चंडीगढ़ की कोई गाड़ी नहीं है और जोधपुर से दिल्ली गाड़ी संख्या 22481/82 दिल्ली में पूरे दिन खाली खड़ी रहती है व यह गाड़ी दिल्ली सराय रोहिल्ला सुबह हिमालय क्वीन एक्सप्रेस 05:35 के चंडीगढ़ के लिए चलने के समय से 15 मिनट पहले 05:20 बजे पर सराय रोहिल्ला पहुँचती है और रात को हिमालय क्वीन एक्सप्रेस 14095/96 के दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचने के समय 22:40 के 35 मिनट बाद 23:15 पर जोधपुर के लिए चलती है। अतः इन दोनों गाड़ियों का मर्ज करके चलाया जाए तो रेल की बचत होगी, मेरे लोकसभा क्षेत्र और गुरूग्राम को चंडीगढ़ की गाड़ी मिलेगी, जोधपुर चंडीगढ़ से दिल्ली के रास्ते जुडेगा, पानीपत में रोजाना एकता एक्सप्रेस 14795/96 और हिमालय क्वीन एक्सप्रेस के सुबह शाम लिंक एक्सप्रेस जोड़ने/हटाने की शंटिंग कम होगी, भिवानी से एकता एक्सप्रेस में सीटें बढ़ेगी और दिल्ली से हिमालय क्वीन एक्सप्रेस में सीटें बढ़ेगी। अतः इन दोनों गाड़ियों को मर्ज किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 22481/22482 जोधपुर – दिल्ली सरायरोहिल्ला एक्सप्रेस को हरिद्वार तक विस्तारित करने हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में भेजा गया था तथा इसे न्यू ऋिषिकेश वाया हरिद्वार विस्तारण हेतु सहमति भी बनी है। कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। अतः इस गाड़ी को किसी ओर गाड़ी से मर्ज कर चलाये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 2.4 | 14055/56 ब्रह्मपुत्र मेल को महेन्द्रगढ़ के रास्ते बीकानेर तक बढ़ने हेतु बीकानेर मण्डल ने वाणिज्य दृष्टि से औचित्य बताया था और गंगानगर तक बढ़ाने हेतु जोन की तरफ से प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भिजवाया गया परन्तु आज तक यह गाड़ी दिल्ली से आगे नहीं बढ़ पाई क्योंकि दिल्ली में प्राथमिक मरम्मत होती है। लाई आवेर समय कम था और अतिरिक्त रेक की जरूतर थी। अभी इस गाड़ी की प्राथमिक मरम्मत डिब्रूगढ़ शिफ्ट हो गई है और 17:30 घंटे का दिल्ली में लाई ओवर है। अतः इस गाड़ी को महेन्द्रगढ़ के रास्ते सीकर, सादुलपुर, चुरू में राजस्थान तक बढ़ाया जाए या सालासर 22421/22 में मर्ज करके बाड़मेर तक बढ़ाया जाए ताकी क्षेत्र की लंबी दूरी की गाड़ी मिल सके और क्षेत्र का उत्तर–पूर्व क्षेत्र के राज्यों से सीधा रेल संपर्क हो सके। इसके लिए मैनें कई पत्र लिखे हैं। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14055/56 डिब्रूगढ–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल को गाड़ी सं. 22421/22 जोधपुर–दिल्ली सरायरोहिल्ला एक्सप्रेस में मर्ज कर बाड़मेर तक बढ़ाये जाने पर बाड़मेर में द्वितीय अनुरक्षण की आवश्यकता होगी। इसके लिए बाड़मेर स्टेशन पर 7 दिन अतिरिक्त पिट स्लॉट की आवश्यकता होगी। बाड़मेर स्टेशन पर केवल एक ही पिटलाइन उपलब्ध है अतः सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण इस गाड़ी का बाड़मेर तक विस्तारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 2.5 | गाड़ी संख्या 04735/36 बीकानेर से हरिद्वार को स्थायी किया जाए इसके लिए मैंनें कई पत्र लिखे हैं और यह गाड़ी पिछले 5 साल से स्पेशल के तौर पर चल रही है और उत्तर रेलवे ने भी इस पर कोई ऐतराज नहीं जताया है और लिखा है कि मामला उत्तर पश्चिम रेलवे से संबंधित है। यह गाड़ी IRTTM में भी पास की गई है और इस गाड़ी को स्थायी करने हेतु नए रेक की भी आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह गाड़ी बीकानेर से पूरी के रेक के लाई आवर से चलाई जाती है। परंतु रेलवे बोर्ड से इस गाड़ी को आज तक मंजूरी नहीं मिल सकी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 04735/04736 बीकानेर–हरिद्वार–बीकानेर साप्ताहिक विशेष गाड़ी के स्थान पर नियमित गाड़ी संख्या 14717/18 बीकानेर–हरिद्वार त्रिसाप्ताहिक का संचालन दिनांक 02.12.2018 से प्रारम्भ कर दिया गया है। |
| 2.6 | दिल्ली से जैसलमेर वाया महेन्द्रगढ़ 200 किलोमीटर छोटा रास्ता है परन्तु जैसलमेर के लिए सिर्फ 12371/72 साप्ताहिक ही चलती है अतः बीकानेर/जैसलमेर से दिल्ली नई एक्सप्रेस/अन्तोदय/जनशताब्दी जैसी पापुलर दैनिक गाड़ी चलाई जाए जो बीकानेर से सुबह 4 बजे या जैसलमेर रात्री 11 बजे चलकर महेन्द्रगढ़ 9 बजे के आस–पास तक पहुँचे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जैसलमेर स्टेशन पर वर्तमान में अनुरक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा बीकानेर में सीमित अनुरक्षण सुविधा होने के कारण नई गाड़ी चलाये जाना वर्तमान में संभव नहीं है। वर्तमान में बीकानेर से दिल्ली के मध्य 05 एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित की जा रही है जिनमें 03 दैनिक, 01 साप्ताहिक एवं 01 त्रिसाप्ताहिक हैं जो वर्तमान यातायात को देखते हुए पर्याप्त हैं। महेन्द्रगढ़ स्टेशन से दिल्ली के लिए वर्तमान गाड़ी सं. 54310 हिसार–दिल्ली प्रातः 07.36 बजे उपलब्ध है।<br>उल्लेखनीय है कि अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में गाड़ी सं. 12259/60 सियालदाह–नई दिल्ली दुरन्तो एक्सप्रेस को सप्ताह में चार दिन बीकानेर तक वाया रेवाड़ी –महेन्द्रगढ–चुरु–रतनगढ़ विस्तारित करने की सहमति बनी है जिस पर कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 2.7 | हनुमानगढ़/गंगानगर से दिल्ली के नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए। बीकानेर मण्डल द्वारा एक प्रस्ताव बीकानेर से वाया सूरतगढ़–हनुमानगढ़–सादुलपुर 12 डिब्बों के रेक का भिजवाया गया था। कृपया उक्त प्रस्ताव को पास करवाएँ और यह एक्सप्रेस गाड़ी चलाएं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हनुमानगढ़ स्टेशन पर वर्तमान में अनुरक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा होने के कारण नई गाड़ी चलाये जाना वर्तमान में संभव नहीं है। गाड़ी संख्या 54011/54012 तिलक ब्रिज – सादुलपुर सवारी गाड़ी को नये नम्बर गाड़ी संख्या 54767/54768 से दिनांक 17.02.2019 को श्रीगंगानगर तक विस्तारित कर दिया गया है।<br>उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाडी संख्या 12439/40 श्रीगंगानगर–नांदेड़ का संचालन सप्ताह में एक दिन वाया हनुमानगढ़ दिनांक 31.05.2019 से प्रारम्भ कर दिया गया है। |
| 2.8 | 22471 में 2S की सुविधा दोबारा शुरू की जाए। इस बारे में मैनें कई पत्र लिखे हैं और बीकानेर मण्डल की तरफ से PCCM/NWR मुख्यालय को प्रस्ताव भी भेजा गया है परन्तु सुविधा आज तक शुरू नहीं हो पाई।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 22471 में दो स्लीपर कोच को 2एस में परिवर्तित किया गया था किन्तु इसकी उपयोगिता अत्यंत कम (लगभग 19 प्रतिशत) होने के कारण इस सुविधा का दोबारा शुरू किये जाने का वाणिज्यिक औचित्य प्रतीत नही होता है। |
| 2.9 | 54768 का रेवाड़ी में अभी भी 15 मिनट है उसे कम करके 5 मिनट किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 54768 दिल्ली सराय रोहिल्ला–श्रीगंगानगर पैसेंजर का रेवाड़ी स्टेशन पर क्रू एवं गार्ड चैंज किया जाता है तथा इसके साथ ही इंजन में फ्यूलिंग भी किया जाता है, अतः इन कार्यों हेतु 15 मिनट दिये जाने आवश्यक हैं। |
| 2.10 | 54767/68 में दिल्ली जाने हेतु यात्रियों को जगह नहीं मिलती इसलिए 74001/4 जिसका रेवाड़ी जंक्शन पर 07:00 घंटे का लाई ओवर है में इस गाड़ी को लोहारू तक वढ़ाया जाए और सीकर से रेवाड़ी पैसेंजर को सीकर से लोहारू तक सीमित किया जाए या पुराने प्रस्ताव के अनुसार 74001/04 में एक अतिरिक्त डीएमयू रेक डालकर 59727/28/29/30 की जगह सीकर तक बढ़ाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में डेमू रेक की कम उपलब्धता होने के कारण गाड़ी सं. 59727/28/29/30 रेवाड़ी–सीकर–रेवाड़ी के रेक को डेमू में बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।<br>आपका सुझाव नोट कर लिया गया है आगामी समय सारणी के दौरान इस सुझाव पर विचार किया जाना संभव होगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 2.11 | गाड़ियों की समय सारणी में 12 मिनट प्रति 100 किलोमीटर परिचालन और 12 मिनट इंजीनियरिंग के अतिरिक्त जोड़ा जाता है जिसके कारण जोन के आखरी स्टेशन से पहले और आखरी स्टेशन के बीच घंटों का अतिरिक्त समय होता है जैसे नांगल मुँदी और रेवाड़ी के बीच कई पैसेंजर गाड़ियों का 13 किलोमीटर के लिए एक घण्टे से भी ज्यादा दिया गया है जिसके कारण अगर गाड़ियाँ समय पर रेवाड़ी पहुँचती हैं तो घंटों रेवाड़ी खड़ी रहती हैं या नांगल मुँदी में घंटों खड़ा रखा जाता है और फिर कहा जाता है कि गाड़ी रेवाड़ी में RT सही समय पर है। इसलिए 24 किलोमीटर प्रति 100 किलोमीटर का पूरे मण्डल की दूरी का सारा अतिरिक्त समय रेवाड़ी के आसपास ना इक्ठठा किया जाए कुछ समय सादुलपुर/लोहारू तक एडजस्ट किया जाए ताकि रेवाड़ी और रेवाड़ी के आसपास गाड़ियाँ घंटों ना खड़ी रहें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार इंजीनियरिंग अलाउंस प्रति 100 किमी पर 06 मिनट है तथा परिचालनिक एलाउंस आवश्यकतानुसार दिया जाता है एवं अधिकांशतः इन अलांउस को इंटरचैंज पॉइंट को ध्यान में रखकर दिया जाता है। |
| 3 | **महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं अपेक्षित हैः–** |
| 3.1 | प्लेटफार्म नंबर 2 पर टीन शैड की व्यवस्था<br>**रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ़ स्टेशन एनएसजी–5 श्रेणी का स्टेशन है। इस पर MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ) के मापदण्ड के अनुसार प्लेटफार्म नं. 1 पर 50 वर्गमीटर के स्थान पर 272 वर्गमीटर की टीन शेड उपलब्ध हैं। |
| 3.2 | बुकिंग कार्यालय और प्लेटफार्म पर CCTV कैमरा<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर मण्डल के महेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत किया गया है तथा यह कार्य स्टेशनों की प्राथमिकता के अनुसार रेलटेल द्वारा किया जायेगा। |
| 3.3 | इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम<br>**रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ़ एनएसजी–5 श्रेणी का स्टेशन है व इस श्रेणी के रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति के अनुसार कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाने का प्रावधान नहीं है। तदापि resources उपलब्ध होने पर इस सुविधा पर विचार किया जायेगा। |
| 3.4 | स्टेशन पर किसी भी बैंक का ATM<br>**रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर एटीएम लगाने हेतु दिनांक 05.09.2019 को ई–निविदा खोली गई है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3.5 | बेजवास हाल्ट (BJWS) का प्लेटफार्म लेवल ऊँचा किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>बेजवास हाल्ट में प्लेटफार्म ऊँचा करने का कार्य स्वीकृत है। फंड की उपलब्धता होने पर निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाएगी। |
| 4 | सतनाली स्टेशन राजस्थान की सीमा से सटा हरियाणा का प्रमुख कस्बा उपतहसील व खण्ड मुख्यालय कस्बा सतनाली सैनिक बाहुल्य क्षेत्र दोनों राज्यों के 80 गाँवों व ढ़ाणियों का मुख्य केन्द्र व महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है जहाँ सड़क परिवहन के सीमित संसाधनों के कारण क्षेत्र के लोग पूरी तरह से रेल परिवहन पर आश्रित हैं लेकिन रेवाड़ी से सादुलपुर के बीच आय व यात्री भार के मामले में तीसरा सबसे बड़ा स्टेशन होने के बावजूद स्टेशन पर प्लेटफार्म शैड सहित अन्य यात्री सुविधाओं का अभाव है। |
| 4.1 | सतनाली स्टेशन के प्लेटफार्म पर प्लेटफार्मशैड लगवाए जाएं।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सतनाली स्टेशन एनएसजी–6 श्रेणी का स्टेशन है। इस पर MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ) के मापदण्ड के अनुसार प्लेटफार्म नं. 1 पर 101 वर्गमीटर व प्लेटफार्म नं. 2 पर 104 वर्गमीटर का शैड उपलब्ध है। |
| 4.2 | स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सतनाली में एफओबी का कार्य स्वीकृत है। फंड की उपलब्धता होने पर निविदा आमंत्रित करने की कार्यवाही की जाएगी। |
| 4.3 | स्टेशन परिसर में हाई मास्ट लाईट लगवाई जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सर्कुलेटिंग एरिया में रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार 30 LUX की रोशनी उपलब्ध करानी है। सतनाली स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में अभी 29.2 LUX की रोशनी उपलब्ध है जो कि पर्याप्त है। चूँकि सतनाली स्टेशन का सर्कुलेटिंग एरिया एल (L) शेप में है, इस वजह से हाई मास्ट लाईट पूरा एरिया कवर नहीं कर पाएगी इसलिए इस स्टेशन पर हाई मास्ट लाईट उपयुक्त नहीं है। |
| 4.4 | रेलवे स्टेशन की अधूरी चारदिवारी पूरी करवाई जाए जिससे स्टेशन परिसर में जलभराव की समस्या दूर हो सके।<br>**रिमार्क्स:–**<br>प्लेटफार्म रेजिंग का कार्य प्रगति पर है तथा इस कार्य के दौरान अधूरी चारदिवारी का कार्य भी करवाया जाएगा। |
| 4.5 | स्टेशन परिसर के मुख्य द्वार का निर्माण करवाया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में मुख्य द्वार के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। यदि माननीय सांसद महोदय MPLAD फंड से निधि उपलब्ध कराऐ तो सकारात्मक विचार किया जाएगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 4.6 | दोनों प्लेटफार्मों पर पेयजल, वाटरटैप, बूथ तथा शौचालयों का निर्माण किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>यात्री आय 2016–17 के अनुसार सतनाली एनएसजी 6 श्रेणी स्टेशन है । जहां पर रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के मानदण्डानुसार पेयजल हेतु 4 नलों का प्रावधान है जबकि वर्तमान में 5 नल उपलब्ध है । इसी तरह 01 शौचालय का प्रावधान है जबकि वहां 04 शौचालय उपलब्ध है जो कि रेलवे बोर्ड के मानदण्ड एवं वर्तमान यात्रीभार के मध्य नजर पर्याप्त है । |
| 4.7 | स्टेशन पर स्वचालित उद्घोषणा प्रणाली लगवाई जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>यात्री आय 2016–17 के अनुसार सतनाली एनएसजी 6 श्रेणी स्टेशन है । जहां पर रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के मानदण्डानुसार स्वचालित उद्घोषणा सिस्टम का प्रावधान नहीं है । |
| 4.8 | स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से जी.आर.पी/आर.पी.एफ. की तैनाती करवाई जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सतनाली रेलवे स्टेशन पर महेन्द्रगढ़ व लोहारू स्टेशन के मध्य है। महेन्द्रगढ़ से 20 किमी व लोहारू से 17 किमी के दूरी पर स्थित है। महेन्द्रगढ़ व लोहारू स्टेशन पर सुरक्षा बल सदैव तैनात कराया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी आवश्यकता पड़ने पर महेन्द्रगढ़ या लोहारू से स्टॉफ लगाया जाता है। |
| 4.9 | स्टेशन पर स्थायी सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>स्टेशन पर सफाई के लिए पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी कार्य करता है। जिसका वेतन स्टेशन अधीक्षक को दिये गये स्टेशन अग्रदाय से प्रतिमाह दिया जाता है। |
| 4.10 | रिजर्वेशन बुकिंग व साधारण बुकिंग काउंटर अलग–अलग किए जाएं क्योंकि स्टेशन पर केवल एक ही बुकिंग क्लर्क है इस कारण रिजर्वेशन के समय साधारण टिकिट देने में अक्सर देरी हो जाती है। इसके अलावा साधारण बुकिंग के समय में रिजर्वेशन बुकिंग का कार्य बंद रहता है। जिससे यात्रियों को मजबूरी में बाहर से अथवा अन्य स्टेशनों पर रिजर्वेशन करवानी पड़ती है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सतनाली स्टेशन पर यूटीएस कम पीआरएस तथा 01 एटीवीएम की सुविधा उपलब्ध है। आरक्षित–सह–अनारक्षित काउन्टर का कार्यभार 18 आरक्षित स्लिप है एवं 1317 अनारक्षित टिकट का है। उक्त कार्यभार को दृष्टिगत रखते हुए अलग टिकट खिडकी औचित्यपूर्ण प्रतीत नही होती। इस के अतिरिक्त मोबाईल द्वारा भी अनारक्षित टिकट की सुविधा उपलब्ध है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 4.11 | स्टेशन पर रात्रि के समय में भी बुकिंग क्लर्क की तैनाती करवाई जाए क्योंकि रात्रि में बुकिंग का काम भी स्टेशन मास्टर के ही जिम्मे है।<br>**रिमार्क्स:—**<br>रात्री के समय में कम टिकट जारी होते है इस लिए टिकट बुकिंग का कार्य स्टेशन मास्टर द्वारा किया जाता है साथ ही एटीवीएम द्वारा भी टिकट जारी किये जाते है। |
| 4.12 | स्टेशन पर पार्किंग का सुविधा शुरू करवाई जाए।<br>**रिमार्क्स:—**<br>सतनाली स्टेशन पर पार्किंग का ठेका दिये जाने का कार्य विचाराधीन है। शीघ्र ही टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। |
| 4.13 | स्टेशन पर प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया जाए।<br>**रिमार्क्स:—**<br>सतनाली स्टेशन पर MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ) के मापदण्ड के अनुसार प्रतीक्षालय उपलब्ध है। |
| 5 | **लोहारू जंक्शन की रेल सम्बंधी मांगे निम्न लिखित है।** |
| 5.1 | प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन लगाए जाए।<br>**रिमार्क्स:—**<br>लोहारू एनएसजी—5 श्रेणी का स्टेशन है व इस श्रेणी के रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति के अनुसार कोच इंडिकेशन बोर्ड लगानें का प्रावधान नहीं है। तदापि resources उपलब्ध होने पर इस सुविधा पर विचार किया जायेगा। |
| 5.2 | प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 पर पेयजल के लिए वाटर कुलर की व्यवस्था की जाए।<br>**रिमार्क्स:—**<br>यात्री आय 2016—17 के अनुसार लोहारू एनएसजी 5 श्रेणी स्टेशन है । रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के मानदण्डानुसार पर्याप्त है। प्लेटफार्म सं0 1 पर 2 वाटर कूलर एवं प्लेटफार्म सं0 2, 3 एवं 4 पर 1—1 वाटर कूलर हैं। |
| 5.3 | सीकर—लोहारू रेलमार्ग पर सुबह 8 बजे के आसपास सीकर जाने तथा सांय सीकर से सांय 5 बजे पहुँचने वाली सवारी गाड़ी का संचालन शुरू किया जाए जिससे सीकर की ओर जाने वाले दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सके। गेज परिवर्तन से पहले उपरोक्त समय पर इस रेलमार्ग पर गाड़ी थी जिसे गेज परिवर्तन के बाद संचालित नहीं किया गया है।<br>**रिमार्क्स:—**<br>आपका सुझाव नोट कर लिया गया है आगामी समय सारणी के दौरान इस सुझाव पर विचार किया जाना संभव होगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 6 | रेवाड़ी से रींगस लाईन पर अटेली से निजामपुर सेक्शन पर नई गाड़ियों और ठहराव से संबंधित:– |
| 6.1 | निजामपुर स्टेशन पर 22451/52 (चंडीगढ़ से बांद्रा) और 12065/66 (अजमेर–दिल्ली) का ठहराव करवाया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में निजामपुर स्टेशन पर 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। गाड़ी सं. 22451/52 चंडीगढ़–बांद्रा टी एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं. 12065/66 अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला के निजामपुर स्टेशन पर ठहराव दिये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य की जांच के उपरान्त कार्यवाही किये जाना संभव होगा। उक्त स्टेशन की प्रतिगाड़ी, प्रतिदिन की आय 1633 रूपये एवं यात्री भार 72 हैं। |
| 6.2 | मिर्जापुर बाछोद हाल्ट की शिपिटंग अभी तक नहीं हुई है अतः इस काम को वरीयता पर करवाया जाए इस बारे में मैं पहले भी कई पत्र लिख चुका हूँ।<br>**रिमार्क्स:–**<br>प्रस्तावित मिर्जापुर बाछोद हाल्ट स्टेशन मिर्जापुर बाछोद से 1.25 किमी एवं अटेली से 5.69 किमी दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित स्टेशन से दोनो तरफ के स्टेशनों की दूरी 05 किमी से कम होने के कारण रेलवे बोर्ड के मापदंडानुसार उक्त स्टेशन को खोलना हालांकि औचित्यपूर्ण नही था फिर भी प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड से यात्री सुविधा देने के आधार पर विचारार्थ भेजा था किन्तु वित्तीय विविक्षा के अभाव मे स्वीकृति अभी तक प्राप्त नही हुई है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड में हाल्ट स्टेशन से संबंधित नीति की समीक्षा की जा रही है। |
| 6.3 | 19609/10 उदयपुर से हरिद्वार जो 3 दिन चलती है को दैनिक/नियमित किया जाए बाकी 4 दिन वाया नरनौल चलाया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित चलाये हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस गाड़ी को दैनिक चलाये जाने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017, 2018 में प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 6.4 | अटेली स्टेशन पर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अटेली पर एफओबी मय रेम्प बनाने का कार्य स्वीकृत हो चुका है तथा कार्य का स्वीकृति पत्र दिनांक 26.04.2018 को जारी कर दिया गया है। इस कार्य को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। |







Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 6.5 | अटेली स्टेशन पर आरक्षण विंडो।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अटेली स्टेशन वर्तमान में एनएसजी–6 श्रेणी का स्टेशन है । यहां स्टेशन टिकिट बुकिंग ऐजेण्ट (एसटीबीए) नियुक्त है। एसटीबीए की नीति के अनुसार जिस स्टेशन पर यह सुविधा है आरक्षण की सुविधा देय नहीं है। |
| 6.6 | अटेली स्टेशन पर आरक्षण विंडो बुकिंग कार्यालय और प्लेटफार्म पर CCTV कैमरा।<br>**रिमार्क्स:–**<br>जयपुर मण्डल के अटेली रेलवे स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत किया गया है तथा यह कार्य स्टेशनों की प्राथमिकता के अनुसार रेलटेल द्वारा किया जायेगा। |
| 6.7 | इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम।<br>**रिमार्क्स:–**<br>अटेली स्टेशन NSG-6 श्रेणी का स्टेशन है, जहाँ पर निर्धारित मानदण्डानुसार इलेक्ट्रोनिक ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम लगाने का प्रावधान नहीं है। तदापि resources उपलब्ध होने पर इस सुविधा पर विचार किया जायेगा। |
| 7 | **दिल्ली से भिवानी लाईन पर नई गाड़ियों से संबंधित।** |
| 7.1 | भिवानी से दिल्ली वाया दादरी, रेवाड़ी मीटर गेज के समय जो हरियाणा एक्सप्रेस चलती थी इस गाड़ी को दोबारा से चलाया जाए क्योंकि इस क्षेत्र की गुरूग्राम और दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा नहीं है। कृपया इस कार्य को वरीयता दें।<br>**रिमार्क्स:–**<br>आपका सुझाव नोट कर लिया गया है आगामी समय सारणी के दौरान इस सुझाव पर विचार किया जाना संभव होगा। |
| 7.2 | 12443/4 नई दिल्ली से हल्दिया का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 12443/44 हल्दिया–आनंद विहार एक्सप्रेस का रेक गाड़ी सं. 14009/10 बापूधाम मोतिहारी–आनंद विहार एक्सप्रेस से अन्तर्बद्ध होने तथा भिवानी स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा के कारण इसका विस्तार भिवानी तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |
| 7.3 | 14009/10 बापू धाम मोतीहारी से आनन्द विहार का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 12443/44 हल्दिया–आनंद विहार एक्सप्रेस का रेक गाड़ी सं. 14009/10 बापूधाम मोतिहारी–आनंद विहार एक्सप्रेस से अन्तर्बद्ध होने तथा भिवानी स्टेशन पर समित अनुरक्षण सुविधा के कारण इसका विस्तार भिवानी तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7.4 | 15273/4 रक्सोल से आनंद विहार का विस्तार भिवानी तक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15273/74 रक्सौल–आनंद विहार एक्सप्रेस 24 कोचों से संचालित की जा रही है जबकि भिवानी स्टेशन पर अनुरक्षण हेतु वाशिंग लाइन केवल 17 कोचों की क्षमता की ही है। अतः इस गाड़ी का विस्तारण भिवानी तक किये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 7.5 | 14207 प्रतापगढ़ से दिल्ली का भिवानी तक विस्तार किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14207/08 प्रतापगढ़–दिल्ली एक्सप्रेस, गाड़ी सं. 14205/06 फैजाबाद–दिल्ली एक्सप्रेस के साथ अन्तर्बद्ध है एवं उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है।<br>आपके प्रस्ताव पर परिचालनिक साध्यता की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाना संभव होगा। |
| 7.6 | 14041/42 मसूरी एक्सप्रेस पूरा दिन दिल्ली खड़ी रहती है। अतः गाड़ी का वाया रेवाड़ी भिवानी/हिसार तक विस्तार किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14042 देहरादून–दिल्ली एक्सप्रेस का दिल्ली आगमन 07.25 बजे तथा गाड़ी सं. 14041 दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस का दिल्ली से प्रस्थान समय 22.25 बजे है तथा दिल्ली में इस गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण होने के कारण इसे दिल्ली से हिसार वाया रेवाड़ी भिवानी बढ़ाया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |
| 8 | रेवाड़ी जंक्शन पर जब मीटर गेज की लाईन थी तब प्राथमिक मरम्मत की सुविधा थी परन्तु ब्रॉड गेज की लाईन बनने के बाद प्राथमिक मरम्मत (pit line) की सुविधा शुरू नहीं की गई है अतः इस सुविधा को दोबारा शुरू किया जाए क्योंकि प्राथमिक मरम्मत की सुविधा रेवाड़ी में होने से इलाके में चलने वाली गाड़ियाँ सुचारू रूप से चल सकेगी। कृपया इस कार्य को वरीयता दें। इस बारे में मैने कई पत्र लिखे हैं और आदरणीय राव इंद्रजीत जी रेवाड़ी सांसद व केन्द्रीय मंत्री जी ने भी पत्र लिखा है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में रेवाड़ी में किसी भी ट्रेन का प्राथमिक अनुरक्षण नही किया जाता है, फिर भी परिचालन विभाग से प्राप्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। |
| 9 | पातुवास मेहराणा (PUW) पर 59721/22 और 54751/52 का ठहराव।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में पाटूवास मेहराणा स्टेशन पर 04 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। पाटूवास मेहराणा स्टेशन पर कुल यात्री व आय कमशः 15 व 223/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 59721/22 (नया नं. 79701/02) जयपुर–हिसार डेमू, गाड़ी सं. 54751/52 रेवाड़ी–श्रीगंगानगर का पाटूवास मेहराणा स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 10 | गाड़ी संख्या 54413 का दिल्ली से चलने का समय 03:20 बजे की बजाय 02:20 बजे करवाया जाए ताकी रेवाड़ी से आगे रींगस और सादुलपुर रूट पर अटेली, महेन्द्रगढ़, सतनाली, कनीना, लोहारू के यात्री रेवाड़ी से चलने वाली गाड़ियाँ पकड़ सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 54413 दिल्ली–रेवाड़ी सवारी गाड़ी दिल्ली से सुबह 03.15 बजे प्रस्थान कर रेवाड़ी स्टेशन पर 05.45 बजे पहुंचती है, जिसका रेवाड़ी में गाड़ी संख्या 74845 रेवाड़ी–हिसार वाया सादुलपुर ( प्रस्थान समय 07.30 बजे) से मिलान उपलब्ध है। यह गाड़ी पूर्णतया दिल्ली गण्डल (उत्तर रेलवे) पर चल रही है, इस गाड़ी के समय परिवर्तन हेतु आपका सुझाव उत्तर रेलवे को विचारार्थ भेजा जा रहा है। |
| 11 | फरटिया भीमा, आजमपुर व अन्य गाँवों की मांग है की सोहाँसड़ा–लोहारू के बीच फाटक नंबर 121 और 122 बीच खंबा नंबर 196/6 RUB का निर्माण करवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सोहासडा–लूहारू के बीच प्रस्तावित लोकेशन कि.मी 169/6 एक ट्रेस पासिंग लोकेशन है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर आरयूबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर आरयूबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यद्यपि कि.मी. 170/3–4 पर राज्य सरकार द्वारा डिपोजिट आधार पर आरयूबी का निर्माण करवाया गया है। |
| 12 | चरखी दादरी स्टेशन पर गरीब रथ का ठहराव दिया जाए क्योंकि ठहराव नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चरखी दादरी अब जिला मुख्यालय है।<br>**रिमार्क्सः–** चरखी दादरी स्टेशन पर कुल यात्री व आय कमशः 134 व 2334/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः चरखी दादरी स्टेशन पर गाडी सं 12983/84 गरीब रथ का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नही है। |
| 13 | बवानी खेड़ा की मांग है की 65 C पर फाटक बनाने की मांग है क्योंकि बवानी खेड़ा के 13 वार्डो में से 2 वार्ड फाटक की दूसरी तरफ है और जनता को फाटक से आने जाने में वहुत परेशानी होती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मानवरहितसमपार फाटक सं. 65 सी (कि.मी. 100/9–10) को कम टीवीयूहोने के कारण जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर वर्ष 2012 में बंद किया गया था। यद्यपि कि.मी. 100/2–3 पर समपार फाटक सं. 64 को आवागमन हेतु स्थानीय जनता द्वारा उपयोग में लिया जा सकता है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 14 | चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर फाटक संख्या 34 C का निर्माण करवाया जाए। (CM Announcement-20387)<br>**रिमार्क्सः–**<br>प्रस्तावित लोकेशन कि.मी. 55/6–7 चरखीदादरी यार्ड में राज्य सरकार द्वारा डिपोजिट आधार पर सबवे के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। रेलवे पोरशन में सबवे के निर्माण का कार्य रेलवे द्वारा एवं अप्रोच का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। रेलवे द्वारा आरसीसी बॉक्स तैयार कर लिये गये हैं तथा राज्य सरकार द्वारा अप्रोच का कार्य शुरू करने के पश्चात् स्थानीय विभाग के समन्वय में आरसीसी बॉक्स इन्सर्शन का कार्य किया जायेगा। |
| 15 | चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर फाटक संख्या 52–C का निर्माण करवाया जाए। (CM Announcement-20387)<br>**रिमार्क्सः–**<br>समपार सं. 52 सी (कि.मी. 81/9–10), पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का कार्य वर्ष 2018–19 में स्वीकृत है। उक्त आरओबी के रेलवे पोरशन में कार्य रेलवे के निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है एवं अप्रोच रोड का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। उक्त कार्य की जीएडी राज्य सरकार द्वारा तैयार की जा रही है। जीएडी अनुमोदन पश्चात् आगे की कार्यवाही की जायेगी। |
| 16 | गाड़ी संख्या 22985/86 उदयपुर से दिल्ली राजस्थान हमसफर का ठहराव दिल्ली कैंट स्टेशन पर करवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>दिल्ली कैंट स्टेशन उत्तर रेलवे के स्वामित्व में आता है अतः इस स्टेशन पर गाड़ी सं. 22985/86 उदयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाना उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 17 | गाड़ी संख्या (19027/19028) विवेक साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव सिवानी (SWNI) स्टेशन पर दिया जाये, क्योंकि यह तहसील मुख्यालय है और आस–पास के 30–40 गाँव भी लाभान्वित होंगे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सिवानी स्टेशन पर 05 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सिवानी स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 43 व 742/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः सिवानी स्टेशन पर गाडी सं 19027/28 बांद्रा–जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नही है। |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 18 | गाड़ी नंबर (22915/22916) हिसार–बांद्रा साप्ताहिक एक्सप्रेस का ठहराव सिवानी (SWNI) स्टेशन पर दिया जाये, क्योंकि यह तहसील मुख्यालय है और आस–पास के 30–40 गाँव भी लाभान्वित होंगे।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में सिवानी स्टेशन पर 05 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सिवानी स्टेशन पर कुल यात्री व आय कमशः 43 व 742/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः सिवानी स्टेशन पर गाडी सं 22915/22916 हिसार–बांद्रा एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नही है। |
| 19 | गाड़ी नंबर 19027–19028 विवेक एक्सप्रेस एवं 22916/22917 हिसार–बांद्रा दोनों ही 7–8 साल से चल रही है और यात्री भार काफी अधिक होने के कारण कभी भी टिकट उपलब्ध नहीं होती दोनों का सप्ताह में 3–3 दिन संचालन किया जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 19027/28 बांद्रा टी – जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस तथा गाड़ी सं. 22915/16 बांद्रा–हिसार एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ियां हैं। इनकी बारम्बारता बढ़ाने के लिए आपका सुझाव पश्चिम रेलवे को विचारार्थ भेजा जा रहा है। |
| 20 | सिवानी में आर्य कॉलोनी वार्ड नंबर 1 के पास FOB या समपार यात्री पुल बनाया जाये। कॉलोनी को शहर से जोड़ने की ये मांग काफी जायज और पुरानी है ताकि 4–5 किलोमीटर का रास्ता काम हो सके।<br>**रिमार्क्स:–**<br>प्रस्तावित लोकेशन पर कोई समपार फाटक स्थित नहीं है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर एफओवी/आरओवी/आरयूबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर एफओवी/आरओवी/आरयूबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 21 | सिरसा सुबह 6–7 बजे वाया हिसार, सिवानी, सादुलपुर, लोहारू, झुंझुनू, सीकर जयपुर पैसेंजर ट्रेन बहुत ही जरूरी है जो वापसी में जयपुर से 2 या 3 बजे चलकर सिरसा 10 बजे तक वापिस पहुँच जाये, क्योंकि सिरसा, हिसार से इस रूट पर कोई भी पैसेंजर ट्रेन नहीं है और दिन में भी पैसेंजर ट्रेन इस रूट पर नहीं है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>सिरसा स्टेशन पर वर्तमान में अनुरक्षण सुविधाओं का अभाव है अतः सिरसा स्टेशन से गाड़ियों का संचालन किये जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 22 | रतनगढ़ से हिसार सुबह 6 बजे पैसेंजर ट्रेन शुरू की जाये जो 10:30 तक हिसार पहुँच जाये और वापस हिसार से 4:30 से 5:30 के बीच हिसार से चले क्योंकि दिन में 21:30 से 8:30, 6 घंटे का अंतराल बहुत ज्यादा है और हिसार से बहुत यात्री टाइमिंग सही नहीं होने से बसों में यात्रा करने को मजबूर है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में रतनगढ़ से हिसार के मध्य 05 एक्सप्रेस (2 साप्ताहिक, 1 द्विसाप्ताहिक एवं 1 त्रिसाप्ताहिक) तथा 02 पैसेंजर गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। रतनगढ़ से हिसार चलने वाली वर्तमान गाड़ियों का समय परिवर्तन करने से वर्तमान यात्रियों को असुविधा होने की संभावना है। आगामी समय सारणी के दौरान आपके द्वारा सुझावित समयानुसार गाड़ी चलाये जाने पर विचार किये जाना संभव हो सकेगा। |
| 23 | ट्रेन नंबर 74835–74836 हिसार जोधपुर का ठहराव नलोई–बड़वा (BVZ) और (LSE) लसेड़ी दोनों में सुनिश्चित किया जाये। ये दोनों मांग स्थानीय विधायकों ने कई बार की है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में नलोई बरवा स्टेशन पर 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। नलोईबरवा स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 07 व 123/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है फिर भी गाड़ी सं. 74835/36 हिसार–जोधपुर का नलोई बरवा स्टेशन पर ठहराव किये जाने हेतु इस कार्यालय द्वारा अनुशंसा पत्र दिनांक 21.10.2016 को रेलवे बोर्ड भेजा गया है।<br>वर्तमान में लसेड़ी स्टेशन पर 03 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। लसेड़ी स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 07 व 93/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी संख्या 74835/36 जोधपुर–हिसार एक्सप्रेस का लसेड़ी स्टेशन पर ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 24 | ट्रेन नंबर 14717–14718 बीकानेर हरिद्वार को सप्ताह में तीन दिन की जगह रोजाना चलाया जाये और बीकानेर से शाम को 4 या 5 बजे चलकर सुबह 5 से 6 बजे के बीच हरिद्वार पहुँच ताकि उसी दिन 16:30 की ट्रेन पकड़ सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14717/18 बीकानेर–हरिद्वार त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस को दैनिक किये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको के साथ उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इस गाड़ी के समय परिवर्तन हेतु प्रस्ताव उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को इस कार्यालय के पत्र संख्या टी–425/2/3(14717/18) दिनांक 07.05.19 द्वारा भेजा गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 25 | भिवानी–रोहतक लाईन पर 53 नंबर क्रासिंग पर आरयूबी निर्माण किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>समपार सं. 53 के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण पूर्ण करने के पश्चात् जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त समपार फाटक को जून 2016 में बंद किया गया था। वर्तमान में उक्त लोकेशन पर आरयूबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर आरयूबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 26 | रेवाड़ी से दिल्ली के बीच ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम प्रणाली लागू की जाए क्योंकि रेवाड़ी तक की कई लाइनों का ट्रेफिक 2 लाईन से गुजरता है और मौजूदा सिग्नल प्रणाली के अनुसार ट्रैक पर नई गाड़ियों हेतु जगह ना के बराबर है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेवाड़ी से दिल्ली खंड, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। अतः रेवाड़ी से दिल्ली के मध्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का कार्य उत्तर रेलवे के द्वारा जांच कर उन्हें प्रस्तावित करना होगा। |
| 27 | 19337/38 का दिल्ली छावनी स्टेशन पर ठहराव दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>दिल्ली छावनी स्टेशन उत्तर रेलवे के स्वामित्व में आता है अतः इस स्टेशन पर गाड़ी सं. 19337/38 इंदौर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस का ठहराव दिये जाना उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 28 | 22471/72 का कनीना खास स्टेशन पर ठहराव दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में कनीनाखास स्टेशन पर 01 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 07 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। कनीनाखास स्टेशन पर यात्री व आय क्रमशः 42 व 823 रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 22471/72 बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस का कनीनाखास स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 29 | हावड़ा से बाड़मेर नई गाड़ी वाया महेन्द्रगढ़–रेवाड़ी चलाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बाड़मेर से हावड़ा नई गाड़ी वाया लाडनू, सुजानगढ़ सादुलपुर संचालन करना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। इस सम्बध में प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2016 में भी इस रेलवे द्वारा प्रस्तावित किया गया था तथा पुनः उक्त प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सरणी बैठक 2017 एवं 2018 में विचारार्थ भेजा गया था, लेकिन परिचालनिक |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | कारणों से मार्गस्थल रेलवे से सहमति नहीं बन सकी। नई सेवा संचालन हेतु अतिरिक्त संसाधन यथा कोच, इंजन, कर्मीदल इत्यादि संसाधनों के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति/अनुमोदन की आवश्यकता होगी। नई सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |



Scanned by CamScanner

| 10. श्री दिपसिंह शंकर सिंह राठौड़ | |
|---|---|
| 1 | अहमदाबाद– हिम्मतनगर–उदयपुर रेलवे लाईन का मीटर गेज में से ब्रॉड गेज कार्य कितने समय में पूरे होने के बाद रेल व्यवहार शुरू होगा ? कार्य में तेजी लाकर दिसंबर 2019 तक कार्य पूरा किया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूँगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा । शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है । हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा पूर्ण किया जा चुका है । |
| 2 | नड़ीयाद–मोडासा–शामलाजी–उदयपुर रेल लाईन का मीटर गेज में से ब्रॉड गेज कार्य कितने समय में पूरे होने के बाद रेल व्यवहार शुरू होगा? कार्य में तेजी लाकर दिसंबर 2019 तक कार्य पूरा किया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>नडीयाद–मोड़सा–शामलाजी नई रेल लाईन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। शामलाजी–उदयपुर आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। डूँगरपुर से शामलाजी तक के आमान परिवर्तन का कार्य वर्ष मार्च–2020 में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डूंगरपुर से उदयपुर तक रेल लाईन के अमान परिवर्तन का कार्य दिसम्बर, 2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । |
| 3 | मोडासा–हिम्मतनगर–शामलाजी रेल ट्रेक प्रोग्रेस रिपोर्ट की जानकारी देने के संदर्भ में और इस काम को पूरा होने में कितना समय लगेगा? कार्य में तेजी लाकर दिसंबर 2019 तक कार्य पूरा किया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>मोड़सा–शामलाजी नई रेल लाईन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है।शामलाजी से हिम्मतनगर आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है। रायगढ.–शामलाजी खंड का आमान परिवर्तन का कार्य मार्च–2020 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। |
| 4 | भिलोडा तहसील के खोडंबा LHS-761 के संदर्भ को विकसित करने हेतु कार्यवाही की जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>पुल सख्या 761 डूगरपुर–हिम्मतनगर रेल खंड पर स्थित है । यह 1x4.57 Mtr. स्पान का वाटर वे ब्रिज है तथा इस स्थान पर कोई एल.एच.एस. नहीं है। पूर्व में भी रेलवे द्वारा जिला प्रशासन |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | को इस बारे में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि पुल सख्या 761 पानी के बहाव के लिये है तथा इसमें एल.एच.एस. का निर्माण संभव नहीं हैं। पिछले वर्ष पूर्व जिला कलक्टर अरावली के अनुरोध पर पुल सख्या 761 के पास में एल.एच.एस. बनाने का ऐस्टीमेंट रेलवे द्वारा उपलब्ध कराया गया था लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक निर्माण खर्च की राशि रेलवे को जमा नहीं कराई है । |
| 5 | हिम्मतनगर तहसील के बलवंतपुरा फाटक नं. 210 के देवभूमि सर्वे नं. 50 का रास्ता खोलने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>डूंगरपर–हिम्मतनगर रेल खंड के एल.सी. संख्या 210 हिम्मतनगर शहर में स्थित है। कलेक्टर, हिम्मतनगर द्वारा एनओसी जारी करने के बाद इस स्थान पर 5.0मीटर X 4.0 मीटर साईज का एल.एच.एस. डाला गया है। अप्रोच वॉल का काम पूरा हो चुका है और सड़क का काम भी पूरा हो गया है और यह एल.एच.एस. यातायात हेतु खोल दिया गया है। |
| 6 | हिम्मतनगर तहसील के बलवंतपुरा फाटक नं 209 को खोलने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स**<br>डूंगरपर–हिम्मतनगर रेल खंड के समपार फाटक सं. 209 कम टीयूवी की वजह से जिलाधीश के द्वारा एनओसी दिये जाने पर वर्ष 2010 में बंद किया गया था। इस समपार फाटक से 1.5 किमी दूर समपार फाटक सं.208 पर एलएचएस बनाया जा चुका है एवं 1 किमी दूर समपार फाटक सं. 210 पर एलएचएस का कार्य भी पूर्ण कर दिया गया है । समपार फाटक संख्या 209 की फाटक संख्या 208 एवं 210 से क्लीयर कनेक्टिविटी है, अतः समपार फाटक संख्या 209 के उपयोगकर्ता समपार फाटक सं. 208 व 210 पर बने एलएचएस को उपयोग में ले सकते है। |
| 7 | हिम्मतनगर तहसील के खेड़तासीया रोड के गोकुलनगर रेलवे फाटक वाले रास्ते पर ओवरब्रिज बनाने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>समपार फाटक सं. 212 (गोकुलपुरा फाटक) कि.मी. 319/2–3 अजमेर मंडल के उदयपुर हिम्मत नगर खंड पर स्थित है। माह मार्च 2015 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का टीवीयू 25528 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त खंड पर आमान परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है। |





Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 8 | इडर तहसील के वीरपुर गॉव में खेती की पियत जमीन में अंडरग्राउंड 4 इंच वाली पाइपलाइन पूर्व से पश्चिम करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>यह कार्य पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में है अतः कार्यवाही पश्चिम रेलवे द्वारा अपेक्षित है। |
| 9 | इडर तहसील के जादर गॉव में से गुजरती रेल लाइन के नीचे पानी की लाइन ब्लॉक हो गई है जिसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>यह कार्य पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में है अतः कार्यवाही पश्चिम रेलवे द्वारा अपेक्षित है। |
| 10 | हिम्मतनगर तहसील के मथासूलिया गॉव में ब्रिज नं. 832 पिलर नं. 708 को लोकहित में नागरीकों को आवागमन के लिए मंजूरी देना जरूरी है जिसके लिए कार्यवाही करें।<br>**रिमार्क्स –**<br>ब्रिज संख्या 832 जो कि रेलवे किलोमीटर 301/7–8, उदयपुर–हिम्मतनगर लाईन पर रायगढ़ रोड़ और विरावाड़ा स्टेशन के मध्य स्थित है तथा यह 1 X12.20 मीटर स्पान का मेजर ब्रिज है। उक्त पुलिया पानी के बहाव की निकासी हेतु है। वर्तमान निर्देशों के अनुसार किसी भी ब्रिज में जल मार्ग के उपयोग की अनुमति जनता के प्रतिदिन के आवागमन के लिए नहीं दी जा सकती है, फिर भी आम जनता नजदीक के फाटक सख्या 197 पर बने हुए एलएचएस का उपयोग आवागमन के लिए कर सकती है। |
| 11 | हिम्मतनगर तहसील के राजेन्द्रनगर गॉव में जाने के लिए हाइवे से 3 कि.मी. जाना पड़ता है। बीच में रेलवे के अंडरग्राउंड नाला है जिसके पास में प्रोटेक्शन दीवाल थी जो टूट गई है जिसे बारिश के समय ये नाला पानी से भरा रहता है, जिसे गॉव में आने जाने का रास्ता बंद हो जाता है। तो इस बाबत को गंभीरता से लेकर जल्द निराकरण लाया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर रेलवे लाईन के सुनाख– रायगढ़ रोड़ खंड के मध्य समपार फाटक 192 पर अण्डरपास का निर्माण कर दिया गया था । वर्ष 2017 के मानसून के दौरान इस अण्डरपास की अप्रोचवाल गिर गई थी । जिसके कारण यातायात बाधित हुआ था । इस दीवार को जनवरी 2018 में पुनः बना दिया गया । उसके बाद से यहां पर यातायात बाधित होने तथा वर्षा के पानी के भराव की कोई समस्या नहीं है । |
| 12 | हिम्मतनगर तहसील के मोटीडेमाई गॉव में गटरलाईन और पक्की केनाल का निर्माण के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>यह मद पश्चिम रेलवे संबंधित है अतः मद पश्चिम रेलवे को प्रेषित किया जा रहा है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 13 | आपके विभाग के कार्यक्षेत्र में सभी अंडरग्राउंड नाले में पानी भर जाने से ग्रामजनों को तकलीफ हो रही है, उसका जल्द से जल्द स्थल निरीक्षण कर उसका निराकरण किया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>इस मानसून के दौरान उदयपुर–हिम्मतनगर रेल लाईन के विरावाड़ा–हिम्मतनगर रेल खंड के केवल एलएचएस (अण्डरपास) सं.202 एवं 210 में पानी भरने की समस्या हुई है । इन दोनों अण्डरपासों पर वर्षा का पानी निकालने के लिये 10 हार्सपावर के दो पंप सेट लगाये गये हैं तथा वर्षा का पानी अण्डरपास में भरते ही तुरन्त पंप द्वारा पानी निकालने का कार्य शुरू कर दिया जाता है । अन्य अण्डरपासों पर पानी भरने की कोई समस्या सामने नहीं आई है । |
| 14 | हिम्मतनगर तहसील के वगडी गॉव में आने जाने का रास्ता बंद किया गया है तो इस गॉव वालों को आने जाने के लिए रास्ता खोला किया जाये।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर रेल लाईन के रायगढ़ रोड़ एवं विरावाड़ा रेलवे स्टेशनों के मध्य रेलवे किमी. 299/1–2 पर मानवरहित समपार फाटक सं.195 स्थित था । इस फाटक पर अजमेर मंडल द्वारा जिलाधीश, साबरकांठा से फाटक बंद कर 1x4x5मीटर का अण्डरपास बनाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया था । लेकिन पानी भराव की समस्या एवं अपर्याप्त भूमि उपलब्ध होने की वजह से वहां पर अण्डरपास बनाना संभव नहीं हो सका । इस समपार फाटक 195 से 300 मीटर की दूरी पर मानवरहित समपार फाटक सं.194 पर अण्डरपास बना दिया गया है । इस अण्डरपाससे फाटक सं.195 को जोड़ने के लिए रास्ते हेतु दांई तरफ पर्याप्त भूमि है लेकिन बांई तरफ पर्याप्त भूमि नहीं है । इस हेतु रेलवे विभाग ने ग्रामीणों के साथ रास्ते की भूमि हेतु बात की है । जिससे की रास्ते में पड़ने वाले पेड़ एवं जंगल की सफाई करके रेलवे विभाग द्वारा ग्रामीणों को आवागमन हेतु रास्ते की सुविधा दे दी जायेगी । |
| 15 | दहेगामडा गॉव में रेलवे स्टेन्ड गॉव से दूर है तो इस रेलवे स्टेन्ड को गॉव के पास रखे और उसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>दहेगामड़ा गांव उदयपुर–हिम्मतनगर रेलवे लाईन पर जगाबोर हाल्ट स्टेशन तथा लुसाड़िया रेलवे स्टेशन के बीच स्थित है । यह गांव रेलवे लाईन से 1.5 किमी. की दूरी पर स्थित है । दहेगामड़ा गांव की दूरी जगाबोर हाल्ट स्टेशन तथा लुसाड़िया रेलवे स्टेशन से लगभग 4 किमी है । इस गांव के पास नया रेलवे स्टेशन बनाने की मांग है जिसके लिए वर्तमान आमान परिवर्तन परियोजना के तहत कोई कार्य स्वीकृत नहीं है । |
| 16 | गांभोई गॉव में रेलवे स्टेन्ड गॉव से दूर है तो इस रेलवे स्टेन्ड को गॉव के पास रखे और उसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>गंभोई रेल सेक्सन विरावड़ा –रायगढ़ रोड रेल लाईन से करीब 1 एक किमी दूर राष्ट्रीय |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | राजमार्ग संख्या –8 पर स्थित है। गंभोई करबा की दिगावड़ा से दूरी करीब 3.5 किमी तथा रायगढ़ रोड से दूरी लगभग 9 किमी है। रेलवे बोर्ड के मापदंडानुसार हाल्ट बनाना उक्त स्थान पर औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 17 | हिम्मतनगर तहसील के पिपलोदी गॉव में एल.सी.नंबर 80 के पास अण्डरब्रिज का काम शुरू होने से पूर्व पश्चिम तरफ उत्तरी बाजू किसानों को खेत में आने जाने का रास्ता बंद किया तो किसानों को आने जाने के लिए कट रास्ता देने और उसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>यह कार्य पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में है अतः कार्यवाही पश्चिम रेलवे द्वारा अपेक्षित है। |
| 18 | अहमदाबाद–हिम्मतनगर रेलवे लाइन पर तलोद स्टेशन में स्टोपेज दें और उसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>अहमदाबाद–हिम्मतनगर रेलखण्ड पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में आता है। अतः उक्त रेलखण्ड पर किसी भी गाड़ी का ठहराव प्रदान कर प्रदान करना पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र का विषय है। आपका सुझाव समुचित कार्यवाही हेतु पश्चिम रेलवे को अग्रेषित किया जा रहा है। |
| 19 | बेरणा गॉव में रेलवे विभाग द्वारा ओवरब्रिज 880 ए की आजू–बाजू सर्वे नंबर (पुराना 403) नया सर्वे नंबर 323 और 397 में लगाई हुई बाउंड्री के तहत डी.एल.आर प्लॉट बुक करें और उसका निराकरण जल्द करने के संदर्भ में।<br>**रिमार्क्स –**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर रेल लाईन के बिरवाड़ा–हिम्मतनगर रेल खंड पर एलएचएस सं. 208 (ब्रिज नं.880–ए) किमी.317/1–2 पर स्थित है। आमान परिवर्तन के कार्य के दौरान त्रुटिवश रेल सीमा के खंबे 60 फिट के बजाय 75 फिट की लंबाई में लगा दिये गये थे । अब इन रेल सीमा खंबों को 60 फिट पर लगाया जा रहा है । |



Scanned by CamScanner

| 11. श्रीमती दिया कुमारी | |
|---|---|
| 1 | क्षेत्र की मुख्य ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करवाया जाए–<br>**क. गाडी संख्या 22421/22422 सालासर – सुपरफास्ट** (भगत की कोठी से दिल्ली सराय रोहिल्ला) वाया डेगाना–रतनगढ़ का गोटन, रैण में ठहराव।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में गोटन स्टे. पर चौदह जोड़ी मेल/एक्स. एवं तीन जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव है। गोटन स्टे. पर ठहराव वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। वाणिज्य विभाग द्वारा गाड़ी सं. 22421/22422 भगत की कोठी– दिल्ली सराय रोहिल्ला सालासर एक्स. का यात्री सुविधा के मध्यनजर प्रयोगिक आधार पर ठहराव किये जाने हेतु अनुशंसा की गई है।<br>वर्तमान में रेन स्टे. पर 04 जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03जोड़ी सवारी गाड़ियों के साथ ही एक जोड़ी अतिरिक्त होली डे विशेष सेवा का ठहराव है। रेन स्टेशन का औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री भार 20 एवं आय रूपये 1126/– है, जो रेलवे बोर्ड की ठहराव नीति के मानक से अत्यन्त कम है। अतः सुझावित अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। यह उल्लेखनीय है कि एक नया ठहराव देने से न्यूनतम 10 मिनट के समय की हानि होती है।<br><br>**ख. गाडी संख्या 12465/12466 जोधपुर–इंदौर इन्टरसिटी का रैण में ठहराव।**<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में रेन स्टे. पर 04जोड़ी मेल/एक्स. एवं 03जोड़ी सवारी गाड़ियों के साथ ही एक जोड़ी अतिरिक्त होली डे विशेष सेवा का ठहराव है। रेन स्टेशन का औसत प्रतिदिन प्रति गाड़ी यात्री भार 20 एवं आय रूपये 1126/– है, जो रेलवे बोर्ड की ठहराव नीति के मानक से अत्यन्त कम है। अतः सुझावित अतिरिक्त गाड़ियों का ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। यह उल्लेखनीय है कि एक नया ठहराव देने से न्यूनतम 10 मिनट के समय की हानि होती है।<br><br>**ग. गाडी संख्या 12489/12490 बीकानेर –दादर का मेंड़ता रोड़ में ठहराव।**<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में मेड़ता रोड़ स्टे. पर 33जोड़ी मेल/एक्स. एवं 13जोड़ी सवारी (रेल बस) गाड़ियों के साथ ही एक जोड़ी अतिरिक्त होली डे विशेष सेवा का ठहराव है। मेड़ता रोड़ स्टेशन के औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 81 एवं आय रूपये 9518/– है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 12489/12490 बीकानेर–दादर द्वि–साप्ता. एक्स. का ठहराव दिया जाना परिचालनिक एवं वाणिज्य दृष्टि |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | से औचित्य पूर्ण नहीं है। इस गाड़ी की उपरे पर औसत गति 55.28 किमी है एवम् अतिरिक्त ठहराव देने से सुपरफास्ट दर्जा की यथास्थिति बनाये रखना औचित्यपूर्ण नहीं होगा। यह उल्लेखनीय है कि एक नया ठहराव देने से न्यूनतम 10 मिनट के समय की हानी होती है।<br><br>**घ.गाडी संख्या 22451/22452 बांद्रा से चण्डीगढ का ब्यावर में ठहराव।**<br>**रिमार्क्सः–**<br>ब्यावर स्टेशन पर वर्तमान में 22 मेल एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी पैसेंजर गाड़ियों का ठहराव है। ब्यावर स्टेशन पर कुल यात्री 121 व आय रू. 14022/– रू प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक के अनुरूप है। यात्री सुविधाओं को देखते हुए गाड़ी सं. 15013/15014 जैसलमेर–काठगोदाम एक्सप्रेस का ठहराव दिनांक 16.04.18 से तथा गाड़ी संख्या 19269/70 मुजफरपुर–मोतीहारी एक्सप्रेस का ठहराव दिनांक 24.08.18 से ब्यावर स्टेशन पर दिया गया है। |
| 2 | नाथद्वारा से ब्यावर वाया कांकरोली–बर–देवगढ़ नवीन रेलवे लाइन स्वीकृत करवाए जाने के संबंध में। (ब्यावर में औद्योगिक क्षेत्र एवं नाथद्वारा में धार्मिक पर्यटन को दृष्टिगत रखते हुए)।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नाथद्वारा से ब्यावर वाया कांकरोली–बर–देवगढ़ नवीन रेल लाईन का कोई कार्य वर्तमान में स्वीकृत नहीं है । |
| 3 | मावली से मारवाड़ जंक्शन लाइन का आमान परिवर्तन (Gauge Conversion) के रूके हुए कार्य को शुरू करवाने के संबंध में।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मावली – मारवाड़ आमान परिवर्तन परियोजना वर्ष 2017–18 में स्वीकृत्त हुई थी। इसकी अनुमानित लागत 2654.03 करोड़ रू. है तथा आर.ओ.आर. (–5.11 प्रतिशत) है। इस परियोजना हेतु एफएलएस सर्वे के कार्य का टेण्डर दिनांक 18.12.17 को अवार्ड कर दिया गया था तथा वर्तमान में एफएलएस सर्वे का कार्य प्रगति पर है। इस सर्वे के आधार पर रिवाईज्ड विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाकर फरवरी–2020 में रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत कर दी जायेगी। इस परियोजना हेतु अभी तक सी.सी.सी.ई.ए. स्वीकृति प्राप्त किया जाना शेष है। इस परियोजना में पड़ने वाले वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र में सर्वे करने हेतु वन विभाग से अनुमति मांगी गई है। |
| 4 | जब तक मावली मारवाड़ आमान परिवर्तन कार्य आरम्भ हो तब तक पूर्व में इस मार्ग पर छोटी लाइन पर संचालित गाड़ी संख्या 52073/52074 को नियमित चलाए जाने के संबंध में।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में मावली–मारवाड़ खण्ड पर एक जोड़ी सवारी गाड़ी व एक जोड़ी स्पेशल गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड के पत्र सं. |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | डीटीपी/2018/04/113 दिनांक 27.04.18 के निर्देशानुसार गाड़ियों का संचालन केवल दिन के समय अर्थात 06.00 से 18.00 बजे तक किया जाना है। |
| 5 | नाथद्वारा से भीलवाड़ा नवीन रेल लाइन स्वीकृत कराने के संबंध में (भीलवाडा तक गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, असम की रेल कनेक्टिविटी पूर्व से और यहां से नाथद्वारा धार्मिक स्थल तक कनेक्टिविटी हेतु)<br>**रिमार्क्सः–**<br>नाथद्वारा से भीलवाड़ा नई रेल लाईन का RECT Survey पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 30.05.2013 को भेजी गई थी । जिसकी लम्बाई =110.60 किमी., लागत= रू 916.87 करोड, आरओआर (-)6.56 प्रतिशत है । |
| 6 | ब्यावर रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन कर ए श्रेणी का बनाया जाना एवं यात्री सुविधाओं मुख्य रूप से सामान्य एवं उच्च श्रेणी यात्री विश्रामगृह पर्याप्त महिला एवं पुरूष शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, कोच डिस्पले पेयजल,स्वच्छता आदि मुलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के संबंध में। (औद्यौगिक क्षेत्र है जनसख्या लगभग 3 लाख है एवं यात्री भार को देखते हुए)<br>**रिमार्क्सः–**<br>स्टेशनों का लेटेस्ट वर्गीकरण यात्री आय के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2017–18 में किया गया जिसमें ब्यावर स्टेशन को एनएसजी –04 श्रेणी में रखा गया है एवं श्रेणी के अनुसार ब्यावर स्टेशन पर रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशानुसार देय न्यूनतम आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध है।<br>अजमेर मण्डल के ब्यावर रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्म पर कोच गाईडेंस सिस्टम उपलब्ध है तथा इन पर आवश्यक जानकारी नियमित रूप से प्रसारित की जा रही है तथा इन्हे चालू हालत में रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं।<br>इस स्टेशन पर CCTV लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत किया गया है तथा यह कार्य स्टेशनों की प्राथमिकता के अनुसार रेलटेल द्वारा किया जायेगा। |
| 7 | पूर्व स्वीकृत अजमेर–पुष्कर रेलवे लाइन के मेड़ता तक के विस्तार हेतु सी.सी.ई.ए. के द्वारा अनुमोदन की कार्यवाही करवाते हुए कार्य प्रारम्भ करवाया जाए। (वर्ष 2013–14 में 323 करोड़ का प्रावधान किया जा चुका है, मार्ग की लम्बाई 59 किलोमीटर है सी.सी.ई.ए. के अनुमोदन के अभाव में रूका हुआ है)<br>**रिमार्क्सः–**<br>पुष्कर–मेड़ता रेल लाईन का कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हुआ जिसकी लम्बाई=59 किमी. लागत =रू 323 करोड है। इस परियोजना का सीसीईए अनुमोदन आना शेष है। |



N.W.R.

Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 8 | मेड़ता सिटी से मेड़ता रोड़ के लिए पूर्व में संचालित रेल बस सेवा की संचालन अवधि को व्यवस्थित करवाया जाए (20 किमी के सफर में लगभग 8–10 फाटक आते है जिसे रेल बस का स्टॉफ ही गाड़ी को रोककर खोलता एवं बंद करता है इसलिए लगभग डेढ घंटे का समय लगता है)<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेडतारोड–मेड़ता सिटी खण्ड की दूरी 14.5 कि.मी. है एवं इस खण्ड पर 11 समपार हैं जिनमें से 4 समपार पहले से ही मानवसहित हैं तथा शेष 7 मानवरहित समपारों को रेलवे संरक्षा की दृष्टि से रेलवे की नीतियों अनुसार 2018 में मानवसहित किया गया। उक्त खण्ड में एकल रेल प्रणाली होने की वजह से इस खण्ड में स्थित मानवरहित समपारों को रेल व रोड संरक्षा की दृष्टि से रेलवे बोर्ड के दिशा–निर्देशानुसार मोबाईल गेटमैन से मानवसहित किया गया है। |
| 9 | महत्वपूर्ण गाड़ियों के फेरे बढाए जाने के संबंध में –<br>क. गाड़ी संख्या 19609/19610 (अप–डाउन) उदयपुर हरिद्वार वाया मावली–चितौडगढ, भीलवाडा–अजमेर–फुलेरा–जयपुर–दिल्ली–हरिद्वार। यह गाड़ी सप्ताह में तीन दिन चलती है और उपरोक्त मुख्य शहरों को हरिद्वार से जोड़ने वाली मुख्य गाड़ी है इसलिए इसे नियमित सातों दिन चलाया जाए जाने की काफी मांग है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित चलाये हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है।<br><br>ख. गाड़ी संख्या 19575/19576 (अप–डाउन) ओखा से नाथद्वारा साप्ताहिक गाड़ी को नियमित कराए जाने की मांग है (धार्मिक स्थन को देखते हुए)<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 19575/76 ओखा–नाथद्वारा साप्ताहिक गाड़ी पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है इसे नियमित किये जाना पश्चिम रेलवे तथा रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 10 | गेट नम्बर एल सी 39 हरिपुर–रायपुर जैतारण को बरसात के समय अस्थाई रूप से खोले जाने के संबंध में ताकि आवागमन जारी रह सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मदार–पालनपुर खण्ड में हरिपुर के पास समपार सं. 39 (कि.मी. 380/8–9) से 2 उत्तर पश्चिम रेलवे के तथा 2 डीएफसीसीआईएल के रेलवे ट्रैक गुजरतें हैं। यह समपार डीएफसीसीआईएल एलाईमेन्ट पर है रेलवे के नीतिगत नियमों के अनुसार डीएफसी एलाईमेन्ट पर सभी समपार फाटकों को सबवे या आरओबी बनाकर बंद किया जाना है। इस नीति के तहत जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 4.5 मीटर |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | चौड़ाई व 4.0 मीटर ऊँचाई के दो बक्सों का सबवे बना कर उक्त समपार को फरवरी 2019 में बंद किया गया है। अत्यधिक वर्षा के दौरान सबवे में आस–पास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जल भराव की समस्या होती हैं। रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी का कार्य हर स्तर पर कड़ी निगरानी में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी। |
| 11 | ब्यावर में यात्री भार और औद्योगिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए ब्यावर रेलवे स्टेशन पर अति महत्वपूर्ण गाड़ियों के ठहराव के संबंध में।<br>क. दिल्ली सराय रोहिल्ला–बांद्रा, गाडी संख्या 22950/22949 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>ख. मुज्जफरपुर–अहमदाबाद, गाडी संख्या 15279/15270 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>ग. बांद्रा–नई दिल्ली गाडी संख्या 19029/19030 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>घ.गौरखपुर से अहमदाबाद गाडी संख्या 19410/19409 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>ङ. पोरबंदर से मुज्जफरपुर गाडी संख्या 19269/19270 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>च. अहमदाबाद–सुल्तानपुर गाडी संख्या 19403/19404 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>छ. नई दिल्ली–अहमदाबाद गाडी संख्या 12958/12957 का ब्यावर रेलवे स्टेशन पर ठहराव।<br>**रिमार्क्सः–**<br>ब्यावर स्टेशन पर वर्तमान में 22 मेल एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी पैसेंजर गाड़ियों का ठहराव है। ब्यावर स्टेशन पर कुल यात्री 121 व आय रू. 14022/– रू प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक के अनुरूप है। यात्री सुविधाओं को देखते हुए गाड़ी सं. 15013/15014 जैसलमेर–काठगोदाम एक्सप्रेस का ठहराव दिनांक 16.04.18 से तथा गाड़ी संख्या 19269/70 मुजफरपुर–मोतीहारी एक्सप्रेस का ठहराव दिनांक 24.08.18 से ब्यावर स्टेशन पर दिया गया है। अन्य गाड़ियों का ठहराव दिया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 12 | मेड़ता रोड जंक्शन पर यात्री भार और पर्यटन स्थल, गाड़ी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अति महत्वपूर्ण गाड़ियां जो रनिंग थ्रू निकल रही है, के ठहराव के संबंध में –<br>क. श्रीगंगानगर–कोटा गाडी संख्या 22981/22982 का मेड़ता रोड़ जंक्शन पर ठहराव।<br>ख.बीकानेर–बिलासपुर गाडी संख्या 18245/18246 का मेड़ता रोड़ जंक्शन पर ठहराव। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | ग. बीकानेर चेन्नई सुपरफास्ट गाडी संख्या 22631/22632 का गेड़ता रोड़ पर ठहराव।<br>घ. बीकानेर–पुरी एक्सप्रेस गाडी संख्या 14709/14710 का गेड़ता रोड़ जंक्शन पर ठहराव।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेड़ता रोड़ बाईपास पर पूर्व में यात्री सुविधा विकसित नहीं होने के कारण मेड़ता रोड़ बाईपास होकर संचालित ठहराव हेतु सुझावित गाड़ियों का ठहराव संभव नहीं था। अब मेड़ता रोड़ बाईपास होकर संचालित गाड़ियों का ठहराव हेतु मेड़ता रोड़ के टिकट बिकी एवं आय की जॉचकर ठहराव हेतु बारी–बारी से पृथक–पृथक गाड़ियों के ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजे जाने पर विचार किया जायेगा। उक्त स्टेशन हेतु प्रतिगाड़ी, प्रतिदिन की आय 7092 रूपये एवं यात्री भार 31 हैं। |
| 13 | वर्तमान में गेड़ता रोड़ जंक्शन पर नवनिर्मित बाईपास प्लेटफार्म से गुजरने वाली जयपुर–जैसलमेर (12667/12668) लीलण एक्सप्रेस एवं जयपुर–सूरतगढ पैसेन्जर (59705/59706) को मुख्य प्लेटफार्म से ही संचालित करवाया जाए ताकि यात्रियों को सुविधा हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेड़ता रोड़ जं. स्टेशन पर बीकानेर/जयपुर की ओर जाने वाली गाड़ियो की शंटिंग से बचने के लिए मेड़ता रोड़ बाई पास लाईन एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। मेड़ता रोड़ जं. पर परिचालनिक सुगमता के लिए वर्तमान में गाड़ी संख्या 12467/12468 लीलण एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 59705/59706 जयपुर – सूरतगढ़ सवारी गाड़ी को बाई–पास पर ठहराव प्रदान कर दिनांक 20.08.2019 से संचालन प्रारम्भ किया गया है। अतः पुनः मेड़ता रोड़ जं. होकर संचालित किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। इससे बेहतर संरक्षा के साथ गाड़ी सं. 12467 जैसलमेर–जयपुर सुफा. में 15मिनट एवं 12468 जयपुर–जैसलमेर सु.फा. में 20 मिनट, गाड़ी 59705/06 सूरतगढ–जयपुर में 15 मिनट की बचत है। |
| 14 | बाड़मेर से हावड़ा के लिए वाया बालोतरा–जोधपुर–डेगाना–लाडनू–रतनगढ चुरू रेवाडी दिल्ली–धनबाद–आसनसोल के रास्ते ट्रेन चलवाने हेतु।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बाड़मेर से हावड़ा नई गाड़ी वाया लाडनू, सुजानगढ़ सादुलपुर संचालन करना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। इस सम्बध में प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2016 में भी इस रेलवे द्वारा प्रस्तावित किया गया था तथा पुनः उक्त प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2017 एवं 2019 में विचारार्थ भेजा गया था, लेकिन परिचालनिक कारणों से मार्गस्थल रेलवे से सहमति नहीं बन सकी। नई सेवा संचालन हेतु अतिरिक्त संसाधन यथा कोच, इंजन, कर्मीदल इत्यादि संसाधनों के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति/अनुमोदन की आवश्यकता होगी। नई सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |



Scanned by CamScanner

| 12. श्री हनुमान बेनीवाल | |
|---|---|
| 1 | रेलवे लाइनें:– |
| 1.1 | रेलवे का फुलेरा से डेगाना डबल रेल लाईन की मंजूरी दी जा चुकी है। मगर इस काम को गति दिये जाने की जरूरत है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>फुलेरा से डेगाना डबल रेल लाईनपरियोजना वर्ष 2015–16 में स्वीकृत हुई थी जिसकी कुल लंबाई 108 किमी. तथा अनुमानित लागत 611.53 करोड रू. है । इस परियोजना हेतु ब्रिज ड्राइंग एवंम यार्ड के नक्शों का अप्रूवल प्रगति पर हैं । मिटटी के कार्य,ब्रिज वर्क इत्यिादी के लिए टेण्डर फरवरी–2019 में अवार्ड कर दिये गये हैं तथा कार्य प्रगति पर है। अभी तक इस परियोजना पर लगभग 40 करोड़ रू व्यय किये जा चुके हैं । इस परियोजना को अप्रैल–2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । |
| 1.2 | रेलवे का डेगाना से जोधपुर तक का डबल लाईन का काम मंजूर है तथा शिलान्यास भी हो चुका है। इस काम को भी अतिशीघ्र शुरू करवाया जावे।<br>**रिमार्क्स:–**<br>डेगाना से जोधपुर तक डबल लाईन परियोजना वर्ष 2018–19 में स्वीकृत हुई थी जिसकी कुल लंबाई 145.किमी. तथा अनुमानित लागत 808.85 करोड रू. है ।<br>इस परियोजना हेतु ब्रिज ड्राइंग एवंम यार्ड के नक्शों का अप्रूवल प्रगति पर हैं । मिटटी के कार्य,ब्रिज वर्क इत्यिादी के लिए टेण्डर फरवरी–2019 में अवार्ड कर दिये गये हैं तथा कार्य प्रगति पर है। अभी तक इस परियोजना पर लगभग 37करोड़ रू व्यय किये जा चुके हैं । इस परियोजना को सितम्बर–2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । |
| 1.3 | जिले के लिये रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण काम मेडतासिटी से पुष्कर तक नई रेलवे लाईन को मंजूरी दिलाने का है। यह काम होने से पश्चिमी राजस्थान का पूर्वी राजस्थान से ही नहीं बल्कि दक्षिण–पूर्वी भारत से सीधा सम्पर्क हो जायेगा।<br>**रिमार्क्स:–**<br>पुष्कर–मेड़ता रेल लाईन का कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हुआ जिसकी लम्बाई=59 किमी.,लागत =रू 323 करोड है। इस परियोजना का सीसीईए अनुमोदन आना शेष है । |
| 1.4 | फलौदी से नागौर तक रेलवे लाईन की मंजूरी दिया जाना आवश्यक है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>फलौदी से नागौर नई रेलवे लाईन की सर्वे का अपडेशन कर के सर्वे रिपोर्ट दिनांक 08.01.2019 को रेलवे बोर्ड को भेज दी गई है । (लम्बाई=143.65 किमी., लागत =रू 744.24 करोड तथा आर.ओ.आर. =(-)7.50 प्रतिशत है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 1.5 | नागौर जिले के लिए नागौर से कुचामन (वाया जायल–डीडवाना) नई रेलवे लाईन की मंजूरी दिलाया जाना अति आवश्यक है। इससे बीकानेर व नागौर से जयपुर की दूरी कम हो जायेगी, वहीं नागौर जिले का रेलवे से वंचित जायल कस्बा भी रेलवे से जुड जायेगा। इसके अलावा डीडवाना से रींगस तक रेलवे लाईन की मंजूरी डिफेंस उद्देश्य से दिलाया जाना आवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>(1) नागौर –कुचामन नई रेलवे लाईन का कोई सर्वे कार्य स्वीकृत नहीं है ।<br>(2) रींगस–डीडवाना नई रेल लाईन का सर्वे पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट दिनांक 22.06.2017 को रेलवे बोर्ड भेजी गई थी । इसकी लम्बाई=105.50 किमी., लागत =रू 507.53 करोड तथा आर.ओ.आर. =(-)11.45 प्रतिशत है । रेलवे बोर्ड ने इस कार्य को अलाभप्रद मानते हुए इसे दिनांक 4.12.2017 को ड्राप कर दिया है । |
| 1.6 | पीपाड़ रोड़ से भोपालगढ़–आसोप–संखवास होते हुए मूण्डवा तक नई रेलवे लाईन का कार्य स्वीकृत करवाया जावे। इस कार्य के लिए पूर्व में सर्वे करवाया जा चुका है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>पीपाड़ रोड़ से भोपालगढ–आसोप–संखवास–मूण्डवा नई रेलवे लाईन का RECT सर्वे पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट दिनांक 29.03.2019 को रेलवे बोर्ड भेजी गई थी । इसकी लम्बाई=96 किमी. , लागत =रू 339.92 करोड़ तथा आर. ओ. आर. =(-)9.22 प्रतिशत है। । रेलवे बोर्ड ने इस कार्य को अलाभप्रद मानते हुए इसे दिनांक 29.04.19 को ड्राप कर दिया है । |
| 1.7 | मेड़तारोड़ से बीकानेर तक डबल रेलवे लाईन की मंजूरी दिलाई जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेड़तारोड से बीकानेर दोहरीकरण हेतु RECT सर्वे पूर्ण कर सर्वे रिपोर्ट 23.01.17 को रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। इसकी लम्बाई=172.72 किमी., लागत =रू 740.17 करोड़ तथा आर. ओ. आर. =(+)1.84 प्रतिशत है। रेलवे बोर्ड ने इस कार्य को अलाभप्रद मानते हुए इसे दिनांक 27.04.17 को ड्राप कर दिया है । |
| 2 | **रेलवे ओवरब्रिजः–** |
| 2.1 | नागौर मुख्यालय पर जोधपुर रोड़ रेलवे फाटक (मानासर) एवं बीकानेर रोड़ रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माणाधीन है। मगर काम की धीमी गति से लोग परेशान हो रहे हैं। इस कार्य को गति दी जावे तथा शीघ्रातिशीघ्र काम को पूरा करवाया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर–मेड़ता खण्ड में जोधपुर रोड रेलवे फाटक (मानासर) सं. 64 (कि.मी. 578/6–7) राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है एवं इस समपार पर आरओबी का कार्य पीडब्ल्यूडी/एनएच विभाग द्वारा कराया जाना है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी/एनएच विभाग को कार्य की गति बढ़ाने हेतु माह अगस्त 2019 में हुई बैठक के दौरान आग्रह किया गया। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | बीकानेर–मेड़ता खण्ड में बीकानेर रोड रेलवे फाटक सं. 61 (कि.मी. 576/8–9) राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है एवं इस समपार पर आरओबी का कार्य पीडब्ल्यूडी/एनएच विभाग द्वारा कराया जाना है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी/एनएच विभाग को कार्य की गति बढ़ाने हेतु माह अगस्त 2019 में हुई बैठक के दौरान आग्रह किया गया। |
| 2.2 | नागौर शहर के समीप निकल रहे शॉर्ट बीकानेर डीडवाना बाईपास (वाया शारदा बाल निकेतन) रेलवे क्रासिंग पर भी ओवरब्रिज मंजूर करवाकर शहर के लोगों को काफी राहत दिलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर–मेड़ता खण्ड में नागौर शहर के समीप डीडवाना बाईपास समपार सं. 60 कि.मी. 575/3–4 का माह जुलाई 2017 की गणना के अनुसार टीवीयू 35678 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 2.3 | नागौर जिले के मूण्डवा में खजावाना रोड़ रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज की मंजूरी दिलाई जाना अति आवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर–मेड़ता खण्ड में नागौर जिले के मूण्डवा में खजवाना रोड समपार सं. 80 कि.मी. 596/9–10 का माह मई 2016 की गणना के अनुसार टीवीयू 35488 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 2.4 | नागौर जिले के ही मेड़तारोड़ में गागूडा रोड़ रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज की मंजूरी दिलाई जाना अति आवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर –मेड़ता खण्ड में नागौर जिले के मेड़तारोड में गागूडा रोड समपार सं. 101 कि. मी. 521/8–9 का माह अप्रैल 2017 की गणना के अनुसार टीवीयू 86678 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 2.5 | नागौर जिले के गोटन में मेडतासिटी रोड़, बोरूंदा रोड़ एवं पीपाड़सिटी रोड़ फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज की मंजूरी दिलाई जाना भी जनहित में जरूरी है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>मेड़ता—जोधपुर खण्ड के गोटन में स्थित समपारों की स्थिति निम्नानुसार है—<br>मेडतासिटी रोड के समपार सं. 113 कि.मी. 540/2—3 का माह मई 2016 की गणना के अनुसार टीवीयू 68157 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।<br>बोरून्दा रोड के समपार सं. 114 कि.मी. 540/8—9 का माह जून 2016 की गणना के अनुसार टीवीयू 76249 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।<br>पीपाड सिटी रोड के समपार सं. 115 कि.मी. 541/8—9 का माह अप्रैल 2017 की गणना के अनुसार टीवीयू 80633 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 2.6 | नागौर जिले में ही नागौर—जयपुर रोड़ पर छोटीखाटू के समीप रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की स्वीकृति दिलाई जानी अति आवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>रतनगढ़—डेगाना में नागौर जयपुर रोड पर समपार सं. 96 कि.मी. 446/4—5 का माह मार्च 2019 की गणना के अनुसार टीवीयू 23668 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 3 | **रेलवे स्टेशनों का सुदृढीकरणः–** |
| 3.1 | रेलवे के जोधपुर डिविजन के तमाम रेलवे स्टेशनों की हालत खराब है इनमें नागौर जिले के भी रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। यहां के अधिकतर रेलवे स्टेशन जर्जर हैं तथा वर्षों से इनकी मरम्मत एवं रंगरोगन भी नहीं हुआ है। जोधपुर डिविजन में जोधपुर को छोड़कर बडे से बडे रेलवे स्टेशन पर भी सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। अनेक स्टेशनों पर प्लेटफार्म बने हुए ही नहीं है तो कई जगहों पर नीचे है जबकि बीकानेर डिविजन के रेलवे स्टेशन अच्छे बने हुए हैं। इस लिहाज से जोधपुर डिविजन के रेलवे अधिकारियों की बीकानेर डिविजन में बीकानेर से चूरू तक के तमाम छोटे बडे स्टेशनों को भ्रमण कर यहां के रेलवे स्टेशनों का सुदृढीकरण करते हुए सुविधाएं बढ़ाई जावे। सुविधाओं बाबत् निम्न बिन्दुओं पर गौर किया जावेः–<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल में अमान परिवर्तन का कार्य 1993–94 के बाद हुआ था एवं अधिकांश स्टेशन भवन पुराने हैं जिनकी नियमित रूप से मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। बीकानेर–चुरू रेल खण्ड में अमान परिवर्तन का कार्य सन् 2011–12 में पूर्ण हुआ है जिसके अन्तर्गत नये स्टेशन भवनों का निर्माण किया गया है।<br>जोधपुर डिविजन के फुलेरा से राइकाबाग खण्ड की दोहरीकरण (doubling) का कार्य स्वीकृत है एवं इसके अन्तर्गत नये स्टेशन भवनों का निर्माण मय आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ प्रस्तावित है। |
| 3.2 | जिला मुख्यालय नागौर तथा मेड़तारोड़ रेलवे स्टेशन पर प्रथम श्रेणी वातानुकूलित प्रतिक्षालय बनाते हुए इन दोनों स्टेशनों को अत्याधुनिक बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर स्वीकृति दी जाये। मेड़तारोड़ पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन है मगर यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। मेड़तारोड़ जंक्शन स्टेशन पर तमाम यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जावे। इसके अलावा मेड़तारोड़ के बाईपास प्लेटफार्म पर भी तमाम यात्री सुविधाओं को विकसित किया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नागौर तथा मेड़ता रोड़ स्टेशन एनएसजी–4 श्रेणी के स्टेशन है जहॉ पर रेलवे बोर्ड की न्युनतम यात्री सुविधा नीति के मानदंडानुसार सभी आवश्यक यात्री सुविधाएं उपलब्ध है। इस के अतिरिक्त नागौर स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोच गाईडेन्स सिस्टम, कोटा स्टोन फ्लोरिंग एवं सर्कूलेटिंग एरिया में सुधार किया गया है । इसी तरह मेडता रोड स्टेशन पर कोच गाईडेन्स सिस्टम, द्वितीय पैदल ऊपरी पुल का निर्माण एवं प्लेटफार्म पर कोटा स्टोन फ्लोरिंग की गई है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 3.3 | नागौर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन व मेड़तारोड़ जंक्शन स्टेशन काफी कंजस्टेड स्टेशन है, इन दोनों स्टेशनों पर रेलों का क्रासिंग मुश्किल से हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में नागौर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन व मेड़तारोड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर दो–दो अतिरिक्त रेलवे प्लेटफार्म बनवाये जावे ताकि यहां रेलों के आवागमन के दौरान यात्रियों को बेहतर यात्रा का फायदा मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में नागौर स्टेशन पर 560 मीटर लम्बाई के 02 पैसेन्जर प्लेटफार्म उपलब्ध हैं एवं मेड़ता रोड स्टेशन पर कुल 4 पैसेन्जर प्लेटफार्म है जिसमें प्लेटफार्म नं 1 की लंबाई 751 मीटर, 1ए की लंबाई 240 मीटर एवं 2 और 3 की लंबाई 597 मीटर है।<br>डेगाना से राई का बाग का दौहरीकरण का कार्य रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत है। इस कार्य में मेडता रोड स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफार्म के प्रावधान पर विचार किया जाएगा। |
| 4 | **रेलों का फेरा बढ़ोत्तरी व ठहरावः–** |
| 4.1 | राजस्थान संपर्क क्रांति लिंक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12463/12464, 22463/22464) को प्रतिदिन नियमित आवश्यक रूप एवं सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जावे। वर्तमान में यह गाड़ी बीकानेर व जोधपुर से मंगलवार, गुरूवार, एवं शनिवार को सप्ताह में तीन दि नही चलती है, वापसी में भी दिल्ली से यह गाड़ी रविवार, बुधवार व शुक्रवार को सप्ताह में तीन दिन ही चलती है। इस गाड़ी को प्रतिदिन नियमित किये जाने से नागौर, जोधपुर, बीकानेर के यात्रियों दिल्ली तक बेहतर गाड़ी मिल सकेगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12463/12464 बीकानेर / जोधपुर – दिल्ली सराय रोहिल्ला राजस्थान सम्पर्क क्रांति (त्रि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस एक रेक से संचालित उत्तर पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की सेवा है तथा गाड़ी संख्या 14811/14812 दिल्ली सराय रोहिल्ला – सीकर (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस के साथ समाकेलित रेक लिंक से संचालित है। उक्त सेवाएं दिल्ली सराय रोहिल्ला – रेवाड़ी रेलखण्ड पर समान पाथ पर संचलित होती है। अतः वर्तमान पाथ पर उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाया जाना संभव नहीं है। समय परिवर्तन कर बारम्बारता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त रेक, इंजन इत्यादि संसाधनों के साथ ही उत्तर रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। |
| 4.2 | मेड़तारोड़ से बीकानेर के बीच एक डेमू ट्रेन चलाई जावे, जो सुबह मेड़तारोड़ से चलकर शाम को वापस आ जावे। जरूरत अनुसार इसके मेड़तारोड़ बीकानेर के बीच दो फेरे करवाये जावे। इसके आलावा मेड़तारोड़ से मेड़तासिटी के बीच भी डेमू चलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेड़ता रोड़ – बीकानेर के मध्य वर्तमान यात्री भार को देखते हुए पर्याप्त संख्या में यात्री गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध है। रेलवे बोर्ड से डीएमयू के अतिरिक्त रेक आवंटन होने पर |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | सुझाव पर पुनः विचार किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में गाड़ी सं. 54703/04 अबोहर–जोधपुर पैसेंजर वाया मेड़ता–बीकानेर संचालित की जा रही है जो इस मार्ग के यात्रियों के लिए सुविधा जनक है।<br>मेड़ता रोड़ – मेड़ता सिटी के मध्य एक जोड़ी डीएमयू एवं 8 जोड़ी रेलबस सेवा का संचालन किया जा रहा है। जोकि पैसेंजर भार को देखते हुए पर्याप्त है। |



Scanned by CamScanner

| | 13. श्री हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर |
|---|---|
| 1 | डूंगरपुर–रतलाम–बांसवाड़ा नई लाईन का निर्माण बन्द करा दिया गया है जिसको पुनः प्रारंभ किया जाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>राजस्थान सरकार द्वारा इस परियोजना हेतु अपनी हिस्सेदारी देने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण रेलवे बोर्ड द्वारा इस परियोजना को यथास्थिति में रखते हुए Freeze करने का निर्णय लिया है । |
| 2 | उदयपुर–अहमदाब आमान परिवर्तन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जावे। अगर उदयपुर से डूंगरपुर के कार्य में समय लगने की संभावना हो तो डूंगरपुर–अहमदावाद का कार्य पूर्ण होने पर डूंगरपुर–अहमदाबाद पैसेन्जर गाड़ियों को आरंभ किया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूॅगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा। शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा पूर्ण किया जा चुका है । |
| 3 | छेला गांव में फाटक नम्बर 140 पर अधूरा कार्य पूर्ण कराया जाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर रेलवे लाईन के डूंगरपुर रेल्वे स्टेशन से थोड़ी दूरी पर स्थित छेला गांव में फाटक नम्बर 140 स्थित थी जिस पर अण्डर ब्रिज बना दिया गया है । साईट की दीवार पर प्लास्टर कर दिया गया है तथा अप्रोच रोड़ बना दी गई है । यह कार्य पूर्ण कर दिया गया है । |
| 4 | उदयपुर मार्ग पर कोटाणा में ब्रिज की ऊँचाई कम होने से ग्रामिण बड़े वाहनों के आवागमन वाधित होने की शिकायत कर रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–हिम्मतगनगर रेल लाईन पर डूंगरपुर शहर एवं कोटाणा गांव से मेताली गांव को जाने वाला रास्ता समपार फाटक संख्या 138 से होकर गुजरता है । वर्तमान में यह फाटक चालू है तथा सभी प्रकार का यातायात इसी फाटक से निकलता है । फाटक के समीप ही निर्माणाधीन अण्डर ब्रिज जिसमें आरसीसी बांक्स डाल दिये गये हैं, अप्रोच रोड़ का कार्य पूर्ण हो गया है एवंम ड्रैनेज का कार्य प्रगति पर है । इसका साईज कलेक्टर, डूंगरपुर द्वारा दिये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुगार 4.5मीटर x 4.5मीटर रखा गया |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | है, जोकि सभी साधनों के आवागमन के लिए पर्याप्त है । अण्डर ब्रिज का निर्माण होने के पश्चात इसको यातायात के लिए खोल दिया जायेगा एवं फाटक संख्या 138 को बंद कर दिया जायेगा । |
| 5 | उदयपुर मार्ग पर पीपलादा जाने के लिये तीन फाटकों को बन्द कर देने से काश्तकारों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस समस्या का निपटारा।<br>**रिमार्क्स:–**<br>उदयपुर–हिम्मतनगर रेल लाईन पर गांव पीपलादा के पास पड़ने वाले समपार फाटकों में से फाटक संख्या 134 व 135 को अजमेर मंडल द्वारा जिला कलेक्टर के अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर वर्ष 2011 से पूर्व ही बंद किया जा चुका है । फाटक संख्या 136 पर वर्तमान में यातायात चालू है एवं इस फाटक के एवज में बॉक्स टाईप ओवर ब्रिज निर्माणाधीन है । इसमें आर.सी.सी.बाक्स डाल दिये गये हैं तथा अप्रोच में कार्य प्रगति पर है तथा दिसम्बर–2019 तक कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा । इस ओवर ब्रिज का कार्य पूरा होने के बाद फाटक सं. 136 को बंद कर दिया जायेगा । फाटक संख्या 137 को कलेक्टर के अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 03 वर्ष पूर्व 4.5 मीटरx4.0मीटर साईज का अण्डर ब्रिज बनाकर बंद किया जा चुका है । फाटक संख्या–134 और 135 की कनेक्टीविटी बगल के फाटक संख्या–136 से उपलब्ध है । |
| 6 | अहमदाबाद मार्ग पर बलवाड़ा फाटक पर आवगमन अधिक होने से ओवरब्रिज की आवश्यकता पर कार्यवाही की जाना।<br>**रिमार्क्स:–**<br>डूंगरपुर से अहमदाबाद रेल मार्ग पर बलवाड़ा फाटक सं.153 को आमान परिवर्तन के दौरान मानव सहित इन्टरलोक्ड फाटक रखने का प्रावधान किया गया है। इस मानवसहित समपार फाटक की टीवीयू एक लाख से कम है । अतः इस पर आर.ओ.बी. नहीं बनाया जा सकता है । राज्य सरकार द्वारा अभी तक उक्त स्थान पर आर.ओ.बी. बनाने के संबंध में कोई पत्र प्राप्त हुआ है । यदि राज्य सरकार आर.ओ.बी. को बनाने के लिए एवं समस्त खर्चे वहन करने की सहमति प्रदान करती है तो रेलवे विभाग द्वारा इस प्रस्ताव पर अग्रिम की जायेगी । |



Scanned by CamScanner

| | 14. श्री कनकमल कटारा |
|---|---|
| 1 | रतलाम से अहमदाबाद वाया बांसवाडा–डूंगरपुर रेलवे लाईन प्रारम्भ करने एवं तत् सम्बंधित की गई कार्यवाही। विभाग द्वारा कार्य कब प्रारम्भ किया गया उसमें होने वाले व्यय की जानकारी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा नई रेल लाईन परियोजन (188.85 किमी.) वर्ष 2011–12 में स्वीकृत की गई थी तथा कार्य वर्ष 2014–15 में प्रारम्भ किया गया था । राजस्थान सरकार द्वारा रतलाम–डूंगरपुर वाया बांसवाड़ा परियोजना हेतु अपनी हिस्सेदारी देने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण रेलवे बोर्ड द्वारा मार्च–2017 में इस परियोजना को यथास्थिति में रखते हुए फीज करने का निर्णय लिया है । इस परियोजना पर अभी तक कुल 185.57 करोड़ रू. व्यय किये जा चुके हैं ।<br>उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना वर्ष 2008–09 में स्वीकृत की गई थी। उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । इस परियोजना पर उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अभी तक कुल 890.66 करोड़ रू. व्यय किये जा चुके हैं ।<br>रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूँगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा । शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है । हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा मार्च–2019 में पूर्ण किया जा चुका है । |
| 2 | केन्द्र व राजस्थान सरकार, एवं मध्यप्रदेश सरकार से क्या चर्चा हुई? कार्य प्रारम्भ हुआ एवं बन्द हो गया इसके क्या कारण है ?<br>**रिमार्क्सः–**<br>राजस्थान सरकार द्वारा इस परियोजना हेतु अपनी हिस्सेदारी देने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण रेलवे बोर्ड द्वारा इस परियोजना को यथास्थिति में रखते हुए फीज कर दिया है । |
| 3 | क्या केन्द्र सरकार 75 प्रतिशत जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने से पूरा खर्च वहन कर रेल लाईन का कार्य करने की स्थिति में है ?<br>**रिमार्क्सः–**<br>उक्त संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होने पर विचार कर रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जाएगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 4 | उदयपुर से डूंगरपुर रेल लाईन के कार्य की गति धीमी है शीघ्र करावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है। उदयपुर–खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूॅगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा। शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा पूर्ण किया जा चुका है । |
| 5 | डूंगरपुर से अहमदाबाद रेल जब तक अन्य कार्य नहीं होता है तब तक इसे प्रारम्भ की जा सकती है ?<br>**रिमार्क्सः–**<br>डूंगरपुर से हिम्मतनगर अमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है। हिम्मतनगर से अहमदाबाद आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा चुका है। उदयपुर–हिम्मतनगर खंड के रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है। डूंगरपुर–रायगढ खंड का कार्य मार्च–2020 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। तत्पश्चात् इस खण्ड पर रेल संचालन हेतु विचार किया जावेगा। |
| | Falna | A | • 19411/12 | Obstruct Water Flow due to ROB | गाड़ी संख्या 19411/12 साबरमती–अजमेर एक्सप्रेस का ठहराव फालना स्टेशन पर दिया हुआ है। मदार–पालनपुर रेल खंड के फालना स्टेशन के पास एलसी–81 पर आर.ओ.बी. का निर्माण डीएफसीसीआईएल द्वारा किया जा रहा है । वर्तमान में पीएससी गर्डर एवं डेक स्लेप कासटिंग, केस बेरियर एवं सर्विस रोड़ निर्माण का कार्य प्रगति पर है । इलैक्ट्रिकल यूटिलिटी सिफटिंग कार्य प्रगति पर है । इस आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य दिसम्बर–2020 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है । राज्य सरकार ने अभी तक अपने हिस्से की राशि डीएफसीसीआईएल को जमा नहीं कराई है । |
| | Sojat Road | | • 19411/12 (imp) | | परिचालनः– वर्तमान में सोजतरोड़ स्टेशन पर 07 जोड़े मेल/एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सोजतरोड़ स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 66 व 8892/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है। अतः गाड़ी सं. 19411/12 अहमदाबाद–अजमेर एक्सप्रेस का सोजतरोड़ स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वर्तमान में |



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। फिर भी यात्री सुविधा प्रदान करने हेतु गाड़ी सं. 14311/12 न्यु भुज–बरेली एक्सप्रेस का ठहराव सोजतरोड़ स्टेशन पर दिनांक 28.08.18 से प्रायोगिक तौर पर 06 माह के लिए प्रदान किया गया है। |
| | Somesar | | • 12215/16 (imp)<br>• 16507/08<br>• 16209/10<br>• 19031/32<br>• 19411/12 | Foot Over Bridge Extension (for connection from out side to out side) | परिचालनः– वर्तमान में सोमेसर स्टेशन पर 03 जोड़े मेल/एक्सप्रेस एवं 02 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों का ठहराव है। सोमेसर स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 48 व 5197/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 19411/12 अहमदाबाद–अजमेर एक्सप्रेस एवं अन्य एक्सप्रेस गाड़ियों का सोमेसर स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है।<br>बाहर से बाहर तक एफ.ओ. बी. का विस्तार की आवश्यकता की जाँच करवाकर उचित कार्यवाही की जायेगी। |

*Technical Halt already existing. Need to sanction commercial halt.

| | |
|---|---|
| 7 | अन्य महत्वपूर्ण विषयः– |
| 7.1 | बिलाड़ा से वर अथवा बिलाड़ा से हरिपुर नई रेल लाईन बिछाने का कार्य– पूर्व बैठक में बताया गया था कि इस रेल लाईन का सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चूका है। मेरी जानकारी में आया है कि 2014 के बाद इस रेल लाईन के सवे का कार्य दो बार हो चुका है, लेकिन स्थानीय सांसद होने पर भी सर्वे में मेरी राय नहीं ली गई है और ना ही अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ भी इस बारे में चर्चा की गई। सर्वे में जोड़ने हेतु मेरे द्वारा रेल मंत्रालय को जोधपुर स्थित आई.आई.टी., उच्च न्यायालय, एम्स, औद्योगिक घरानों, राज्य सरकार एवं सम्बन्धित जिलों के प्रशासन सहित सभी महत्वपूर्ण संस्थानों के द्वारा जारी किये गए अनुशंषा पत्र भी भेजे गए। परन्तु किन्हीं करणों से उन अनुशंषाओं का भी जिक्र भी सर्वे रिपोर्ट में नहीं किया गया है, जिसके कारण प्रतिफल दर नेगेटिव आती है। मेरा मानना है कि सर्वे बिलाड़ा से वर यदि नेगेटिव आता है, तो बिलाड़ा के बर के स्थान पर हरिपुर से भी जोड़ा जा सकता |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | है। ऐसे में प्रतिफल दर पर और तो होगा ही, साथ ही इस पुरानी मांग को पूरा किया भी जा सकेगां इस विषय में मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यदि इस रेल खण्ड को जोड़ा जाएगा तो सामरिक दृष्टि से भी यह अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बिलाड़ा–बर नई रेल लाईन हेतु दिनांक 02.01.2017 को RECT सर्वे रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी गई थी (लम्बाई=46.70 किमी., लागत =रू 368.48 करोड, आरओआर (-) 26.96 प्रतिशत) रेलवे बोर्ड ने इस नई रेल लाईन को लाभप्रद नहीं मानते हुए प्रस्ताव दिनांक 09.03. 2017 को ड्राप कर दिया था। इस वर्ष के बजट में सर्वे के अपडेशन की स्वीकृति दी गई है जिस पर कार्य प्रगति पर है। सर्वे अपडेशन के समय माननीय सांसद के सुझाव पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। |
| 7.2 | लगभग सभी रेलवे अण्डर ब्रिजों में बरसात के समय जल भराव का स्थाई समाधान करना आवश्यक है। पूरे क्षेत्र में हाल ही में रेलवे फाटकों को बन्द कर निर्मित किये जाये रेलवे अण्डर ब्रिज में बारिश के मौसम में पानी भर जाता है, जिससे आमजन को आने–जाने में समस्या का सामना करना पड़ता है तथा आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है। इसका स्थायी समाधान किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे द्वारा अण्डर पास में से जल भराव की समस्या के समाधान हेतु यथासंभव प्रयास किये जाते हैं। अत्यधिक वर्षा के दौरान जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी।साथ ही महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे के पत्र सं. एचक्यू/डब्ल्यू/420/1/2/1 दिनांक 03.08.2018 के द्वारा मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार को वर्षा के दिनों में अण्डरपास में बाहर से आने वाले पानी को रोकने एवं सभी अण्डर पास के उचित रखरखाव हेतु संबंधित स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करने हेतु लिखा गया है। |
| 7.3 | पाली–जोधपुर व जोधपुर–बिलाड़ा के लिये डेमू ट्रेन का संचालनः–<br>**रिमार्क्सः–**<br>पाली मारवाड़ – जोधपुर के मध्य वर्तमान में 20 जोड़ी एक्सप्रेस एवं 01 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियां चल रही हैं। वर्तमान यात्री भार को देखते हुए पाली मारवाड़ – जोधपुर के मध्य नई सेवा संचालित करने हेतु वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर कार्यवाही किये जाना संभव होगा।<br>वर्तमान में जोधपुर–बिलाड़ा के मध्य 01 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी चलाई जा रही है। वर्तमान यात्री भार को देखते हुए जोधपुर – बिलाड़ा के मध्य नई डी.ई.एम.यू. सेवा संचालित करने हेतु वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर कार्यवाही किये जाना संभव होगा। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7.4 | ट्रेन नं. 18574 भगत की कोठी से विशाखापट्टनम का समय परिवर्तन कर निर्धारित समय से 3 घंटे पूर्व में कर दिया जाये तो विशाखापट्टनम में परस्थापित सैनिकों को तीन दिन के अवकाश से निजात मिलेगी।<br>**रिमार्क्स:—**<br>गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी — विशाखापट्टनम (साप्ताहिक) एक्सप्रेस ई.सी.ओ. रेलवे के स्वामित्व की सेवा है। जो विभिन्न क्षेत्रीय रेलों से होकर संचलित होती है, सम्बंधित रेलों की सहमति प्राप्त कर समय परिवर्तन करना ई.सी.ओ. रेलवे के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 7.5 | पाली से दिल्ली के लिए रात्रिकालीन कोई ट्रेन की व्यवस्था नहीं है, अतः इस हेतु उचित कदम उठाकर पाली तथा आस—पास के क्षेत्र के यात्रियों को राहत प्रदान की जाये।<br>**रिमार्क्स:—**<br>जोधपुर से दिल्ली के लिए 04 एक्सप्रेस गाड़ियां सांयकाल पश्चात संचालित की जा रही हैं जिनमें 03 गाड़ियां दैनिक एवं 01 गाड़ी त्रिसाप्ताहिक चलाई जाती हैं। इनके कनेक्शन में पाली मारवाड़ से जोधपुर के मध्य 02 एक्सप्रेस एवं 01 दैनिक सवारी गाड़ियां उपलब्ध हैं। पाली मारवाड़ स्टेशन पर गाड़ियों के आरम्भ/समाप्ति की आधारभूत अवसंरचना का अभाव है। अतः पाली मारवाड़ स्टेशन से दिल्ली के लिए सुझावनुसार नई सेवा संचालित किया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 7.6 | पाली (जोधपुर) से दक्षिण भारत की ओर चलने वाली साप्ताहिक ट्रेनों को प्रतिदिन संचालित किया जाये ताकि प्रवासी राजस्थानियों को सुविधा मिल सके।<br>**रिमार्क्स:—**<br>पाली मारवाड़ (जोधपुर) से दक्षिण भारत की ओर जाने के लिए वर्तमान में 07 एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित की जा रही हैं जो निम्न प्रकार हैं —<br>16311/12 श्रीगंगानगर—कोच्चीवली साप्ताहिक एक्सप्रेस<br>16587/88 यशवंतपुर—बीकानेर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस<br>16507/08 जोधपुर—बैंगलूरू द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस<br>22475/76 हिसार—कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस<br>17623/24 श्रीगंगानगर—नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस<br>17037/38 हिसार—सिंकदराबाद द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस<br>22663/64 जोधपुर—चैन्नई इग्मोर साप्ताहिक एक्सप्रेस<br>उक्त गाड़ियों के अतिरिक्त नई गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको के साथ — साथ मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 22663/22664 जोधपुर — चैन्नई एग्मोर साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं. 16311/12 श्रीगंगानगर—कोच्चीवली साप्ताहिक एक्सप्रेस की बारम्बारता बढ़ाये जाने हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7.7 | पाली (जोधपुर) से अहमदाबाद के लिए फिलहाल कोई रात्रि ट्रेन नहीं है, उक्त ट्रेन रात्रि 8 बजे जोधपुर से रवाना होकर प्रातः 5 बजे अहमदाबाद पहुंच जायें, ताकि उन्हें दक्षिण भारत तथा अन्य स्थानों के लिए हवाई सुविधा मिल सके।<br>**रिमार्क्स:–**<br>जोधपुर से अहमदाबाद के लिए सुझावित समय 21.00बजे पर जोधपुर से 21.15 पर गाड़ी संख्या 17038 हिसार–सिकन्दराबाद (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 17624 बीकानेर –नांदेड (साप्ता.) एक्सप्रेस तथा 21.35 बजे गाड़ी संख्या 22664 जोधपुर–चैन्नई एग्मोर (साप्ता.) एक्स. की सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनका अहमदाबाद आगमन समय प्रातः 06.35 बजे ही है। इन गाड़ियों के अतिरिक्त गाड़ी सं. 12479 जोधपुर–बांद्रा टी जो जोधपुर से 19.00 बजे चलकर अहमदाबाद से 03.30 बजे पहुंच रही है। |
| 7.8 | चूंकि बनाड पर नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे तथा अन्य कइ सड़कों का जंक्शन है, तथा आस–पास घनी आबादी का क्षेत्र है साथ ही आर्मी की बहुत सारी यूनिट भी है। यात्रियों को ट्रेन में बैठने के लिए शहर में आने के लिए काफी समय लगता है, कई बार ज्यादा यातायात के कारण यात्री ट्रेन भी नहीं पकड़ पाते हैं। अतः बनाड़ स्टेशन पर रणथंबौर एक्सप्रेस, मण्डोर एक्सप्रेस, जैसलमेर–कालका एक्सप्रेस, मरूधर एक्सप्रेस, जयपुर–जोधपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>बनाड़ स्टेशन जोधपुर से 15 किमी दूरी पर स्थित है। वर्तमान यात्री भार को देखते हुए बनाड़ स्टेशन 04 जोड़ी सवारी गाड़ियों के साथ 01 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। बनाड़ स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 25 व 1531/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानक से कम है अतः अतिरिक्त ट्रेनों का बनाड़ स्टेशन पर ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 7.9 | भोपालगढ़ रोड़ पर बनाड़ (जोधपुर) के पास रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु एनओसी उपलब्ध करवाकर उक्त ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू किया जा सके।<br>**रिमार्क्स:–**<br>**इंजी:–** मेडता–जोधपुर खण्ड में भोपालगढ़ रोड पर बनाड़ यार्ड में स्थित समपार सं. 160 (कि.मी. 609/5–6) की टीवीयू माह जुलाई 2018 के अनुसार 678304 है तथा उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। पूर्व में भी उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण के कार्य स्वीकृत किया गया था। परन्तु राज्य सरकार द्वारा रक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी ना करा पाने के कारण उक्त कार्य निरस्त कर दिया गया। यदि राज्य सरकार द्वारा कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण हेतु रक्षा विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ पुनः प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 7.<br>10 | रेलवे फाटक संख्या सी–163 (खोखरिया) तथा फाटक संख्या एलसी–161 (गुजरावास) पर रेलवे अण्डर ब्रिज का निर्माण।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेडता–जोधपुर खण्ड में स्थित समपार सं. 161 (कि.मी. 612/1–2, 11/2017 में टीवीयू 6450) एवं समपार सं. 163 (कि.मी. 614/0–1, 05/2018 में टीवीयू 74270) के सामानान्तर लगभग 50 मीटर की दूरी पर हाईवे होने के कारण उक्त फाटकों पर सबवे का निर्माण तकनीकि रूप से फिजीबल नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| 18. श्री राहुल करवां | |
|---|---|
| 1 | चूरू व सादुलपुर स्टेशन को category A स्टेशन बनाया जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>स्टेशन की श्रेणी में परिवर्तन प्रत्येक 05 वर्ष के अन्तराल में उस स्टेशन की यात्री आय एवं यात्री भार के आधार पर रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है।<br>स्टेशनों की श्रेणी में परिवर्तन वर्ष 2016–17 की यात्री आय एवं यात्री भार के आधार पर वर्ष 2018 में किया गया है। वर्तमान में चुरु एवं सादुलपुर स्टेशन एनएसजी – 5 श्रेणी में आते है। |
| 2 | सदुलपुर रेलवे स्टेशन बीकानेर डिविजन का एक बहुत महत्वपूर्ण स्टेशन हैं। यहाँ प्लेटफार्म नं.1 व 2 पर बना शेड बहुत ही छोटा है। यात्रियों को गर्मी व बारिश के समय दिक्कत होती हैं। गोगामेडी व ददरेवा आने वाले श्रद्धालु मानसून के समय में ही आते हैं तो बारिश में उन्हें बैठने तक का स्थान तक नहीं मिलता। अतः इन प्लेटफार्म पर शेड का साइज बढ़ाया जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं0 1 एवं 2 पर शेड बनाने का कार्य स्वीकृत है। धनराशि उपलब्ध होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। |
| 3 | रतनगढ स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 2 व 3 के शेड का साइज बढाया जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>रतनगढ स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 2 व 3 पर शेड न्यूनतम सुविधा के मानक (MEA) के अनुसार उपलब्ध है। |
| 4 | चुरु, रतनगढ़, सादुलपुर, सरदारशहर, भादरा, नोहर स्टेशन पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>इन स्टेशनों पर CCTV कैमरे लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत वर्क्स प्रोग्राम 2018–19 में स्वीकृत किया गया है तथा यह कार्य स्टेशनों की प्राथमिकता के अनुसार रेलटेल द्वारा किया जायेगा। |
| 5 | पड़ीहारा स्टेशन पर टिकट बुकिंग काउंटर शुरू किया जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>वर्तमान में बुकिंग काउंटर का संचालन स्टेशन टिकट बुकिंग सेवक द्वारा किया जा रहा है। |
| 6 | सादुलपुर, राजलदेसर, नोहर व रतनगढ़ स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जावे।<br>**रिर्माक्सः—**<br>सादुलपुर, नोहर व रतनगढ़ स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज उपलब्ध है। सादुलपुर व रतनगढ़ |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | में अतिरिक्त एफओबी तथा राजलदेसर में एफओबी का कार्य स्वीकृत है। फंड की उपलब्धता होने पर कार्य करवाया जाएगा। |
| 7 | नोहर, छापर व पड़ीहारा स्टेशन की ऊंचाई बढ़ाई जावे। स्टेशन की ऊंचाई कम होने की वजह से वृद्ध एवं निशक्त यात्रियों को गाड़ी में चढ़ने उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।<br>**रिर्माक्सः—**<br>(i) नोहर स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 हाई लेवल है।<br>(ii) परिहारा स्टेशन पर 390 मीटर X 8.5 मीटर का मीडियम लेवल का प्लेटफार्म उपलब्ध है।<br>(iii) तालछापर एनएसजी–6 श्रेणी का स्टेशन है, इस पर मीडियम लेवल प्लेटफार्म उपलब्ध है। |
| 8. | चुरू रेलवे स्टेशन पर बनाये जा रहे स्वचालित सीढियों के कार्य में देरी होने के कारण।<br>**रिर्माक्सः—**<br>चूरू रेलवे स्टेशन पर एक एस्केलेटर लगाने के लिए फर्म को दिनांक 23.07.2019 को कार्य आवन्टन किया जा चुका है। आरम्भिक तैयारियॉ प्रगति पर हैं। एस्केलेटर का आर्डर दिनांक 23.07.2019 को दिया गया है जिन्हे कार्य पूर्ण करने के लिए दिनांक 31.07.2020 का लक्ष्य दिया गया है। |
| 9 | रतनगढ–सरदारशहर खंड के आमान परिर्तन से पूर्व रतनगढ़ वेस्ट स्टेशन वर्षो से संचालित रहा हैं, आमान परिवर्तन के कारण रेल लाइन शहर से बाहर करने के कारण उक्त स्टेशन बंद कर दया गया। उक्त स्टेशन के पास ही हुडेरा स्टेशन घोषित किया जाए, यह एक महत्वपूर्ण स्थान हैं। काफी गाँवों के ग्रामीण इसकी मांग कर रहे हैं। इसकेलिए काफी बार अनुरोध किया जा चूका हैं।<br>**रिर्माक्सः—**<br>हुडेरा रतनगढ जंक्शन केबिन व नौसरिया हाल्ट के मध्य मे है। हुडेरा की दूरी दोनो तरफ अवस्थित स्टेशन से दूरी 05 किमी से कम होने के कारण रेलवे बोर्ड के मापदंडानुसार औचित्यपूर्ण नही है। |
| 10 | सादुलपुर –हनुमानगढ़ खंड पर सरदारपुरिया सोती बड़ी हाल्ट स्टेशन किया जावे। इसकी मांग काफी समय से की जा रही है।<br>**रिर्माक्सः—**<br>प्रस्तावित सोतीबडी हाल्ट स्टेशन सादुलपुर–हनुमानगढ खण्ड पर दिपलाना स्टेशन से 3. 63 कि.मी. दूरी पर है। सोतीबडी हाल्ट की दूरी दिपलाना स्टेशन से 05 किमी से कम होने के कारण रेलवे बोर्ड के मापदंडानुसार औचित्यपूर्ण नही है। |



Scanned by CamScanner

| 11 | New Trains - |
|---|---|
| 11.1 | श्रीगंगानगर – दिल्ली वाया सादुलपुर व श्रीगंगानगर– जोधपुर वाया सादुलपुर तक इंटरसिटी गाडी व श्रीगंगानगर –जयपुर वाया सादुलपुर के लिए एक एक्सप्रेस व एक सवारी गाडी का संचालन किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी संख्या 54011/54012 तिलक ब्रिज – सादुलपुर सवारी गाड़ी को नये नम्बर गाड़ी संख्या 54767/54768 को दिनांक 17.02.2019 से श्रीगंगानगर तक विस्तारित कर दिया गया है। श्रीगंगानगर – जोधपुर के मध्य 03 एक्सप्रेस गाड़ियां, 22497/98 श्रीगंगानगर–त्रिचरापल्ली साप्ताहिक, 16311/12 श्रीगंगानगर–कोच्चूवेली साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 17623/24 श्रीगंगानगर–नांदेड़ एक्सप्रेस सेवा उपलब्ध है। श्रीगंगानगर – जोधपुर वाया सादुलपुर इंटरसिटी को सीमित अनुरक्षण सुविधा होने के कारण संचालित किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। श्रीगंगानगर से जयपुर वाया सादुलपुर होकर गाड़ी संख्या 19707/19708 जयपुर – बान्द्रा टर्मिनस अमरापुर एक्सप्रेस का विस्तारण श्रीगंगानगर तक प्रस्तावित है। |
| 11.2 | बीकानेर से दिल्ली के लिए सुबह चलकर वापिस सांय को आने वाली इंटरसिटी गाडी को चालू किया जाये।<br>**रिर्माक्सः–**<br>बीकानेर से दिल्ली के मध्य वर्तमान में 05 एक्सप्रेस गाड़ियां संचालित की जा रही हैं जिनमें से 03 दैनिक, 01 साप्ताहिक एवं 01 त्रिसाप्ताहिक हैं। बीकानेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा होने के कारण बीकानेर से दिल्ली नई सेवा संचालित किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। गाड़ी संख्या 22471 बीकानेर – दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस बीकानेर से 09.30 बजे प्रस्थान कर तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला 17.25 बजे पहुंचती है। गाड़ी संख्या 22472 दिल्ली सराय रोहिला – बीकानेर एक्सप्रेस दिल्ली सराय रोहिल्ला से 08.40 बजे प्रस्थान कर बीकानेर 16.35 बजे पंहुचती है। बीकानेर से दिल्ली की दूरी 463 किमी है तथा टीओआर करीब 08.00 घण्टे है। |
| 11.3 | बीकानेर – जयपुर वाया रतनगढ़, चुरू नई गाडी चलाई जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>बीकानेर – जयपुर वाया रतनगढ़, चुरू दैनिक नई गाड़ी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2019 में संचालन किये जाने की सहमति बन गई है। संचालन के सम्बध में रेलवे बोर्ड से कार्यवाही अपेक्षित है। |
| 11.4 | हनुमानगढ़ से दिल्ली एक इंटरसिटी गाडी चालू चलाई जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>हनुमानगढ़ में अनुरक्षण सुविधा का अभाव होने के कारण हनुमानगढ़ – दिल्ली के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस नई सेवा संचालित किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। यह उल्लेखनीय |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | है कि एक नया ठहराव देने से न्यूनतम 10 मिनट के समय की हानी होती है। वर्तमान में हनुमानगढ़ से दिल्ली के मध्य 03 गाड़ियां संचालित की जा रही हैं जिनमें 01 दैनिक सेवा, 01 साप्ताहिक सेवा एवं 01 पैसेंजर दैनिक सेवा उपलब्ध है। |
| 11.5 | बाड़मेर –हावड़ा वाया जोधपुर, रतनगढ़, सादुलपुर प्रस्तावित गाडी को चालू किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>बाड़मेर से हावड़ा नई गाड़ी वाया लाडनू, सुजानगढ़ सादुलपुर संचालन करना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण है। इस सम्बध में प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2016 में भी इस रेलवे द्वारा प्रस्तावित किया गया था तथा पुनः उक्त प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सरणी बैठक 2017 एवं 2019 में विचारार्थ भेजा गया था, लेकिन परिचालनिक कारणों से मार्गस्थल रेलवे से सहमति नहीं बन सकी। नई सेवा संचालन हेतु अतिरिक्त संसाधन यथा कोच, इंजन, कर्मीदल इत्यादि संसाधनों के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति/अनुमोदन की आवश्यकता होगी। नई सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 11.6 | बंगलोर – बीकानेर वाया दिल्ली, रेवाड़ी, सादुलपुर, रतनगढ़ नई गाडी शुरू की जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर से यशवंतपुर वाया जोधपुर–मारवाड़–पालनपुर गाड़ी सं. 16587/88 बीकानेर–यशवंतपुर द्विसाप्ताहिक गाड़ी संचालित की जा रही है। बैंगलूरू–बीकानेर वाया दिल्ली रेवाड़ी – सादुलपुर नई सेवा संचालित करने के लिए अतिरिक्त रेक, इंजन एवं मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जॉच के उपरान्त कार्यवाही संभव होगी। |
| 11.7 | बाड़मेर – हरिद्वार वाया रतनगढ़, चूरू नई गाडी चलाई जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>वर्तमान में बाड़मेर – हरिद्वार के मध्य गाड़ी सं. 14888/87 बाड़मेर–हरिद्वार–बाड़मेर दैनिक एक्सप्रेस सेवा संचालित की जा रही है। बाड़मेर – हरिद्वार नई सेवा संचालित करने के लिए अतिरिक्त रेक, इंजन एवं मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि गाड़ी संख्या 22841/82 जोधपुर–सरायरोहिल्ला सुपरफास्ट वाया रतनगढ़–चूरू प्रतिदिन संचालित है। इसे आईआरटीटीसी (अर्न्तराष्ट्रीय रेलवे समय सारणी–2019) में न्यू ऋषिकेश वाया हरिद्वार तक ले जाने में सहमति बनी है। कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| 12 | **Train Extension** |
| 12.1 | लुधियाना – चुरु (54605/54606) सवारी गाडी का रतनगढ़ तक विस्तार किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना – चुरु सवारी गाड़ी का चुरु आगमन समय 23.50बजे है तथा गाड़ी संख्या 54605 चुरु – लुधियाना सवारी गाड़ी का चुरु से प्रस्थान समय |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | 05.15 बजे है। उक्त सेवा के विस्तारण का समय यात्रियों के अनुकूल नहीं रहेगा। दूसरा रतनगढ़ स्टेशन पर फ्यूलिंग, साफ–सफाई तथा टर्मिनल रखरखाव – सुविधा का अभाव है। इसके साथ – साथ कर्मीदल के विश्राम गृह की सुविधा का भी अभाव है। |
| 12.2 | सरदारशहर – रतनगढ़ सवारी गाडी का मेड़ता रोड तक विस्तार किया जावे।<br>**रिर्माक्स:–**<br>गाड़ी संख्या 74854 सरदारशहर – रतनगढ़ सवारी गाड़ी (डीएमयू) रतनगढ़ आगमन समय 18.55बजे तथा वापसी में यह गाड़ी 74856 रतनगढ़ से 19.10बजे प्रस्थान कर बीकानेर पहुचती है। इस गाड़ी का रेक अन्य गाड़ियों के साथ अन्तर्बद्ध होने के कारण उक्त सेवा का मेड़ता रोड़ तक विस्तारण किया जाना वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है। |
| 12.3 | सीकर – चुरू (74881 / 74882 व 74859 / 74860) सवारी गाडी को रतनगढ़ तक विस्तार किया जावे।<br>**रिर्माक्स:–**<br>गाड़ी सं. 74861 / 62 रींगस–चूरू–रींगस पैसेंजर को जयपुर तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा गया है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस गाड़ी को रतनगढ़ तक विस्तारित किये जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 12.4 | बीकानेर– हरिद्वार (04535 / 04536) को स्थाई किया जावे।<br>**रिर्माक्स:–**<br>गाड़ी संख्या 04735 / 04736 बीकानेर–हरिद्वार–बीकानेर साप्ताहिक विशेष गाड़ी जो बीकानेर से शुक्रवार को 19.45 बजे प्रस्थान करती थी, के स्थान पर नियमित गाड़ी संख्या 14717 / 18 बीकानेर–हरिद्वार त्रिसाप्ताहिक (सोम, बुध, शुक्र) प्रस्थान समय 23.25 बजे का संचालन दिनांक 02.12.2018 से प्रारम्भ कर दिया गया है। |
| 12.5 | सूर्यनगरी एक्सप्रेस (12479 / 12480) का विस्तार रतनगढ़, चुरू तक किया जावे।<br>**रिर्माक्स:–**<br>12479 / 80 जोधपुर–बांद्रा–जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण वर्तमान में जोधपुर स्टेशन पर किया जा रहा है। रतनगढ़, चूरू में अनुरक्षण सुविधा नहीं होने के कारण इस गाड़ी का विस्तारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य में औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 12.6 | बांद्रा – जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस, बांद्रा –हिसार, हावड़ा –जैसलमेर साप्ताहिक गाडियों को प्रतिदिन या कम से कम हफ्ते में 3 दिन किया जावे।<br>**रिर्माक्स:–**<br>गाड़ी सं. 19027 / 28 बांद्रा टी–जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस तथा गाड़ी सं. 22915 / 16 बांद्रा–हिसार एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ियां हैं। इनकी बारम्बारता बढ़ाने के लिए आपका सुझाव पश्चिम रेलवे को विचारार्थ भेजा जा रहा है।<br>इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12371 / 72 हावड़ा–जैसलमेर एक्सप्रेस पूर्व रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है इसे द्वितीय अनुरक्षण के लिए जोधपुर लाना होता है जो करीब 300 किमी दूर है, |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | इस प्रकार इस रेक को अनुरक्षण कराने में कुल 600 किमी की दूरी तय करनी होती है जिससे रेल राजस्व की हानि है। अतः इसकी बारम्बारता बढ़ाये जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 12.7 | कर्नाटक एक्सप्रेस गाड़ी (12627/12628) को नई दिल्ली से बढाकर बीकानेर वाया रेवाड़ी सादुलपुर तक किया जावे।<br>**रिर्मार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12627/28 बैंगलूरू–नई दिल्ली–बैंगलूरू कर्नाटक एक्सप्रेस नई दिल्ली 10.30 बजे आकर 21.15 बजे पुनः प्रस्थान करती है। इस प्रकार इस गाड़ी का कुल लाई ओवर 10.45 घण्टे है जिसमें इसका विस्तारण बीकानेर तक किया जाना परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 12.8 | ब्रह्मपुत्र मेल (14055/14056) को श्रीगंगानगर वाया रेवाड़ी, सादुलपुर तक किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>वर्तमान में श्रीगंगानगर से दिल्ली के मध्य 06 गाड़ियां संचालित की जा रही हैं जिनमें 03 दैनिक एक्सप्रेस, 01 द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस, 01 साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 01 दैनिक पैसेंजर हैं। गाड़ी सं. 14055/56 डिब्रूगढ–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल दैनिक गाड़ी है जिसका दिल्ली स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण किया जाता है इसे श्रीगंगानगर तक बढ़ाये जाने पर श्रीगंगानगर स्टेशन पर 07 अतिरिक्त पिट स्लॉट की आवश्यकता होगी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर पर सीमित अनुरक्षण सुविधा के कारण इसे श्रीगंगानगर तक विस्तारित करना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 12.9 | सियालदह – नई दिल्ली (12273/12274) दुरंतो गाडी को बीकानेर वाया सादुलपुर, चुरू तक किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी सं. 12273/74 हावड़ा–नई दिल्ली दुरन्तो एक्सप्रेस पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है इसका नई दिल्ली स्टेशन पर लाई ओवर मात्र 06.30 घण्टे ही है तथा इस लाई ओवर में इस गाड़ी का बीकानेर तक विस्तारण किये जाना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 12259/60 सियालदाह– नई दिल्ली दुरन्तो (सप्ताह में चार दिन) एक्सप्रेस का बीकानेर तक विस्तारण का प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में स्वीकृत हो चुका है तथा कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| 13 | **Train Stoppages -** |
| 13.1 | श्रीगंगानगर – तिलक ब्रिज सवारी गाडी श्रीगंगानगर से नोहर व सादुलपुर से तिलक ब्रिज तक सवारी गाडी के तौर पर चलती हैं लेकिन नोहर से सादुलपुर तक इसे एक्सप्रेस गाडी के तौर पर चलाया जा रहा हैं। क्षेत्र के लोगों द्वारा मांग की जा रही हैं की नोहर से सादुलपुर तक भी इस गाडी को सवारी गाडी के रूप में चलाया जावे ताकि इस क्षेत्र के लोगों का भी सीधा दिल्ली से जुडाव हो सकें। अतः इस गाडी का नोहर से सादुलपुर तक |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | के सभी स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी संख्या 54767/68 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज सवारी गाड़ी नोहर से सादुलपुर तक फास्ट पैसेंजर के रूप में संचालित की जा रही है। गाड़ी संख्या 54767 श्रीगंगानगर से 19.45 बजे प्रस्थान करती है तथा नोहर से इसका प्रस्थान समय 23.57 बजे है तथा सादुलपुर स्टेशन पर आगमन रात्रि 02.00 बजे है, इसी प्रकार गाड़ी संख्या 54768 का सादुलपुर से प्रस्थान 00.55 बजे और नोहर आगमन 02.36 बजे है, उक्त समय यात्रियों के लिए अनुकूल नही है फिर भी नोहर से सादुलपुर के बीच महत्वपूर्ण स्टेशन गोगामेढ़ी, तहसील भादरा एवं सिदमुख स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव दिया गया है। इस गाड़ी का अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर कार्यवाही किये जाना संभव होगा। |
| 13.2 | हिसार – कोयंबटूर (22475/22476) व हिसार–सिकंदराबाद (17037/17038) गाडी का राजलदेसर स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी सं. 17037/38 हिसार–सिकंदराबाद एक्सप्रेस का राजलदेसर स्टेशन पर ठहराव दिये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य जांच कर कार्यवाही किये जाना संभव होगा। उल्लेखनीय है कि गाड़ी संख्या 22475/76 हिसार–कोयंबटूर एक्सप्रेस का ठहराव राजलदेसर स्टेशन पर दिनांक 09.03.2019 से प्रदान किया गया है। |
| 13.3 | जोधपुर – हिसार (74835/74836) का लसेड़ी स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–** लसेड़ी स्टेशन पर कुल यात्री व आय क्रमशः 07 व 93/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी संख्या 74835/36 जोधपुर–हिसार एक्सप्रेस का लसेड़ी स्टेशन पर ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 13.4 | बीकानेर – हरिद्वार (14717/14718) का राजदेसर स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14717/18 बीकानेर–हरिद्वार का राजलदेसर स्टेशन पर ठहराव दिये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य की जांच के उपरान्त कार्यवाही किये जाना संभव होगा। उल्लेखनीय है कि गाड़ी संख्या 22475/76 हिसार–कोयंबटूर एक्सप्रेस का ठहराव राजलदेसर स्टेशन पर दिनांक 09.03.2019 से प्रदान किया गया है। |
| 13.5 | जोधपुर – दिल्ली सराय रोहिल्ला (22481/22482) का छापर स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>ताल छापर स्टेशन पर औसत कुल यात्री व आय क्रमशः 28 व 2620 रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है। |



Scanned by CamScanner

अतः मेल एक्सप्रेस का गाड़ियों का ताल छापर स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है।

13.6 बीकानेर – बिलासपुर (14719/14720) का सिधमुख स्टेशन पर ठहराव किया जावे।

**रिर्माक्सः–** सिधमुख स्टेशन पर कुल यात्री व आय कमशः 31 व 665/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिकी एवं आय के मानक से कम है अतः गाड़ी संख्या 14719/14720 बीकानेर–बिलासपुर अन्तोदय एक्सप्रेस का सिधमुख स्टेशन पर ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है।

14 **Road Under Bridge -**

14.1 निम्न स्थानीय रेल अंडर ब्रिज निर्माण की मांग काफी समय से कि जा रही हैं। इनके अभाव में ग्रामीण भारी संकट का सामना कर रहे हैं। यहाँ काफी बार भयंकर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। 20–20 किलोमीटर तक कोई भी समपार नहीं हैं। ग्रामीण खेतों में अन्य गावों में कैसे जाएं यह गंभीर प्रश्न हैं। राजस्थान सरकार से संपर्क कर इनके निर्माण की प्रभावी कार्यवाही की जावे।

| Sr. No. | Section | Location | Connecting Villages | Railway KM | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rewari-SDLP | Between Bewad | Kalri-Bewad | 208/209 | Feasible |
| 2 | Rewari-SDLP | Near Kirtan Village | Gugalwa Kirtan -Bewad | 194/4 | Feasible |
| 3 | Hisar-SDLP | Near NH 65 | NH 65-Lutana Puran | 58/7-8 | Feasible |
| 4 | Hisar-SDLP | NH 65 | NH 65-Lutana amichand | 62/12-13 | Feasible |
| 5 | Bhadra-SDLP | East side of Bhadra Railway Station | Bhadra City | 115/1-2 | Feasible |
| 6 | Bhadra-SDLP | Road Connecting Bhadra – Sahwa&Bhadra - Sadulpur | Sardarpura | 117/2-2 | Feasible |

**रिमार्क्सः–**

**इंजीः–** प्रस्तावित लोकेशनों पर कोई समपार नहीं है। राजस्थान सरकार द्वारा ट्रेस पासिंग लोकेशनों पर स्वीकृत सबवे की सूची में ये लोकेशन शामिल नहीं हैं। इस संबंध में आग्रह है कि संबंधित पंचायतों द्वारा उक्त लोकेशनों पर राज्य सरकार के खर्चे पर सबवे निर्माण का प्रस्ताव संबंधित जिला कलेक्टरों को भेजा जाए। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर आरयूबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीविलीटि के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

14.2 सादुलपुर – हनुमानगढ़ खंड पर सादुलपुर में सी – 43 के पास रेल अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया हैं, डिजाईन सही नहीं होने एवं मोहल्लेवासियों के विरोध की वजह से उक्त अंडर ब्रिज संचालित नहीं हो पाया हैं। उक्त अंडर ब्रिज में रेल लाइनों ते पानी भरा



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | रहता हैं, किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती हैं। इस संबंध में मेरा सुझाव हैं कि सी–43 को यथावत रखते हुए उक्त अंडर ब्रिज में 3 फुट का भराव कर उसका निर्माण पूर्ण करवाया जावे ताकि छोटे वाहनों का इससे आवगमन हो सके।<br>**रिर्माक्सः–**<br>**इंजीः–** हिसार–सादुलपुर खण्ड पर समपार सं. सी 43 (कि.मी. 68/4–5) के पास सबवे के निर्माण हेतु जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर निर्धारित साईज के आरसीसी बॉक्स डाले गये थे परन्तु स्थानीय निवासियों के विरोध के कारण बाकी का कार्य पूर्ण नहीं हो सका। स्थानीय निवासी इस स्थान पर फाटक ही चाहते हैं। सबवे के निर्माण का शेष कार्य पूर्ण करने हेतु स्थानीय निवासियों की सहमति की जरूरत होगी। |
| 14.3 | सादुलपुर – हिसार खंड पर समपार सी–34 को यथावत रखा जावे। राजस्थान सरकार की धनराशी से मानव सहित समपार का निर्माण किया गया हैं। उक्त समपार के पास में ही राष्ट्रीय राजमार्ग भी गुजर रहा है। इस समपार की जगह RUB का निर्माण कि जाना फिजिबल भी नहीं हैं, व ग्रामवासी भी इसका भारी विरोध कर रहे हैं। अतः इसे यथावत रखा जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>हिसार–सादुलपुर खण्ड पर समपार सं. 34 (कि.मी. 51/5–6) पर सबवे का निर्माण कार्य ग्रामवासियों के विरोध के चलते नहीं किया जा रहा एवं समपार को यथावत रखा गया है। |
| 14.4 | सादुलपुर – हनुमानगढ़ खंड पर भादरा स्टेशन के उत्तर–पश्चिम साइड में निर्मित सी–62 समपार पर RUB निर्माण किया जावे।<br>**रिर्माक्सः–**<br>हनुमानगढ़–सादुलपुर खण्ड पर समपार सं. 62 (कि.मी. 113/5–6) पर सबवे निर्माण हेतु आरसीसी बॉक्स डाल दिये गये हैं तथा बाकी के कार्य प्रगति पर हैं। |
| 15 | **Other Issues -** |
| 15.1 | Water Drainage issues at railway station and near by railway land of Municipal areas.<br>**Remarks –**<br>सादुलपुर स्टेशन पर स्थानीय निकाय से नाला रेलवे भूमि से क्रॉस करने बाबत कोई प्रस्ताव नहीं आया है। प्रस्ताव प्राप्त होने पर सकारात्मक कार्यवाही की जावेगी। |
| 15.2 | रेलवे स्टेशन पर दिए जाने वाले खानपान स्टाल की क्या प्रकिया हैं, किस कैटेगरी के स्टेशन पर कितने टी स्टाल दिए जाते हैं। चुरू लोकसभा क्षेत्र के लगभग सभी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त टी स्टाल की मांग की जा रही है,उस हेतु क्या कार्यवाही की जा रही हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>खानपान इकाईयों के आवंटन के संबंध में समाचार पत्रों के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | की जाती है। सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरांत आवंटन के बारे में संबंधित को पत्र द्वारा अवगत कराया जाता है ।<br>खानपान नीति 2017 के अनुसार श्रेणी ए–1, ए, बी एवं डी के स्टेशनों के प्रति प्लेटफार्म 4 खानपान इकाईयों तथा श्रेणी "ई" एवं एफ स्टेशनों के प्रति प्लेटफार्म 2 खानपान इकाईयों का निर्धारण किया गया है ।<br>चुरू लोकसभा क्षेत्र के स्टेशनों हेतु आमंत्रित निविदाओं के प्रति सादुलपुर, चुरू एवं रतनगढ स्टेशनों के लिए 4 खानपान इकाईयों का आवंटन किया जा चुका है । |
| 15.3 | सरदारशहर – रतनगढ़ चलने वाली गाड़ियों की समय सारिणी जनहित में नहीं हैं। इसे रिवाइज किया जावे, इसकी काफी समय से मांग की जा रही हैं।<br>**रिर्माक्सः–**<br>सरदारशहर–रतनगढ़ स्टेशन के बीच चलने वाली गाड़ियों की समय सारणी बहुतायत में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। फिर भी आपके सुझावानुसार यात्रियों से प्राप्त प्रतिवेदनों के अनुसार गाड़ियों का समय निर्धारित करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। रतनगढ़–सरदारशहर के मध्य पूर्व की समय सारणी एवं वर्तमान समय सारणी के समय निम्नानुसार हैं– |

| गाड़ी सं. | पूर्व की समय सारणी अनुसार 01.11.2017 | | वर्तमान समय सारणी के अनुसार 01.07. 2019 | | गाड़ी सं. | पूर्व की समय सारणी अनुसार 01.11.2017 | | वर्तमान समय सारणी के अनुसार 01.07. 2019 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रतनगढ़ प्रस्थान | सरदारशहर आगमन | रतनगढ प्रस्थान | सरदारशहर आगमन | | सरदार शहर प्रस्थान | रतनगढ़ आगमन | सरदार शहर प्रस्थान | रतनगढ़ आगमन |
| 74849 | 08.45 | 10.00 | 08.40 | 09.55 | 74850 | 10.15 | 11.25 | 10.05 | 11.15 |
| 74851 | 13.05 | 14.20 | 13.05 | 14.20 | 74852 | 14.40 | 14.50 | 14.40 | 14.50 |
| 74853 | 16.55 | 18.10 | 16.20 | 17.35 | 74854 | 18.25 | 19.35 | 17.45 | 18.55 |



Scanned by CamScanner

| 19. श्री राम चरण बोहरा | |
|---|---|
| 1 | जयपुर में सवाईमाधोपुर रेलवे क्रॉसिंग पर करतारपुरा, महेश नगर एवं मालपुरा गेट (पुलिया नं. 74) के क्रॉसिंग की चौडाई बढ़ाई जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि जयपुर मण्डल के जयपुर–सवाई माधोपुर खण्ड पर स्थित समपार सं. 82X कि.मी. 126/7–8 (महेशनगर फाटक) की चौडाई बढाने का कार्य राज्य सरकार के खर्चे पर पूर्ण कि या जा चुका है। समपार सं. 84 कि.मी. 127/6–7 (करतारपुरा फाटक) की चौडाई बढाने का कार्य डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार की चौडाई बढाने हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो एस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।<br>पुलिया नं. 74 जयपुर मंडल के जयपुर–सवाईमाधोपुर खण्ड पर शिवदासपुरा–सागानेर रेलवे स्टेशन के मध्य कि.मी.118/2–3 पर स्थित है। पुलिया नं. 74 आम रास्ता/अण्डरपास नहीं है। उक्त पुलिया पानी के बहाव की निकासी हेतु है। अनाधिकृत रुप से उक्त पुलिया का अण्डरपास की तरह उपयोग सुरक्षित नहीं है। अतः आम रास्ते हेतु पुल की चौडाई बढाने का कार्य नहीं किया जा सकता है। रेलवे नियमानुसार प्रस्तावित लोकेशन पर अन्डर पास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर अन्डर पास के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 2 | संगानेर रेलवे स्टेशन के पास रामपुरा फाटक (नम्बर 78) एवं जगतपुरा फाटक पर ओवरब्रिज या अण्डरपास का निर्माण किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>मानवसहित समपार फाटक सं. 78 (रामपुरा रोड़ फाटक) जयपुर मंडल के सवाईमाधोपुर–जयपुर खण्ड पर सांगानेर व दुर्गापुरा रेलवे स्टेशनो के मध्य कि.मी. 119/7–8 पर स्थित है। माह जुलाई 2018 की गणना के अनुसार उक्त समपार फाटक का टीवीयू 123948 है। उक्त समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से अधिक होने के कारण उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओवी के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | जयपुर मंडल के जयपुर–बॉदीकुई खंड पर जगतपुरा व खातीपुरा रेलवे स्टेशनों के मध्य कि.मी. 229/6–7 पर स्थित मानवरहित समपार फाटक सं. 215 (जगतपुरा फाटक) का टीवीयू एक लाख से अधिक होने के कारण उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी/आरयूबी का निर्माण कॉस्ट शेयरिंग आधार पर किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी/आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 3 | जयपुर से शिरड़ी एवं जयपुर से खण्डवा–जलगांव–नासिक–कल्याण होते हुए मुम्बई तक नई रेल सेवा प्रारम्भ की जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>जयपुर से शिरड़ी नई सेवा संचालित करना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण एवं परिचालनिक दृष्टि से उत्तर पश्चिम रेलवे तंत्र पर संभव है। जयपुर से शिरड़ी के लिए नई सेवा संचालन हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2017 में भी प्रस्तावित किया गया था। जिस पर अन्य सम्बधित रेलों की सहमति नहीं बन सकी। आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में पुनः प्रस्ताव भेजे जाने पर विचार किंया जायेगा। |
| 4 | जयपुर से सवाईमाधोपुर, जयपुर से रींगस एवं जयपुर से दौसा तक शटल ट्रेन प्रारम्भ की जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में जयपुर – सवाईमाधोपुर, के मध्य एक जोडी सवारी गाडी का संचालन किया जा रहा है। जयपुर – रींगस रेल खण्ड के मध्य एक जोडी सवारी गाडी प्रस्तावित है तथा जयपुर – दौसा रेलखण्ड पर तीन जोडी सवारी गाडियों का संचालन किया जा रहा है। जयपुर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण एवं रखरखाव की सुविधा होने के कारण अतिरिक्त सवारी गाडियों का संचालन किया जाना संभव नही है। |
| 5 | वन्दे भारत एक्सप्रेस जयपुर से दिल्ली व आगरा के लिए चलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12015/12016 दौराई – नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस को वन्दे भारत एक्सप्रेस के रूप में दौराई – दिल्ली के मध्य संचालित किये जाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है। जयपुर – दिल्ली या आगरा नई वन्दे भारत एक्सप्रेस सेवा संचालित किया जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 6 | जयपुर – सवाईमाधोपुर रेलवे दोहरीकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>जयपुर–सवाईमाधोपुर रेलवे दोहरीकरण का कार्य वर्ष 2019–20 में स्वीकृत हुआ है जिसकी लम्बाई=131.27 किमी., लागत =रू 946.13 करोड़ है । इस कार्य का एफएलएस सर्वे करने के कार्य का टेण्डर अभी प्रक्रियाधीन है । |
| 7 | जयपुर से रींगस तक ब्रॉडगेज का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाकर रेल सेवा शीघ्र प्रारम्भ की जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>जयपुर से रींगस (जयपुर यार्ड को छोड़कर) आमान परिवर्तन का कार्य दिनांक 25.04.2019 को पूरा कर लिया गया है । जयपुर यार्ड रिमोडलिंग का कार्य भी दिनांक 25.08.2019 को पूरा कर लिया गया है ।<br>जयपुर – रींगस रेलखण्ड पर आमान परिवर्तन की औपचारिकता पूर्ण करते हुए जयपुर – श्रीगंगानगर, जयपुर–दिल्ली एवं जयपुर –चुरू नई सेवा के प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के भेजे जा रहे है। |
| 8 | संगानेर रेलवे स्टेशन पर जयपुर–इन्दौर, जोधपुर इंटरसिटी एवं जयपुर –चैन्नई एक्सप्रेस का ठहराव किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>सॉगानेर स्टेशन पर वर्तमान में दो जोड़ी एक्सप्रेस तथा एक जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। सांगानेर स्टेशन पर प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री यातायात 89.62 व आय रूपये 3733/– है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव नीति मानक से अत्यन्त कम है। अतः वाणिज्यिक औचित्य के अभाव में एक्सप्रेस/सुपरफास्ट श्रेणी की सुझावित गाड़ियों का ठहराव दिया न्यायोचित नहीं है। सुझावित गाड़ियों का सांगानेर स्टेशन से मात्र 5किमी की दूरी पर स्थित दुर्गापुरा स्टेशन पर ठहराव दिया हुआ है, जहॉ से यात्री उक्त सेवाओं का लाभ उठा सकते है। |
| 9 | गाड़ी संख्या 19665/19666, 14659/ 14660 का गेटोर जगतपुरा एवं 12307/12308, 12915/12916, एवं 12987/12988 का गांधीनगर एवं दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 14659/14660 दिल्ली – बाड़मेर/जैसलमेर एक्स. का गेटोर जगतपुरा स्टेशन पर दिनांक 14.02.2019 प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान कर दिया गया है।<br>गेटोर जगतपुरा स्टेशन पर वर्तमान में आठ जोड़ी एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी सवारी गाड़ियों के साथ एक जोड़ी होली डे विशेष सेवा ठहराव दिया हुआ है। हॉलाकिं गेटोर जगतपुरा स्टेशन पर औसत प्रति दिन प्रति गाड़ी यात्री यातायात 64.66 एवं आय रूपये 1489/– है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव हेतु निर्धारित मापदण्ड से बहुत कम है। फिर भी |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | जयपुर (जं.) एवं गॉधीनगर जयपुर स्टेशन पर भीड़–भाड़ कम करने एवं यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से गाड़ी सं. 19666/19665 खुजराहो – उदयपुरसिटी – खुजराहो एक्स. का गेटोर जगतपुरा स्टेशन पर प्रयोगिक आधार पर ठहराव दिए जाने हेतु अनुशंसा रेलवे बोर्ड को भेजी गई है।<br>गॉधीनगर जयपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12915/16 अहमदाबाद–दिल्ली आश्रम एक्स का दिनांक 05.10.2018 से प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान कर दिया गया है।<br>वर्तमान में गॉधीनगर जयपुर स्टेशन पर सत्ताईस जोड़ी एक्सप्रेस तथा तीन जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। गाड़ी सं. 12987/88 अजमेर– सियालदाह एक्स., 12307/12308 जोधपुर/ बीकानेर–हावड़ा सु.फा. एक्स गाड़ियॉ का ठहराव का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि ठहराव दिया जाना रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 10 | कनकपुरा उप–नगरीय रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>कनकपुरा स्टेशन पर औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 41.67 एवं आय 1869.73/– रूपये है। वर्तमान में कनकपुरा स्टे. पर चार जोड़ी एक्स. तथा पॉच जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। कनकपुरा स्टे. टिकट बिकी 41.67 एवं आय रूपये 1870/– रेलवे बोर्ड के मानक से कम है। फिर भी यात्री सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 22477/22478 जयपुर – जोधपुर – जयपुर सुफा एवं 12467/12468 जयपुर – जैसलमेर लीलण एक्स. का कनकपुरा स्टे. पर ठहराव दिये जाने की अनुशंसा रेलवे बोर्ड को भेजी हुई है। |
| 11 | रीको कांटा पुलिया से रामपुरा फाटक तक रेलवे लाईन के दोनों तरफ चारदीवारी, खातीपुरा पुलिया से खिरणी फाटक पुलिया तक रेलवे लाईन के साथ–साथ खाली पडी भूमि पर चारदीवारी एवं ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन से दादी का फाटक तक रेलवे लाईन के बराबर सुरक्षा दीवार का निर्माण कर पर्यावरण संतुलन के लिए सघन वृक्षारोपण किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>रीको कांटापुलिया (किमी. 120/6–7) से रामपुरा फाटक(किमी. 119/7–8)बायीं ओर पूरी लम्बाई में जो दुर्गापुरा से सांगानेर स्टेशनों के मध्य, जयपुर– सवाई माधोपुर खण्ड पर तथा खातीपुरा पुलिया (किमी. 244/7) से खिरनी फाटक (किमी. 246/6) 500 मीटर लम्बाई में स्टैगर्ड लोकेशन पर, जयपुर से कनकपुरा स्टेशनों के मध्य, जयपुर–फुलेरा खण्ड परउपरोक्त दोनों स्थानों पर रेलवे लाईन के साथ–साथ खाली पड़ी भूमि पर दीवार बनाने हेतु कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। दीवार बनाने की कार्यवाही की जा रही है।<br>ढेहर के बालाजी रेलवे स्टेशन (किमी. 134/8–9) से दादी का फाटक (किमी. 138/8–9) |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | तक जो ढेहर के बालाजी से नींदर बेनाड़ के मध्य जयपुर–रींगस खण्ड पर स्थित है, इस स्थान पर रेलवे लाईन के बराबर सुरक्षा दीवार का निर्माण, आमान परिवर्तन के साथ किया जा रहा है। |
| 12 | दिल्ली से पुरी तक संचालित पुरूषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन का जयपुर तक विस्तार किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी सं. 12801 पुरी – नयी दिल्ली पुरूषोत्तम एक्सप्रेस का नयी दिल्ली आगमन समय 04.20बजे तथा 12802 नयी दिल्ली –पुरी एक्सप्रेस का वापसी में नयी दिल्ली से प्रस्थान समय 22.25बजे है। पुरी से नयी दिल्ली तक कुल 1873.29किमी की दूरी है उक्त सेवा को जयपुर तक विस्तारण पर जयपुर में प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण एवं रखरखाव करना होगा। उक्त संभावित आगमन समय में जयपुर में अनुरक्षण स्लॉट उपलब्ध ना होने के कारण जयपुर तक विस्तारण संभव नहीं है। अन्य गन्तव्य के लिए विस्तारित करने हेतु अतिरिक्त रेक, कर्मीदल, पाथ इत्यादि संसाधनों की आवश्यकता होगी। |
| 13 | आगरा–बांदीकुई मार्ग पर चलने वाली गाड़ी संख्या 54461/54462, 71903/71904 अथवा 71907/70908 में से किसी भी एक पैसेन्जन गाड़ी का जयपुर तक विस्तार किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी सं. 54461 बरेली – बॉदीकुई सवारी गाड़ी का बॉदीकुई आगमन समय 12.00बजे एवं वापसी में गाड़ी सं. 54462 बॉदीकुई – बरेली सवारी गाड़ी का प्रस्थान समय 14.50बजे है। जिसका बॉदीकुई में लाई ओवर समय 02.50 घण्टे है।<br>गाड़ी सख्या 71903 ईदगाह – बॉदीकुई डीएमयू शटल का बॉदीकुई आगमन समय 13.00 बजे तथा वापसी में गाड़ी संख्या 71904 बॉदीकुई – ईदगाह डीएमयू शटल का प्रस्थान समय 13.50बजे है। जिसका बॉदीकुई में लाई ओवर समय मात्र 50 मिनिट का है। सीमित लाई ओवर के कारण जयपुर तक विस्तारण किया जाना संभव नहीं है।<br>गाड़ी संख्या 71907 ईदगाह – बॉदीकुई डीएमयू शटल का बॉदीकुई आगमन समय 21.00 बजे है उक्त सेवा के समय बॉदीकुई से जयपुर के लिए गाड़ी संख्या 19665 खुजराहो – उदयपुरसिटी एक्सप्रेस (बॉदीकुई प्रस्थान समय 21.27बजे) तथा वापसी में गाड़ी संख्या 71908 बॉदीकुई – ईदगाह डीएमयू शटल का प्रस्थान समय 06.05 बजे है, इसी तरह जयपुर से 05.45 बजे प्रस्थान कर ईदगाह के लिए गाड़ी संख्या 19666 उदयपुरसिटी – खुजराहो की ईदगाह के लिए सीधी सेवा उपलब्ध है। |
| 14 | हावडा एक्सप्रेस का सप्ताह में 2 बार संचालन किया जा रहा है, जबकि पूर्व में इसका नियमित संचालन किया जा रहा था, अतः पुनः हावडा एक्सप्रेस का प्रतिदिन जयपुर से हावडा तक नियमित संचालन किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12307/12308 जोधपुर/बीकानेर – हावड़ा वाया जयपुर, बॉदीकुई |

| | |
|---|---|
| | सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दैनिक संचालन किया जा रहा है। |
| 15 | जयपुर– पूना–जयपुर के मध्य संचालित गाड़ी संख्या 12940/12939 का भी नियमित संचालन किया जावे, क्योंकि इस ट्रेन का अभी जयपुर से शनिवार, मंगलवार एवं पूना से रविवार, बुधवार को ही संचालन किया जा रहा है।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12939/12940 जयपुर – पूना (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस का रेक गाड़ी संख्या 12974/12973 जयपुर – इंदौर (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस रेक के साथ समाकेलित कर संचालन किया जा रहा है। उक्त सेवा की बारम्बारता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त रेक, इंजन इत्यादि संसाधनों के साथ ही मध्य रेलवे एवं पश्चिम रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। |
| 16 | गाड़ी संख्या 12196 अजमेर–आगरा फोर्ट के समय में परिवर्तन कर अजमेर से 14.55 बजे के स्थान पर 15.35 बजे एवं जयपुर से 16.55 बजे के स्थान पर 17.40 बजे से संचालन किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12196 अजमेर–आगराफोर्ट एक्सप्रेस अजमेर से 14.55 बजे चलकर आगरा फोर्ट 21.40 बजे पहुँचती है तथा वापसी में पुनः प्रातः 05.05 बजे आगराफोर्ट से जयपुर के लिए प्रस्थान करती है। इस गाड़ी का आगराफोर्ट स्टेशन पर कुल लाई–ओवर मात्र 07:25 घण्टे है जिसमें प्राथमिक अनुरक्षण के लिए न्यूनतम 6 घण्टे निर्धारित है। अतः यदि इस गाड़ी को अजमेर स्टेशन से 55 मिनट देरी से चलाया जाता है तो आगरा फोर्ट स्टेशन पर इसके प्राथमिक अनुरक्षण एवं अन्य परिचालनिक/ वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु पर्याप्त समय देने के लिये लगभग उतने ही विलम्ब से आगरा से चलाये जाना आवश्यक हो जायेगा। वर्तमान समय पर आगरा से चलकर यह गाड़ी सुबह गैटोर जगतपुरा 08.46 बजे, गांधीनगर 09.13बजे एवं जयपुर (जं.) 09.30बजे पहुंचती है जो लगभग 55 मिनट लेट पहुंचने से बांदीकुई, दौसा से आने वाले दैनिक यात्रियों को ऑफिस, व्यवसाय के लिये विलम्ब होने से सुविधाजनक न होने पर असंतोष का कारण हो सकता है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस गाड़ी का अजमेर स्टेशन से समय परिवर्तन किया जाना संभव नहीं है। |
| 17 | गाड़ी संख्या 19666 खजुराहो एक्सप्रेस का जयपुर से पूर्व की भांति प्रातः 5.45 के स्थान पर प्रातः 06.15 से ही संचालन किया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 19666 उदयपुर सिटी – खजुराहो एक्सप्रेस को डबल डेकर से कनेक्सन कराने के लियें इस गाडी का जयपुर आगमन 05.35 व प्रस्थान 05.45 समय है। जयपुर स्टेशन पर प्लेटफार्म की कमी होने के कारण इसका समय जयपुर पर आगमन समय 05.45 व प्रस्थान 06.15 के स्थान पर आगमन 05.35 व प्रस्थान 05.45 किया गया है। जिससे अन्य गाडियों को प्लेटफार्म सुविधा मिल सकें। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 18 | आश्रम एक्सप्रेस एवं बरेली भुज एक्सप्रेस में जनरल कोच की संख्या में बढ़ोतरी की जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12915/12916 अहमदाबाद – दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है, जो कि वर्तमान में एल.एच.बी. रेक से अपने अधिकतम भार 22 कोच से संचालित है। जिसमें तीन साधारण श्रेणी के डिब्बे चलायें जा रहें है।<br>गाड़ी सं. 14311–14312/14321–14322 भुज – बरेली आला हजरत एक्सप्रेस उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है, जो कि वर्तमान में अधिकतम भार 22 कोच से संचालित है। जिसमें तीन साधारण श्रेणी के डिब्बे चलायें जा रहें है। उक्त गाड़ी में 02 साधारण श्रेणी कोच बढ़ाने हेतु इस कार्यालय द्वारा उत्तर रेलवे को पत्र लिखा गया है। |



Scanned by CamScanner

| 20. श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया | |
|---|---|
| 1 | उदयपुर से हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है क्या यह अपने लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्णता पाने की दिशा में बढ रहा है। योजना पूर्ण करने का लक्ष्य जून 2020 है विस्तार पूर्वक जानकारी समयबद्ध चरण के अनुसार देने का कष्ट करें। कार्य को नियत समयावधि में पूर्ण करने की दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>निर्माण – उदयपुर–अहमदाबाद ब्रोडगेज परियोजना के उदयपुर–हिम्मतनगर खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा किया जा रहा है । रायगढ़–हिम्मतनगर खंड का कार्य पूरा कर दिया गया है । उदयपुर से खारवाचंदा खंड को अक्टूबर–2019, डूंगरपुर–रायगढ़ खंड को मार्च–2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा । शेष रेल खंड खारवाचंदा–डूंगरपुर को दिसम्बर–2020 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है । हिम्मतनगर से अहमदाबाद खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य पश्चिम रेलवे द्वारा पूर्ण किया जा चुका है । |
| 2 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की चौडाई ज्यादा होने से जो पंखे अभी लगे हुये है उनसे पर्याप्त हवा नही मिल पाती है और भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं.1 की बनावट के कारण यह सीधी धूप आती है इस कारण यात्रियों का बैठना दूभर हो गया है। अतः 50 वाल फेन लगाने का आदेश प्रदान करे जिससे यात्रियों को राहत महसूस हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के कवर्ड एरिया के अन्तर्गत प्रत्येक सपोर्टिंग कॉलम के बीच में पर्याप्त मात्रा में कमवार पंखे लगे हुए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी पंखों की डाउन रॉड को नीचे की ओर बढा दिया गया है। |
| 3 | फाटक नं NWR LC 60 C धुंवाला नीम का खेड़ा फाटक, उक्त फाटक को खोलने के लिए मेरे द्वारा बार–बार आग्रह किया जा चुका है परन्तु इस संबंध में कोई भी कार्यवाही उ.प.रे. नहीं की गई है उक्त फाटक को खोलने के लिए स्थाई लोक अदालत भीलवाड़ा ने भी आदेश दिया है जो यहाँ आरयूबी बना हुआ है वह काफी छोटा है आस पास ग्रामीण परिवेश की जनता रहती है जिसके कारण उनके ट्रेक्टर, बैलगाड़ी, एवं आवश्यक सेवाएं एम्बुलेंस व फायर बिग्रेड जैसी गाड़ियां उक्त आरयूबी से नही जा पा रही है एवं उक्त अण्डर ब्रिज पूरा पानी से भरा हुआ है अतः उक्त फाटक को अविलम्ब खोला जाये व इस संबंध में किये जाने वाले प्रयासों से मुझे समय–समय पर अवगत कराया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि रेलवे के नीतिगत नियमों के अनुसार सभी समपार फाटकों को सबवे या आरओबी बनाकर बंद किया जाना है। इस नीति के तहत समपार फाटक सं. 60 कि.मी. 113/6–7 के एवज में कलेक्टर, भीलवाड़ा के अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार 3 मीटर चौड़ाई व 2.5 मीटर उँचाई का सबवे बना दिया गया है। अतः नियमानुयार समपार फाटक सं 60 को सबवे बनाने के पश्चात् बंद किया गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | इस सबवे में पानी भरने की समस्या आमतौर पर नहीं है एवं संबंधित रेलवे कर्मचारियों को यह निर्देश भी दे दिये गये है कि भविष्य में पानी भराव की समस्या उत्पन्न न हो तथा यह समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित किया जावे। रेलवे की वर्तमान नीति के अनुसार बंद किये गये फाटक को पुनः चालू करने का प्रावधान नहीं है। इस समपार से लगभग 2.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित समपार सं. 61 (कि.मी 116/2–3) पर टीवीयू मार्च 2016 की गणना के अनुसार 2635 होने के कारण उसको बंद करने तथा उसकी जगह शिफ्टेड लोकेशन पर सबवे बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा अजमेर रेल मंडल के साथ बैठक के दौरान सुझाव दिया है, इस संबंध में जिला प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात् वांछित कार्यवाही की जायेगी। |
| 4 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर एक मेडीकल स्टोर खोला जाना अतिआवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाडा स्टेशन पर एक मल्टी परपज स्टोर (एमपीएस) खुला हुआ है जिस पर सामान्य प्रकार की दवाईयॉं उपलब्ध है। |
| 5 | अजमेर से कोटा वाया जलिन्दरी 145 किमी रेलवे लाईन को स्वीकृत कर दिया गया था और पिछले वर्ष डिटेल एस्टीमेंट बनाने के लिए 1 करोड़ रूपये स्वीकृत कर दिये गये थे। उक्त रेलवे लाईन में कौन–कौन से स्टेशन आयेंगे। क्या उक्त रेलवे लाईन को धरातल पर लाने में उत्तर पश्चिम रेलवे काई सार्थक प्रयास कर रहा है तो विस्तार पूर्वक अवगत कराने का कष्ट करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से कोटा वाया जालिन्धरी –145 किमी. रेलवे लाईन का कार्य वर्ष 2013–14 में स्वीकृत हुआ था । इस परियोजना की अनुमानित लागत 822 करोड़ रू है। इस परियोजना में लोहारवाड़ा, जसवंतपुरा, सराना, गोयाला, सारवाड़, सुरजपुरा, केकड़ी, कालेड़ा, बजार, देवली, लुहाड़ीकला, गोकुलपुरा, नड़वा एवं मोतीपुरा रेलवे स्टेशन प्रस्तावित हैं। इस परियोजना हेतु Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) अनुमोदन आना अभी शेष है । |
| 6 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य काफी समय से अधूरा होकर बन्द पड़ा है पिछले 1 वर्ष से उक्त द्वितीय प्रवेश द्वार की कोई सुध लेने वाला नही है पिछली माननीय महाप्रबन्धक महोदय की उपस्थिति में आयोजित तीसरी बैठक में महाप्रबन्धक महोदय ने निद्रेश दिया था कि द्वितीय प्रवेश द्वार का अधूरा बन्द पड़ा निर्माण कार्य एक मास्टर प्लान तैयार करके चरणबद्ध तरीके से पूरा कराया जावे परन्तु अभी तक निर्माण कार्य पूरा होना तो दूर तैयार किये गये मास्टर प्लान की कॉपी भी नहीं मिली है द्वितीय प्रवेश द्वार पर निम्न निर्माण कार्य अधूरा होकर बन्द पड़ा है |



Scanned by CamScanner

**रिमार्क्सः–**

➢ यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार हेतु भीलवाड़ा स्टेशन का मास्टर प्लान बनाया गया है। इसमें निम्न कार्य सम्मिलित किये गये हैं :–

1. सर्किट हाउस (Second Entry) की तरफ मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण,
2. 2600 वर्गमीटर सर्कुलेटिंग एरिया (सर्किट हाउस की तरफ) का विकास (फेज–1 में 900 वर्गमीटर एवं फेज–2 में 1700 वर्गमीटर)
3. 100 वर्गमीटर का बुकिंग ऑफिस मय प्रतीक्षालय एवं इसमें बिजली संबंधी कार्य,
4. 580 मीटर लंबाई का हाई लेवल प्लेटफार्म एवं कोटा स्टोन फ्लोरिंग का कार्य,
5. दिव्यांगजनों हेतु शौचालय व मोडुलर शौचालय का निर्माण,
6. प्लेटफार्म संख्या 04 पर 25 बेन्चें एवं दो वाटर कूलर का प्रावधान,
7. प्लेटफार्म संख्या 04 पर इलेक्ट्रिकल एलईडी लाईट पोस्ट लगाने का कार्य,
8. प्लेटफार्म संख्या 04 के साथ वृक्षारोपण व लैण्ड–स्केपिंग,
9. प्लेटफार्म संख्या 04 पर 50 मीटर लंबाई की चार दिवारी बनाने का कार्य,
10. प्लेटफार्म के साथ 450 मीटर लंबाई की पानी निकासी हेतु नाली,
11. नये एफओबी का निर्माण (चितौड़गढ़ छोर पर),
12. एफओबी की लैण्डिंग का प्लेटफार्म संख्या 04 पर विस्तार किया जाना,
13. प्लेटफार्म शेड का कार्य,
14. वाटर हाइड्रेंट,
15. यूरिनल का निर्माण,
16. ग्रेनाईट बेंचों का प्रावधान,
17. प्लेटफार्म संख्या 1, 2/3 व एफओबी का एस्बेस्टस शीट को गैल्वेनियम शीट के साथ बदलने का कार्य।

(A) उपरोक्त मास्टर प्लान के अनुसार प्रथम चरण में निम्न कार्य संपन्न किये गये हैं:–

1. सर्किट हाउस (Second Entry) की तरफ मुख्य प्रवेश द्वार बनाया गया है।
2. 900 वर्गमीटर का सर्कुलेटिंग एरिया (350 वर्गमीटर पेवर ब्लॉक व 550 वर्गमीटर सीसी फलोरिंग) बनाया गया है।
3. 100 वर्गमीटर का बुकिंग ऑफिस मय प्रतीक्षालय बनाया गया है एवं इसमें बिजली संबंधी कार्य भी किया गया है।
4. 450 मीटर लंबाई का हाई लेवल प्लेटफार्म बनाया गया है व कोटा स्टोन फ्लोरिंग भी की गयी है।
5. दिव्यांगजनों हेतु शौचालय व मोडुलर शौचालय का निर्माण किया गया है।
6. प्लेटफार्म संख्या 04 पर 25 बेन्चें एवं दो वाटर कूलर लगाये गये हैं।
7. प्लेटफार्म संख्या 04 पर इलेक्ट्रिकल एलईडी लाईट पोस्ट लगाये गये हैं।
8. प्लेटफार्म संख्या 04 के साथ वृक्षारोपण व लैण्ड–स्केपिंग की गयी है।
9. प्लेटफार्म संख्या 04 पर 50 मीटर लंबाई की चार दिवारी बनायी गयी है।
10. प्लेटफार्म के साथ 450 मीटर लंबाई की नाली पानी निकासी हेतु बनाई गई है।

(B) मास्टर प्लान के अनुसार द्वितीय चरण के लिए निम्न कार्य स्वीकृत हो चुके हैं:–

1. नये एफओबी का निर्माण (चितौड़गढ़ छोर पर) – इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।
2. एफओबी की लैण्डिंग का प्लेटफार्म संख्या 04 पर विस्तार किया जाना– इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।
3. प्लेटफार्म शेड का कार्य – यह कार्य स्वीकृत है व विस्तृत प्राक्कलन बनाया गया है।
4. शेष बचे 130 मीटर प्लेटफार्म को ऊँचा करने का कार्य – इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।
5. वाटर हाइड्रेंट लगाने का कार्य – इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।
6. यूरिनल निर्माण का कार्य – इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।
7. ग्रेनाईट बेंचें लगाने का कार्य – इस कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गयी है।



Scanned by CamScanner

(C) मास्टर प्लान के अनुसार द्वितीय चरण के लिए निम्न कार्य प्रस्तावित है:–

1. सर्कुलेटिंग एरिया का विकास (सर्किट हाउस की तरफ) एवं प्रतीक्षालय का निर्माण,
2. प्लेटफार्म संख्या 1, 2/3 व एफओबी का एस्बेस्टस शीट को गैल्वेनियम शीट के साथ बदलने का कार्य ।

सांसद कोटे से उपलब्ध करायी गयी धन राशि (रू0 30 लाख) से सम्पन्न कराये गये कार्यों का विवरण:–

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्कोप | कार्य प्रगति | लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्किट हाउस (द्वितीय प्रवेश द्वार) की तरफ मुख्य प्रवेश द्वार | 01 | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 3.30 लाख |
| 2 | हाई लेवल प्लेटफार्म का कार्य (गुड्स प्लेटफार्म को पैसेन्जर प्लेटफार्म में बदलने का कार्य) | 133 मीटर | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 7.60 लाख |
| 3 | प्लेटफार्म पर कोटा स्टोन फलोरिंग का कार्य | 1470 वर्ग मीटर | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 13.70 लाख |
| 4 | प्लेटफार्म के साथ नाली का कार्य | 450 मीटर | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 5.40 लाख |
| | | | कुल लागत | रू0 30 लाख |

विधायक कोटे से उपलब्ध करायी गयी धन राशि (रू0 30 लाख) से सम्पन्न कराये गये कार्यों का विवरण:–

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्कोप | कार्य प्रगति | लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई लेवल प्लेटफार्म का कार्य (गुड्स प्लेटफार्म को पैसेन्जर प्लेटफार्म में बदलने का कार्य) | 315 मीटर | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 17.90 लाख |
| 2 | प्लेटफार्म पर कोटा स्टोन फलोरिंग का कार्य | 730 वर्गमीटर | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 6.60 लाख |
| 3 | विविध कार्य जैसे– नाली का कवर, सीसी फ्लोरिंग, लेण्ड स्केपिंग का कार्य, एप्रोच पाथ वे इत्यादि। | अनुमानित | कार्य पूर्ण हो चुका है | रू0 5.50 लाख |
| | | | कुल लागत | रू0 30 लाख |

(क) द्वितीय प्रवेश की बिल्ड़िग के जिस 75 प्रतिशत भाग की दीवारो का कार्य पूर्ण हुये 1 वर्ष 6 माह होकर छत डालने के इन्तजार में पड़े हुये है। उक्त कार्य को पूर्ण करने की दिशा में अभी तक किये गये प्रयासों से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुये उक्त कार्य किस दिनांक तक पूर्ण कर लिया जायेगा बताने का कष्ट करें।

**रिमार्क्स:–**

द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थित बिल्डिंग के शेष कार्य को स्वीकृत करने की प्रकिया जारी है। इस काम को वर्ष 2020 तक पूर्ण किया जाएगा।

(ख) प्लेटफार्म नं. 3 व 4 पर कोई यात्री ट्रेन अभी तक नही आयी है उक्त प्लेटफार्म की लांईन में ट्रेन लाने में आपके द्वारा अभी तक किये गये प्रयासों से अवगत करावे एवं किस दिनांक यात्री ट्रेन रुकना चालू हो जायेगी।



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>प्लेटफॉर्म नं. 3 व 4 के मध्य स्थित लाईन नं. 4 वर्तमान में गुड्स लाईन है इसलिए इस लाईन पर यात्री ट्रेन नहीं ली जाती है। सी.आर.एस. की स्वीकृति के पश्चात् इस लाइन पर यात्री ट्रेन ली जायेगी।<br><br>(ग) प्लेटफार्म नं. 4 के अधूरे पड़े फर्श के निर्माण कार्य को अविलम्ब पूरा कराया जावे।<br>रिमार्कः–इंजीनियरिंग – प्लेटफार्म सं.–4 के फर्श के निर्माण कार्य को इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा।<br><br>(घ) पार्किंग एरिया कच्चा पड़ा है जिसे ताला लगाकर बन्द कर दिया है उसके फर्श को पेवर ब्लॉक लगाकर पक्का किया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>350 वर्गमीटर एरिया में पेवर ब्लॉक लगा दिये गये हैं एवं 550 वर्गमीटर एरिया में सी.सी. फलोरिंग करा दी गई है।<br><br>(ड़) यात्रियों के लिए फुट ब्रिज की सुविधा उपलब्ध नही है रेलवे ने फुट ब्रिज को सेफ्टी आईटम में डाला है उस दृष्टि से भी फुट ब्रिज अविलम्ब बनाया अतिआवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाडा स्टेशन पर एक फुट ओवर ब्रिज उपलब्ध है एवं दूसरे एफ.ओ.बी. का कार्य अवार्ड कर दिया गया है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा।<br><br>(च) प्लेटफार्म नं. 4 पर प्लेटफार्म शेल्टर नही बना हुआ है इसे बनाया जाना अतिआवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>प्लेटफार्म सं.–4 पर दो छोटे शैल्टर लगा दिये गये हैं। अतिरिक्त शेल्टर बनाने का कार्य भी प्रस्तावित है। |
| 7 | भारतीय रेल द्वारा छपाई हुई बुकलेट में आपके द्वारा भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर 8 करोड़ की लागत से 4 एस्केलेटर का प्रावधान है उक्त कार्य को पूर्ण करने की दिशा में उ.प.र. द्वारा किये गये प्रयासों से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुये यह भी बताये कि किस दिनांक तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर दो एस्केलेटर प्लेटफार्म नं 1 पर (अप व डाउन) मार्च 2016 में लगाए जा चुके हैं। पूर्व में यहॉं 04 एस्केलेटर लगवाने का प्रस्ताव था परन्तु रेलवे बोर्ड द्वारा जारी, नई नीति के अनुसार भीलवाड़ा स्टेशन दैनिक फुटफॉल का मापदण्ड पूरा न करने के कारण उक्त प्रस्तांव पर कार्य नहीं किया जा सकता है।<br>इसके अतिरिक्त प्लेटफार्म नं 2/3 एवं 4 पर एक–एक लिफ्ट लगाने के प्रावधान हेतु प्रस्ताव |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | महाप्रबन्धक महोदय द्वारा दिनांक 30.0819 को स्वीकृत हुआ हैं। यह कार्य दिनांक 30.08.2020 तक कर लिया जाएगा। |
| 8 | भारतीय रेल द्वारा छपाई हुई बुकलेट में आपके द्वारा मेरे लोकसभा क्षेत्र के गुलाबपुरा, रूपाहेली सरेड़ी, रायला रोड़, मांडल, भीलवाड़ा हमीरगढ स्टेशनों पर 17 करोड़ रूपये की लागत से फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान किया गया है उक्त कार्य को पूर्ण करने की दिशा में उ.प.रे. द्वारा अभी तक किये गये प्रयासों से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुये यह भी बताये कि किस दिनांक तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाड़ा, गुलाबपुरा पर एफ.ओ.बी. बनाने का कार्य अवार्ड हो गया है, जो शीघ्र प्रारम्भ होने वाला है। शेष स्टेशनों का टेण्डर उचित धनराशि उपलब्ध होने पर किया जायेगा। |
| 9 | मेरे लोकसभा क्षेत्र गुलाबपुरा, रूपाहेली सरेहड़ी, रायला रोड़, लाम्बिया, धुंवाला, मांडल, मंडपिया, भोजरास, हमीरगढ स्टेशनों की बिल्डिंग, वेटींग हॉल, पर उच्च गुणवत्ता वाला रंग रोगन किया जाव एवं उक्त स्टेशन पर साफ–सफाई व स्वच्छता के लिए सार्थक प्रयास किये जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जनवरी, 2019 एवं दिसम्बर, 2018 में सभी स्टेशनों पर रंग व स्टेशनों करवा दिया गया था। इन स्टेशनों का निरीक्षण करवाकर उचित रंग–रोगन करवा दिया जायेगा। |
| 10 | मेरे लोकसभा क्षेत्र गुलाबपुरा, रूपाहेली सरेड़ी, रायला रोड़, लाम्बिया, धुंवाला, मांडल, मंडपिया, हमीरगढ, भोजरास, स्टेशनों में एक नवीन प्लेटफार्म शेल्टर बनाना अतिआवश्यक है यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उपरोक्त सभी स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड के न्यूनतम यात्री सुविधा मानदंडानुसार पर्याप्त प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा उपलब्ध है। |
| 11 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर भूमिगत पार्किंग बनाना अतिआवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाड़ा स्टेशन के प्रथम प्रवेश द्वार पर समुचित पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध है। द्वितीय प्रवेश द्वार पर पार्किंग व्यवस्था हेतु कार्यवाही जारी है। इस स्टेशन पर भूमिगत पार्किंग बनाना सम्भव नही है क्योंकि जगह उपलब्ध नही है। |
| 12 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर 25 कर्मचारी क्वार्टर ऐसे है जो रहने योग्य नहीं है उन्हें अविलम्ब हटाकर बहुमन्जिला फ्लेट बनाये जाये जिससे भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों सुविधाओं के विस्तार हेतु पर्याप्त स्थान मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सभी 25 क्वार्टरों में मरम्मत कार्य करवा दिया गया है। इसके अलावा 12 नये टाईप–II आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 13 | उदयपुर से जयपुर तक हो रहा विद्युतीकरण का कार्य क्या निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा हो जोयगा विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुये यह भी बताये कि किस दिनांक तक विधुत लाईन पर आवागमन चालू हो जायेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर से जयपुर के मध्य उदयपुर से आदर्शनगर एवं मदार से फुलेरा सैक्शन के विधुतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। मदार–अजमेर–आदर्शनगर सैक्शन का कार्य शीघ्र ही पूरा होने वाला है। शेष सैक्शन जयपुर–फुलेरा का विघुतीकरण करने का लक्ष्य रेलवे बोर्ड द्वारा अक्टूबर 2019 रखा गया है।<br>उक्त कार्य पूरा होने के उपरान्त जयपुर–उदयपुर के मध्य विधुत ट्रेनों का संचालन नवम्बर 2019 में किया जाएगा |
| 14 | निम्न ट्रेनों में अधिक सुरक्षित एलएचबी कोच लगाने का आदेश प्रदान करें।<br>1. 12982–12981 एक डिब्बा फर्स्ट एसी कम सेकण्ड एसी एलएचबी कोच लगाना अतिआवश्यक है<br>2. 22996,12996,12995 अजमेर–मुम्बई<br>3. 20902, 22902–22901 अजमेर–मुम्बई<br>4. 19711–19712 जयपुर भोपाल<br>5. 13424–13425 अजमेर भागलपुर<br>6. 09721–09722 उदयपुर जयपुर<br>7. 12991–12992 इन्टरसिटी<br>8.19609–19610 उदयपुर–हरिद्वार<br>9. 19603–19604 अजमेर रामश्वरम<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12981/82 उदयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–उदयपुर वर्तमान में आईसीएफ कोचों से चल रही है।<br>आईसीएफ कोचों से चल रही समस्त गाड़ियों को एलएचबी कोचों से संचालित किया जाना अपेक्षित है जिसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा रेक उपलब्ध कराये जा रहे हैं। रेक उपलब्ध होने पर गाड़ियों को एलएचबी कोचों से संचालित करना संभव होगा। इस विषय में उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 13424/23 अजमेर–भागलपुर को दिनांक 21.03.19 से एलएचबी कोचों से संचालित किया जा रहा है तथा गाड़ी सं. 19603/04 अजमेर–रामेश्वरम हमसफर का संचालन एलएचबी कोचों से ही किया गया था। |
| 15 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर सीसी टीवी कैमरा लगाना अतिआवश्यक है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>भीलवाडा रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य निर्भया फण्ड के अन्तर्गत करने हेतु मैसर्स रेलटेल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है और इस दिशा मे रेलटेल द्वारा प्रथम चरण मे उत्तर पश्चिम रेलवे के भीलवाडा रेलवे स्टेशन |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | सहित 'ए' श्रेणी के कुल 16 रेलवे स्टेशनो पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| 16 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर संचालित यूटीएस कम पीआरएस टिकिट खिड़की वर्तमान प्रातः 8.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक संचालित है जो ऐसे समय में संचालित है ई विशेष ट्रेन का आवागमन नहीं है अतः इसे पूरे समय संचालित करने का कष्ट करे ताकि पटरी पार के क्षेत्रवासियों को समस्या का सामना नही करना पड़े।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गत तीन माह में भीलवाड़ा स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर औसतन प्रतिदिन मात्र 8 आरक्षण मांग पत्र एवं लगभग 160 अनारक्षित टिकट डील किये जाते हैं जिसे देखते हुए भीलवाड़ा स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर 8 बजे से 16 बजे की एक ही पारी में यूटीएस कम पीआरएस टर्मिनल चलाये जाने का औचित्य है। |
| 17 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 के प्लेटफार्म के शेल्टर के सीमेंन्ट की चद्दर काफी पुरानी होकर जर्जर हालत में है उनके टुकड़े कई बार नीचे गिर चुके है इन्हें अविलम्ब बदलकर गेलेनाईज्ड शीट लगाना अतिआवश्यक है सीमेन्ट के चद्दर जगह–जगह टूटने के कारण बारिश में जगह जगह पानी ही पानी हो जाता है। मेरे द्वारा आप श्रीमान को बार–बार आग्रह किया जा चुका उक्त चद्दर कभी भी गिर सकते है बड़ा हादसा हो सकता है जान माल की हानि हो सकती है। अतः अविलम्ब बदला जावे, इस दिशा में उठाये गये कदमों से मुझे समय–समय पर विस्तार पूर्वक अवगत करावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>प्लेटफार्म नं.–1 की सीमेन्ट की चद्दरों को बदलने का कार्य प्रस्तावित है। |
| 18 | जयपुर से मुम्बई वाया भीलवाड़ा एक हमसफर ट्रेन सप्ताह में एक दिन सोमवार को चलाई जावे जो मुम्बई प्रातः 5 बजे पहुचे, एवं मुम्बई से वापस रात्रि 8 बजे चले।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से मुम्बई वाया भीलवाड़ा हमसफर गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको एवं पश्चिम रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। उल्लेखनीय है कि जयपुर से बांद्रा टर्मिनस वाया अजमेर–चित्तोड़गढ़ साप्ताहिक गाड़ी (गाड़ी सं. 09623/24 हॉलिडे स्पेशल को नियमित कर) चलाये जाने पर अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में सहमति प्राप्त हो चुकी है। गाड़ी के संचालन के लिए रेलवे बोर्ड से कार्यवाही अपेक्षित है। |
| 19 | अजमेर से कोटा वाया एक जनसाधारण ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाई जावे जिससे मेरे क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश की जनता को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से कोटा जनसाधारण गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको एवं पश्चिम मध्य रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है।<br>आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 20 | उदयपुर से लखनउ वाया भीलवाड़ा एक जनसाधारण ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाई जावे जिससे मेरे क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश की जनता को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर से लखनऊ वाया भीलवाड़ा नयी गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको एवं मार्गस्थ रेलों की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है।<br>आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 21 | अजमेर से पूना वाया भीलवाड़ा एक जनसाधारण ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाई जावे जिससे मेरे क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश की जनता को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अजमेर से पूना वाया भीलवाड़ा जनसाधारण गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको एवं मार्गस्थ रेलों की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है।<br>आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 22 | उदयपुर से दिल्ली वाया भीलवाड़ा एक जनसाधारण ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाई जावे जिससे मेरे क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश की जनता को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उदयपुर से दिल्ली वाया भीलवाड़ा नयी गाड़ी चलाये जाने के लिए अतिरिक्त रेक/लोको एवं मार्गस्थ रेलों की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। नयी गाड़ियों का संचालन किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है।<br>आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 23 | ट्रेन नं. 13424 अजमेर से भागलपुर जो सप्ताह में एक दिन चलती है जिसे प्रतिदिन करने का कष्ट करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 13424 अजमेर से भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्व रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है तथा वर्तमान में अजमेर से आरबीपीसी पर लौटती है। इसे दैनिक किये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको की आवश्यकता के साथ ही संबंधित रेलवे से पाथ की आवश्यकता होगी। आपके सुझाव पर वाणिज्यिक औचित्य की जांच कर उचित कार्यवाही किये जाने |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | पर विचार किया जायेगा। |
| 24 | ट्रेन 19609–19610 उदयपुर से हरिद्वार ट्रेन जो सप्ताह में तीन दिन चलती है जिसे प्रतिदिन करने का कष्ट करे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुर–हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस को नियमित चलाये हेतु अतिरिक्त रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इस गाड़ी को दैनिक चलाये जाने हेतु अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017, 2018 में प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 25 | ट्रेन 18010 अजमेर से संतरा गांछी ट्रेन जो सप्ताह में एक दिन चलती है जिसे प्रतिदिन करने का कष्ट करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 18010 अजमेर से सतरागांछी साप्ताहिक एक्सप्रेस दक्षिण पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का द्वितीय अनुरक्षण मदार स्टेशन पर किया जाता है इसे साप्ताहिक से द्विसाप्ताहिक किया जाना संभव है बशर्ते मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं दक्षिण पूर्वी रेलवे व रेलवे बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त हो।<br>इसे दैनिक किये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको की आवश्यकता के साथ ही संबंधित रेलवे से पाथ की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि किसी भी गाड़ी को प्रतिदिन संचालित किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। |
| 26 | ट्रेन नं. 12315 सियालदाह उदयपुर ट्रेन जो कि सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को चलती है उक्त ट्रेन को प्रतिदिन करने का कष्ट करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12315 सियालदाह–उदयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। इसे दैनिक किये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको की आवश्यकता के साथ ही संबंधित रेलवे से पाथ की आवश्यकता होगी। इस गाड़ी का द्वितीय अनुरक्षण उदयपुर स्टेशन पर किया जाता है इसे साप्ताहिक से द्विसाप्ताहिक किया जाना संभव है बशर्ते मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं पूर्वी रेलवे व रेलवे बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त हो।<br>उल्लेखनीय है कि किसी भी गाड़ी को प्रतिदिन संचालित किये जाना रेलवे बोर्ड का क्षेत्राधिकार है। |



Scanned by CamScanner

| 21. श्री सुमेधानन्द सरस्वती | |
|---|---|
| 1 | सीकर – दिल्ली वाया लोहारू रेलमार्ग पर गाडी संख्या–14021/14022 को नियमित रूप से प्रतिदिन चलाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी वर्तमान में दिल्ली–रींगस के मध्य चल रही है इस गाड़ी का जयपुर तक विस्तारण का प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में स्वीकृत हो चुका है तथा रेलवे बोर्ड से कार्यवाही अपेक्षित है।<br>गाड़ी संख्या 14021/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–सीकर–दिल्ली सराय रोहिल्ला (त्रि–साप्ता.) एक्सप्रेस उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है। इसे प्रतिदिन चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक, इंजन एवम् उत्तर रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृती आवश्यक है। |
| 2 | सीकर में पिट/सर्विस स्टेशन बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में सीकर स्टेशन पर किसी भी ट्रेन का प्राथमिक अनुरक्षण नहीं किया जा रहा है तथा सीकर से 107 किमी. दूर जयपुर में 03 वाशिंग लाईन 24 कोच की उपलब्ध है। जोकि वर्तमान की परिचालन आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त है। |
| 3 | मीटर गेज के समय जो ट्रेनें वाया सीकर होते हुये आती–जाती थी, उनको पुनः रिस्टोर कर वाया सीकर होते हुए नियमित चलाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>इस समय दिल्ली – रींगस एवं श्रीगंगानगर – सीकर के मध्य गाड़ियॉ संचलित है तथा रींगस – जयपुर तक का आमानपरिवर्तन का कार्य हाल ही पूर्ण हुआ है। इस रेलखण्ड पर नई सेवा शीध्र ही संचालित कर दी जायेगी। |
| 4 | सराय रोहिल्ला दिल्ली–रींगस ट्रेन को जयपुर तक चलाया जाये तथा इसे दैनिक किया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 14021/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–सीकर–दिल्ली सराय रोहिल्ला (त्रि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस का जयपुर तक विस्तारित करने की सहमति अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक–2019 में हो चुकी है तथा रेलवे बोर्ड से कार्यवाही अपेक्षित है। उक्त सेवा उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है अतः दैनिक संचालित किया जाना उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार का विषय है। |
| 5 | सीकर–चुरू रेलवे फाटक संख्या–1 तथा फाटक संख्या –2 (जगमालपुरा फाटक) के मध्य अण्डर पास बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर चुरु लाईन पर समपार फाटक सं. 1 कि.मी. 1/2–3 व समपार फाटक सं. 2 कि.मी. 2/6–7 के मध्य कोई समपार फाटक नही है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अण्डर पास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर स्वयं के खर्चे पर अन्डर पास के निर्माण हेतु प्रस्ताव |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 6 | मीटर गेज के समय अरावली एक्सप्रेस दिल्ली–अहमदाबाद वाया रींगस चला करती थी, इसे पुनः वाया सीकर–रींगस होकर चलाया जावें। मीटर गेज के समय चलने वाली ट्रेनों को पुनः चलाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 19707/19708 बान्द्रा टर्मिनस – जयपुर अमरापुर अरावली एक्सप्रेस का वाया रींगस, सीकर श्रीगंगानगर तक विस्तारित किये जाने के सुझाव की परिचालनिक एवं वाणिज्यिक औचित्य की मुख्यालय स्तर पर परीक्षण कर रेलवे बोर्ड को भेजे जाने पर विचार किया जा रहा है। |
| 7 | रेवाडी फुलेरा वाया रींगस उपखण्ड पर हरिद्वार, जम्मूतवी, अहमदाबाद, सूरत, मुम्बई के लिए प्रतिदिन नई ट्रेनें चलाई जावें। दिल्ली अजमेर वाया सीकर–रींगस प्रतिदिन फास्ट पैसेंजर ट्रेन चलाई जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>फुलेरा – रींगस – रेवाड़ी रेलखण्ड पर गाड़ी संख्या 22451/22452 बान्द्रा टर्मिनस – चण्डीगढ़ द्वि–साप्ताहिक एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 22950/22949 दिल्ली सराय रोहिल्ला – बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस अहमदाबाद, सूरत एवं मुम्बई से सीधी सेवा उपलब्ध है। हरिद्वार, जम्मूतवी उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र के स्टेशन है, जहॉ से रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा होकर किसी अन्य गतंव्य स्टेशन तक नई सेवा संचालित करना उत्तर रेलवे एवं रेलवे बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का विषय है। |
| 8 | रिंगस रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1,2 और 3 की लंबाई अधिक है अतः गेट नं. 108 आर.ओ.बी. के पास बाहर जाने के लिए गेट बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>रिंगस रेलवे स्टेशन पर वर्तमान प्लेटफार्म संख्या 01 पर बाहर जाने का रास्ता बनाया हुआ है। यह इस स्टेशन का मुख्य द्वार है। यद्यपि आरओबी 108 के नीचे से रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार स्टेशन के बाहर सड़क द्वारा जुड़ा हुआ है। |
| 9 | रींगस स्टेशन पर गाडियों के आगमन एवं प्रस्थान हेतु ट्रेनों की सिग्नलिंग व्यवस्था को पुनः जॉच करावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>चाही गयी जानकारी पूर्ण नहीं है। आगमन एवं प्रस्थान सिग्नलिंग व्यवस्था में किस प्रकार की सुविधा वांछित है अवगत कराया जाये जिससे उस पर विचार कर निवारण का प्रयास किया जा सकें। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 10 | रींगस स्टेशन पर इनक्वायरी ऑफिस, गेट के बाहर अथवा बुकिंग ऑफिस के पास हो।<br>**रिमार्क्स –**<br>स्टेशन का कार्य निर्माणाधीन है एवं गेट पर ही इन्क्वारी आफिस का प्रावधान रखा गया है। |
| 11 | रींगस – रेवाडी रेल मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक नं. 98 सी, पोलादास फाटक 97 सी से कालिया हनुमान फाटक के मध्य उण्डरपास बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>रींगस–रेवाडी रेल मार्ग पर समपार फाटक सं. 97 कि.मी. 135/5–6व समपार फाटक सं. 98कि.मी. 136/2–3 के मध्य कोई समपार फाटक नही है। रेलवे नियमानुसार उक्त लोकेशन पर अण्डर पास का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर स्वयं के खर्चे पर अन्डर पास के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 12 | रींगस होकर जाने वाली बीजी गाडियों को नियमित किया जाये।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 12065/66 अजमेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला जनशताब्दी एक्सप्रेस सप्ताह में पाँच दिन संचालित है। इस गाड़ी का मदार स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण सप्ताह में दो दिन, दिन के समय किया जाता है क्योंकि अजमेर स्टेशन पर 22.25 बजे आगमन के पश्चात् 05.40 बजे रवाना होती है, जो कि अनुरक्षण हेतु कम है। अतः परिचालनिक एवं तकनीकी कारणों से इसे प्रतिदिन चलाया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 22949/22950 बान्द्रा टर्मिनस–दिल्ली सराय रोहिल्ला (साप्ताहिक) एक्स. पश्चिम रेलवे एवं गाड़ी संख्या 22451/22452 चण्डीगढ़–बान्द्रा टर्मिनस (द्वि–साप्ताहिक) एक्सप्रेस उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ियाँ हैं। इनकी बारम्बारता बढ़ाये जाने हेतु आपका सुझाव सम्बधित रेलवे एवं रेलवे बोर्ड को विचारार्थ भेजा गया है।<br>इस समय दिल्ली – रींगस एवं श्रीगंगानगर – सीकर के मध्य गाड़ियॉ संचलित है तथा रींगस – जयपुर तक का आमानपरिवर्तन का कार्य हाल ही पूर्ण हुआ है। इस रेलखण्ड पर नई सेवा शीघ्र ही संचालित कर दी जायेगी। |
| 13 | एक्सप्रेस गाडी संख्या – 14021/14022 को सीकर से अजमेर तक वाया–रींगस, फुलेरा तक बढ़ाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>इस गाड़ी का जयपुर तक विस्तारण का प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2019 में स्वीकृत हो चुका है तथा रेलवे बोर्ड से कार्यवाही अपेक्षित है। अतः अजमेर तक विस्तारण किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 14 | विभिन्न अण्डरपासों में पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान किया जावें।<br>रिमार्क्स –<br>अत्यधिक वर्षा के दौरान सबवे में आस–पास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जल भराव की समस्या होती हैं। रेलवे द्वारा जल भराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी भी की जाती है। वर्तमान में मानसून के दौरान रेलवे द्वारा पम्प से पानी निकासी के कार्य की हर स्तर पर करीबी से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाहर से आने वाले पानी को रोकने हेतु सर्वे कर वांछित कार्यवाही की जायेगी। |
| 15 | जनशताब्दी एक्सप्रेस गाडी संख्या 22949, 22950 को नियमित किया जायें एवं श्रीमाधोपुर स्टेशन पर रिजर्वेशन खिडकी खुलवाई जायें। तथा पार्सल बुकिंग ऑफिस एवं ए श्रेणी का वेटिंग रूम बनाया जावें।<br>रिमार्क्स:–<br>गाड़ी संख्या 22949/50 बांद्रा टर्निमस दिल्ली सराय रोहिल्ला पश्चिमी रेलवे स्वामित्व की गाड़ी है। इसको नियमित करना पश्चिमी रेलवे मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार में है।<br>श्रीमाधोपुर स्टेशन पर वर्तमान में यूटीएस कम पीआरएस खिडकी की सुविधा उपलब्ध है जिस पर आरक्षित टिकट प्राप्त किये जा सकते है । आरक्षित टिकटों का कार्यभार 40 प्रतिदिन होने से पृथक आरक्षण खिडकी का औचित्य नहीं है ।<br>नीति अनुसार किसी स्टेशन को पार्सल यातायात हेतु खोलने के लिए एक लाख वार्षिक की आय आवश्यक है । इसको दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में श्रीमाधोपुर स्टेशन को पार्सल यातायात के लिए खोला जाना औचित्यपूर्ण नहीं है । श्रीमाधोपुर स्टेशन एनएसजी–5 श्रेणी स्टेशन है, जहां पर रेलवे बोर्ड के मानदण्डानुसार उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय का प्रावधान नहीं है। नीति अनुसार 30 वर्ग मीटर के प्रतीक्षालय का प्रावधान है तथा स्टेशन पर 54 वर्ग मीटर का प्रतीक्षालय उपलब्ध है । |
| 16 | श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवर ब्रिज को दोनों प्लेटफार्मों के मध्य में जोडा जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>श्रीमाधोपुर के ऊपर एफओबी बनाया हुआ है। इसके उपरान्त डीएफसीसीआईएल लाईन के ऊपर अलग एफओबी का निर्माण किया गया है। उक्त दोनों एफओबी को जोड़ने हेतु फिजीबिलिटी स्टेडी करवा ली जायेगी। |
| 17 | नीम का थाना में प्लेटफार्म 2 पर टिन शेड का निर्माण किया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>नीम का थाना स्टेशन 05 श्रेणी का है व इस स्टेशन पर MEA गाईडलाईन अनुसार 100 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेड़ उपलब्ध कराया जाना है जबकि 715 वर्गमीटर का प्लेटफार्म शेड़ उपलब्ध है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 18 | नीम का थाना में फाटक संख्या 76 पर आने–जाने के लिए अलग–अलग अण्डरपास को तथा फाटक संख्या 76 पर स्थित अण्डरपास को चालू कराया जावें।<br>**रिमार्क्स–**<br>उक्त कार्य को राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा हैं। आरओबी का कार्यपूर्ण हो गया है। तथा ट्रेफिक संचालन किया जा रहा है। आरयूबी के कार्य में रेलवे पोर्शन का कार्य पूर्ण हो गया है। अप्रोच रोड़ का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना शेष है। |
| 19 | अजमेर – हरिद्वार वाया सीकर–रींगस नई गाडी चलायी जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>गाड़ी संख्या 19609/19610 उदयपुरसिटी – हरिद्वार त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19105/19106 अहमदाबाद – हरिद्वार योगा दैनिक एक्सप्रेस की वाया अजमेर होकर हरिद्वार के लिए सीधी सेवा उपलब्ध है। अजमेर – हरिद्वार वाया सीकर के लिए अतिरिक्त नई सेवा का वाणिज्यिक औचित्य जांच कर प्रस्ताव भेजा जायेगा। |
| 20 | ढाणी शोभाकाली पोस्ट–रानोली, सीकर में रेलवे लाईन पर पत्थर नं. 220/8 पर रेलवे लाईन के नीचे से आने जाने के लिए पुलिया बनायी जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>जयपुर मंडल के रींगस–सीकर खंड पर ढाणी शोभाकाली, सीकर में कि.मी. 220/8 पर राजस्थान सरकार द्वारा सबवे का कार्य राज्य सरकार की लागत पर स्वीकृत है। उक्त सबवे का कार्य राजस्थान सरकार द्वारा निष्पादित किया जाना है। |
| 21 | फाटक संख्या 189 दासा की ढाणी पर आर.ओ.बी निर्माण किया जावें।<br>रिमार्क्स –<br>**रिमार्क्स –**<br>जयपुर मंडल के रींगस–सीकर खंड पर कि.मी. 234/7–8 पर स्थित समपार फाटक सं. 189 की माह जुलाई 2018 की गणना के अनुसार टीवीयू 156326 है। उक्त समपार के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र सं. एचक्यू/डब्ल्यू/420/1/1 (एटीवीयू) दिनांक 27.06.2019 के द्वारा राजस्थान राज्य सरकार को उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी/आरयूबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु लिखा गया है। राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। राज्य सरकार से इस संबंध में अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 22 | गोरियाँ, धार्मिक स्तर का स्टेशन है यहाँ जीणमाता के दर्शन करने दूर दराज से हजारों की संख्या में भक्तजन आते है इसे ब्लॉक स्टेशन रखने के साथ–साथ सुविधाएँ बढ़ाई जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित कर ली गई है और 12 माह पश्चात कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। स्टेशन की श्रेणी अनुसार सभी यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। |



Scanned by CamScanner

**23** चौमू–रींगस, रींगस–पलसाना, पलसाना–सीकर, सीकर– लक्ष्मणगढ, लक्ष्यमणगढ–फतेहपुर के मध्य बडे वाहनों के लिये एक–एक रेलवे फाटक स्वीकृत करें।

रिमार्क्स –

चौमू–रींगस, रींगस–पलसाना, पलसाना–सीकर, सीकर–लक्ष्मणगढ़ व लक्ष्मणगढ़–फतेहपुर खण्ड पर समपार फाटकों को जिला कलेक्टर के द्वारा दी गई स्वीकृती के अनुसार आरओबी/सबवे निर्माण के पश्चात् बन्द किया गया है। यह कार्य रेलवे बोर्ड के द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार आमान परिवर्तन के दौरान सभी समपारों को आरओबी/सबवे बनाकर बन्द करने के निर्णय के अधीन किया गया है। वर्तमान में उपरोक्त खण्डों पर आरओबी/सबवे व समपारों की स्थिति निम्नानुसार है–

| खण्ड | आरओबी की सं. | सबवे की सं. | समपारों की सं. |
|---|---|---|---|
| चौमू–रींगस | 1 | 22 | 0 |
| रींगस–पलसाना | 1 | 18 | 1 |
| पलसाना–सीकर | 0 | 18 | 4 |
| सीकर–लक्ष्मणगढ़ | 1 | 20 | 3 |
| लक्ष्मणगढ़–फतेहपुर | 1 | 7 | 3 |

**24** पहले लगभग स्टेशनों पर आरक्षण का कार्य होता था, जिसे अब बन्द कर दिया गया, उसे पुनः चालू किया जावें।

**रिमार्क्स –**

मीटर गेज के समय सभी स्टेशनों पर प्रतिदिन कम मात्रा में आरक्षण फार्म प्राप्त होते थे जो वर्तमान में प्रचलित नीति अनुसार 180 आरक्षण फार्म से कम है। अतः आरक्षण की सुविधा का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। इसके अतिरिक्त वर्तमान प्रचलन के अनुसार ई टिकट के माध्यम से भी टिकट प्राप्त किया जा सकता है।

वर्तमान में आरक्षित टिकट व्यवस्था पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत कर दी गई है जिससे कोई भी यात्री कहीं से भी इन्टरनेट के माध्यम से आरक्षित टिकट प्राप्त कर सकता है ।

**25** आरक्षित गाडियों के आगमन स्टेशन पर कोच स्थित दर्शाने वाले इन्डिकेटर लगाये जावें।

**रिमार्क्सः–**

सीकर एनएसजी–4 श्रेणी का स्टेशन है व इस श्रेणी के रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति के अनुसार कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाने का प्रावधान नहीं है। तदापि, resources उपलब्ध होने पर इस सुविधा पर विचार किया जायेगा।

**26** यात्री प्रतिक्षालयों की व्यवस्था सुधारी जाये। सीकर एवं रींगस स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम बनाये जायें।

**रिमार्क्स –**

सीकर व रींगस स्टेशनपर प्रतीक्षालय का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा नये रिटायरिंग रूम बनाने के कार्य हेतु एजेंसी नामित कर दी गई है।



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| 27 | सासद एच. आ. कोटा का सरलीकरण किया जायें। जिससे कि कम्प्यूटर में एम.पी. का कोड डालने के प्श्चात टिकट एच.ओ. कोटे से स्वतः ही कन्फर्म हो जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>यह मद नीतिगत है। माननीय सांसद का सुझाव रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया जायेगा। |
| 28 | लक्ष्मणगढ में बगडिया बाल निकेतन स्कूल के पास फुट ओवर ब्रिज बनाया जाये। क्योंकि इस विद्यालय में लगभग 1000 छात्र अध्ययनरत है ब्रिज नहीं होने पर उन्हें करीब 3 किमी. पैदल चलकर आना पडता है ऐसी परिस्थिति में बच्चों की पढाई प्रभावित होती है।<br>**रिमार्क्स –**<br>लक्ष्मणगढ़ स्टेशन पर वर्तमान में 2 मिडियम लेवल प्लेटफार्म स्थित है, यहां पर 3 अप एवं 3 डाउन गाड़ियों का ठहराव होता है। ये सभी गाडियॉ प्लेटफार्म सं. 01 पर ली जाती है तथा यहां पर कोई कॉसिंग नहीं होता है। प्लेटफॉर्म सं. 02 पर कोई गाड़ी नहीं ली जाती है। वर्तमान रेल यातायात के लिए एफओबी बनाने की आवश्यकता नहीं है। इस स्टेशन पर रेल यातायात में वृद्धि होने पर एफओबी प्रस्तावित किया जाएगा।<br>रेल लाईन को पार करने हेतु लक्ष्मणगढ़ स्टेशन के सीकर छोर पर समपार फाटक सं. 26 कि.मी. 26/5–6 है जो कि रेलवे स्टेशन के केन्द्र से 797.90 मीटर दूर है। इस समपार की जुलाई 2018 की गणना के अनुसार टीवीयू 38748 है। इस समपार से 180 मीटर दूरी पर एक 4.50 X 4.50 मीटर का आरयूबी भी उपलब्ध है।<br>रेल लाईन को पार करने हेतु लक्ष्मणगढ़ स्टेशन के चुरू छोर पर समपार सं. 27 कि.मी. 27/7–8स्थित है। जो कि रेलवे स्टेशन के केन्द्र से 416.00 मीटर दूर है। इस समपार की जुलाई 2018 की गणना के अनुसार टीवीयू 8088 है। साथ ही साथ इस समपार से 767 मीटर दूरी पर एक 4.50 X 4.50 मीटर का आरयूबी भी उपलब्ध है।<br>समपार सं. 26 एवं 27 का टीवीयू एक लाख से कम होने के कारण कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी नहीं बनाया जा सकता है। यदि राज्य सरकार डिपोजिट टर्म अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो रेलवे द्वारा उस प्रस्ताव पर फिजीबिलिटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 29 | इन्दौर–बीकानेर वाया सीकर एवं सीकर–गंगानगर ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों का ठहराव पलसाना एवं लक्ष्मणगढ किया जाये तथा लक्ष्मणगढ स्टेशन पर रिजर्वेशन खिडकी खुलवाई जावे। लक्ष्मणगढ में रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज बनाया जावे।<br>**रिमार्क्स –**<br>पलसाना स्टेशन से होकर वर्तमान में गाड़ी संख्या 14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला – रीगस त्रि–साप्ताहिक एक्सप्रेस एवम् गाड़ी संख्या 74861/74862 चुरू – रींगस सवारी गाड़ी का संचालित है, इन दोनों सेवाओं का पलसाना स्टेशन पर ठहराव दिया हुआ है।<br>लक्ष्मणगढ़ स्टेशन पर गाड़ी संख्या 74857/74858, 74859/74860, 74861/74862 सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | जयपुर – रींगस रेलखण्ड का आमानपरिवर्तन कार्य पूर्ण हो चुका है, उक्त रेलखण्ड शीघ्र ही यात्री यातायात के खुलने वाला है, इस रेलखण्ड पर एवं उक्त स्टेशनों को अतिरिक्त सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।<br>लक्ष्मणगढ रेलवे स्टेशन पर यूटीएस कम पीआरएस खिडकी प्रक्रियाधीन है ।<br>जयपुर मंडल के सीकर–चुरू खण्ड में लक्ष्मणगढ़ में समपार सं. 26, कि.मी. 26/5–6 की माह जुलाई 2018 की गणना के अनुसार टीवीयू 38748 है। रेलवे नियमानुसार उक्त समपार के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार के स्थान पर डिपोजिट आधार पर अर्थात् स्वयं के खर्चे पर आरओबीके निर्माण हेतु प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबिलिटी के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में राज्य सरकार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 30 | सीकर जंक्शन से संबंधित मुख्य समस्याऐं |
| 30.1 | सीकर स्टेशन पर ऑफ साईड जाने हेतु पुल नहीं है। जिससे रेलवे कर्मचारी एवं आम जनता को परेशानी होती है। अतः आर.ओ.बी. बनाया जावें।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर स्टेशन (कि.मी. 238/6–7) पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए एफओबी की सुविधा उपलब्ध है तथा स्टेशन से चुरु दिशा में कि.मी. 239/0–1 (सीकर यार्ड) पर एक आरओबी व रींगस दिशा में कि.मी. 238/2–3 पर एक सबवे है। इसके अतिरिक्त बाहर से बाहर आरओबी/फुट ओवर ब्रिज का निर्माण ड़िपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर आर.ओ.बी/फुट ओवर ब्रिज़ के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। |
| 30.2 | सीकर रेलवे स्टेशन के पास स्थित सड़क पुल के संलग्न फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जायें।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर स्टेशन के पास चूरू छोर पर स्थित आरओबी पर यात्रियों के लिए पैदल मार्ग की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त लोकेशन पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फीजिबिलिटी के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 30.3 | यातायात व पार्किंग सुविधाओं को तथा शिक्षण संस्थाओं की स्थिती को देखते हुये रेलवे सामुदायिक भवन की तरफ से सैकण्ड एन्ट्री बनायी जाये।<br>**रिमार्क्स –** |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | सीकर स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार के औचित्य की जांच करवा कर उचित कार्यवाही की जायेगी। |
| 30.4 | सेकण्ड एन्ट्री से स्टेशन मुख्य भवन तक आर.ओ.बी. का निर्माण करवाया जाये। स्टेशन का मुख्य द्वार बहुत छोटा है अतः प्रवेश व निकास द्वार अलग–अलग पर्याप्त चौडाई वाले बनाये जाये ।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर स्टेशन पर अलग–अलग प्रवेश व निकास द्वार का कार्य करवा दिया जायेगा। |
| 30.5 | वातानुकूलित प्रतिक्षालयो का निर्माण करवाया जाये।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर स्टेशन यात्री आय 2016–17 के अनुसार एनएसजी–4 श्रेणी का स्टेशन है । जहां पर रेलवे बोर्ड के मानदण्डानुसार वातानुकूलित प्रतिक्षालयों का प्रावधान नहीं है तथापि सीकर स्टेशन पर वर्तमान में 144 व.मी. का प्रतिक्षालय उपलब्ध है जो कि निर्धारित मानदण्ड 75 व.मी. से अधिक है । |
| 30.6 | शिक्षण संस्थाओं एवं धार्मिक स्थलों (सालासर, खाटूश्या मजी, जीणमाता, शाकम्भरी) पर आने वाले यात्रियों की बडी संख्या को देखते हुए पर्याप्त रिटाइरिंग रूम बनाये जायें।<br>**रिमार्क्स –**<br>सीकर स्टेशन पर 04 रिटायरिंग रूम क़ा कार्य प्रगति पर है तथा यह कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किया जायेगा। |
| 30.7 | दिव्यांग यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवायें।<br>**रिमार्क्स –**<br>रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार दिव्यांगों के लिये आवश्यक सुविधाऐं दिव्यांग हेतु टायलेट, स्टेशन एण्ट्री पर रेम्प एवं रेम्प के साथ एफओबी के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। |
| 30.8 | प्रधान टिकट संग्राहक कार्यालय स्टेशन के मुख्य द्वार के पास बनाया जाये, ताकि आवश्यकता होने पर यात्री सुगमता से पूछताछ एवं अन्य यात्री सुविधाओं के लिए सम्पर्क कर सकें।<br>**रिमार्क्स –**<br>प्रधान टिकट संग्राहक कार्यालय स्टेशन के मुख्य द्वार के पास ही प्रस्तावित किया गया है। |



Scanned by CamScanner

| | 22. श्रीमती सुनीता दुग्गल |
|---|---|
| 1 | अन्त्योदय एक्सप्रेस गाडी संख्या 14719/14720 का ठहराव ऐलनाबाद में न होने के कारण लोगों में रोष व्याप्त है 3 वर्ष पूर्व हुए नए रेल मार्ग के निर्माण के बाद इस मार्ग पर सिर्फ तीन लोकल गाड़ियों का ही संचालन हो रहा है ऐलनाबाद व्यापारिक केंद्र होने के कारण हनुमानगढ व नोहर दोनों के लिए अति महत्वपूर्ण है। ऐलनाबाद हरियाणा का एक मात्र शहर है जो श्री गंगानगर से सीकर तक के मार्ग में आता है। उक्त गाड़ी का ऐलनाबाद में ठहराव न दिए जाने से लोगों में सरकार के प्रति भी रोष है, अतः आपसे अनुरोध है कि अन्त्योदय एक्सप्रेस गाडी संख्या 14719/20 को ऐलनाबाद स्टेशन पर इसका ठहराव करवाया जाये। आपसे निवेदन है कि ऐलनाबाद स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव करवाने हेतु आप तुरन्त प्रभावी आदेश पारित करें।<br>**रिमार्क्स –**<br>वर्तमान में एलनाबाद स्टे. पर 01 जोड़ी मेल/एक्स. व 02 जोड़ी दैनिक सवारी गाड़ी तथा 02 जोडी विशेष गाडियों का ठहराव है। एलनाबाद स्टेशन पर औसत यात्री व आय क्रमशः 450 व 8333/– रूपये प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्रि एवं आय के मानक से कम है। अतः गाडी सं. 14719/14720 बीकानेर – बिलासपुर गाडी का एलनाबाद स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नही है, फिर भी तहसील मुख्यालय होने के कारण तथा यात्री सुविधाओ के मॉग के अनुरूप दिनॉक 26.07.18, 20.03.18 व 02.08.2019 को रेलवे बोर्ड को ठहराव हेतु अनुसंशा पत्र भेजा गया है। |
| 2 | मै आपका ध्यान सिरसा संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीट फतेहाबाद की सबसे बड़ी समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ। फतेहाबाद जिला मुख्यालय भी है और एतिहासिक सामाजिक और कृषि की दृष्टि से एक परिपूर्ण क्षेत्र है, मगर विडंबना यह है कि फतेहाबाद में रेल लाइन सुविधा उपलब्ध न होने के कारण यह क्षेत्र उतना विकास कर नहीं पाया है, जितने का यह हकदार है। महोदय, स्थानीय लोगों की दशकों पुरानी मांग रही है कि फतेहाबाद क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ा जाए। मौजूदा समय में फतेहाबाद जिले में रेल लाइन जाखल और भट्टूकलां में है। भट्टूकलां रेलवे लाइन फतेहाबाद से 20 किलामीटर की दूरी पर है तो वहीं जाखल जंक्शन करीब 50 किलोमीटर दूर है। इसलिए फतेहाबाद के लोगों को रेल सुविधा के लिए भट्टू, जाखल या फिर हिसार जाना पड़ता है। यहां के लोगों को वैष्णों देवी, दिल्ली, जयपुर या कहीं भी दूर–दराज क्षेत्रों में जाने के लिए रेलवे की सुविधा का लाभ भट्टू, जाखल या फिर दूसरे जिले हिसार में जाना पड़ता है। हर चुनाव के दौरान यहां के लोगों से रेलवे का वादा किया जाता है, मगर अभी तक इसको कोई पूरा नहीं करवा पाया है। इस क्षेत्र में धान और गेहूं की काफी खेती होती है और किसानों से खरीदी गई फसल भी सरकारी एजेंसियां ढुलाई हेतु भट्टू रेलवे का सहारा लेती है, जिसमें सरकारी राजस्व को भी काफी नुकसान होता है। इतना ही नहीं कृषि |



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| | प्रधान क्षेत्र होने के कारण यहां खाद, यूरिया आदि पेस्टीसाइड जो आता है, वह भी भट्टू या हिसार तक ही सप्लाई होता है, इससे आगे फतेहाबाद तक ट्रॉसपोर्टरों का सहारा लेने को फतेहाबाद मजबूर है।<br>महोदय, इतना ही नहीं यहां यह भी ध्यान देने लायक बात है कि रेलवे लाइन से न जुडा होने के कारण कोई बडा उद्योग भी इस क्षेत्र में अभी तक नहीं चल प्या है, जिस कारण इस क्षेत्र के युवाओं को सबसे ज्यादा बेरोजगारी की समस्या रहती है। क्योंकि उद्योग धंधों को कच्चे माल की ढुलाई और उत्पादित माल को बाहर भेजने के लिए रेलवे लाइन की सख्त जरूरत रहती है।<br>महोदय् दशकों पुरानी इस मांग को फतेहाबाद वासी हर समय उठाते रहते है और जब भी केंद्र से कोई बडा नेता इस क्षेत्र में आता है, तो उनके समक्ष भी सबसे पहले यही मांग उठाई जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी अपने कार्यकाल के दौरान 20 अगस्त 1999 में यहां हेलीकाप्टद से आए तो लोगों ने यही मांग उनके समक्ष रखी। इस पर उन्होंने वादा करते हुए कहा था कि अगली बार वे यहां रेल से ही आएंगे। लोगों को उनके फतेहाबाद लौटने और रेल लाइन का इंतजार हमेशा रहा। इसके बाद कांग्रेस सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव भी फतेहाबाद लौटने की तरह रेलवे से वंचित साथ लगते अग्रेहा कस्बे में आए। यहां उन्होंने घोषणा की थी कि जल्द ही अग्रोहा के अलावा फतेहाबाद को भी रेल लाइन से जोडा जाएगा, मगर उनकी घोषणा पर कोई कार्रवाही नहीं हुई।<br>महोदय् रेल लाइन को लेकर फतेहाबाद के लिए काफी बार रेल बजट में मंजूरी मिल चुक है, कई बार यहां सर्वे तक हो चुका हैं। मगर बात इससे आगे नहीं बढ़ पाई है। इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली सरकार के अंतरिम बजट में फतेहाबाद के लिए रेलवे बजट में मंजूरी दी गई। रेल लाइन आने से इस क्षेत्र का न केवल विकास होगा, बल्कि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी और रोजगार का भी सृजन होगा। अतः आपसे गुजारिश है कि फतेहाबाद क्षेत्र को रेल सुविधा से जोडने की ओर ध्यान दिया जाए।<br>**रिमार्क्स –**<br>उक्त क्षेत्र उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में है अतः कार्यवाही उत्तर रेलवे से अपेक्षित है। |



Scanned by CamScanner

अनुलग्नक
याद-3 श्री पी.पी.चौधरी
माननीय सांसद

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS
(RAILWAY BOARD)

RB/L&A/001/2018

No. 2018/LM (PA)/03/06 New Delhi, dt.09.04.2018

General Managers,
All Indian Railways

Sub: Comprehensive instructions for provision of Passenger Amenities and user facilities at Stations.

Railway Board had constituted a Committee of Executive Directors to review the norms for provision of passenger amenities. The terms of reference of the committee included a review of the norms for provision of Passenger Amenities viz., minimum essential, recommended and desirable amenities at stations prescribed vide Board's letters no. 2012/LM(PA)/3/5 dated 11.09.2012, in view of the changing requirements and technological improvements in the country and suggesting measures for improving amenities for passengers, general cleanliness and ambient conditions at stations. The categorization of stations and details of minimum essential, recommended and desirable amenities are enclosed as Annexure I to V.

2. Accordingly, the Committee examined in detail the existing amenities provided at stations and reviewed the extant instructions w.r.t. passenger amenities at stations and submitted the report, which has been approved by Board. Based on this report, revised comprehensive instructions on provision of passenger amenities (enclosed) have been prepared.

3. The scheme of Adarsh stations was introduced in the year 2009. It is considered that there is an urgent need to shift the focus of Adarsh stations from beautification to utility, comfort and cleanliness. Accordingly, revised instructions on Adarsh stations in supersession of Board's letter No. 2009/TG-IV/10/PA/Adarsh Stations dated 13.08.2013 are being issued separately.

4. These are broad guidelines for providing passenger amenities at stations. However, GMs/DRMs may make need based modification duly recording the justification thereof.

5. Railways are requested to disseminate the contents of the revised Circular (which supersedes the earlier circular issued under Board's letter No. 2012/LM(PA)/3/5 dated 11.09.2012) widely in the field offices and take necessary action for its early implementation.



Scanned by CamScanner

6. DRMs shall have the full powers to approve such amenities soliciting CSR funds for augmenting passenger amenities in the stations and the same shall be aggressively pursued.

This issues in consultation with the Finance Directorate of the Ministry of Railways.

Please acknowledge receipt.

(Vivek Saxena)
Exec. Director (Station Dev. Engg.)
Railway Board

(B. Prashanth Kumar)
Exec. Director (Passenger Marketing)
Railway Board

DA: 29 pages

No. 2018/LM (PA)/3/06

New Delhi, dt.09.04.2018

Copy forwarded for information to the FA&CAOs, all Indian Railways
Dy. Comptroller & Auditor General of India, Room no. 224, Rail Bhawan, New Delhi.

For Financial Commissioner / Railways

Copy to: (i) ED/EEM, ED (T&C), ED/Works, Railway Board

(ii) F(X) I, F(X) II, TG-III, TG-IV, LMPA, Electrical (G) Branches, Railway Board

(iii) MD/IRCON, MD/RVNL, MD/RITES



Scanned by CamScanner

**ANNEXTURE-II/A**

## MINIMUM ESSENTIAL AMENITIES AT VARIOUS CATEGORIES OF NON-SUBURBAN STATIONS

| Sl. No | Amenities | STATION CATEGORY | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NSG1 | NSG2 | NSG3 | NSG4 | NSG5 | NSG6 |
| 1 | Drinking water Piped/Hand Pump | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 2 | Waiting hall | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 3 | Seating arrangement | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 4 | Platform shelter | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 5 | Urinals | Yes$ | Yes$ | Yes$ | Yes | Yes | Yes |
| 6 | Latrines | Yes$ | Yes$ | Yes$ | Yes | Yes | Yes |
| 7 | Platforms - High level- @ | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 8 | Lighting # | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 9 | Fans | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 10 | Foot over bridge @ | Yes* | Yes* | Yes* | Yes | Yes | Yes |
| 11 | Time Table Display | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 12 | Clock | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 13 | Water cooler | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | - |
| 14 | Public Address system/Computer based announcement | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |
| 15 | Parking-cum-circulatory area, with lights | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | - |
| 16 | Electronic Train indicator board** | Yes | Yes | Yes | - | - | - |
| 17 | Signage (standardised) | Yes | Yes | Yes | Yes | - | - |
| 18 | Dustbins*** | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |

* With cover

# As per Annexure 2 of Railway Board's letter No. 2004/Elec(G)/109/1 dt 18.05.2007



Scanned by CamScanner

** At station entrance/ concourse on Foot over bridges (at landing locations) and on platforms located appropriately to guide passengers at every stage. Priority to be accorded as per category of stations subject to stations earnings and passenger foot fall.

*** Adequate number of uniformly designed standard dustbins should be provided at all categories of stations at NSG1, NSG2, NSG3, NSG4 & NSG5 category of stations, dustbins should be provided at regular spacing of 50 mt on each platform. At NSG6 category station, adequate number of dustbins as required should be provided. It must be ensured that provision of dustbins does not impede the free flow of passengers.

@ These items are considered as basic requirement and hence they shall form a part of essential amenities for all categories of stations.

$ Toilets/Urinals at NSG/1-3 category stations shall have auto flush after every use.

Scanned by CamScanner

**ANNEXTURE-III/A**

## NORMS OF MINIMUM ESSENTIAL AMENITIES AT VARIOUS CATEGORIES OF NON-SUBURBAN STATIONS

| S.N. | Amenity | STATION CATEGORY | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NSG1 | NSG2 | NSG3 | NSG4 | NSG5 | NSG6 |
| 1 | Drinking water ^ (No. of taps/PF) $ ^^ | 20 | 20 | 20 | 20 | 8 | 2* |
| 2 | Waiting hall @ Sqm | 250 | 250 | 125 | 75 | 30 | 15 |
| 3 | Seating arrangement ( No. of seats / PF) | 150 | 150 | 125 | 100 | 50 | 10 |
| 4 | Platform shelter ( on each PF)# | 500 sqm | 500 sqm | 400 sqm | 200 sqm | 50 sqm + | 50 sqm + |
| 5 | Urinals## | 12 | 12 | 10 | 6 | 4 | 1 |
| 6 | Latrines## | 12 | 12 | 10 | 6 | 4 | 1 |
| 7 | Platforms | High Level | High Level | High Level | High Level | High Level | High Level |
| 8 | Lighting ++ (Lux level) | As per Annexure II of Board's letter No.2004/Elec(G)/109/1 dated 18.5.2007 | | | | | |
| 9 | Fans © | As given below | | | | | |
| 10 | Foot over bridge® | 1 with cover | 1 with cover | 1 with cover | 1 | ®® | 1 |
| 11 | Time table Display | As per extant instructions. | | | | | |
| 12 | Clock | To be decided by zonal railways. | | | | | |
| 13 | Water cooler £ | 2 on each PF | 2 on each PF | 2 on each PF | 2 on each PF | 1 on main PF | - |
| 14 | Public Address system/Computer based announcement | As per extant instructions | | | | | |



Scanned by CamScanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Parking-cum-circulatory area, with lights | As per extant instructions | | | | | |
| 16 | Electronic Train indicator board. | As per extant instructions | | | | | |
| 17 | Signage (standardized) | Yes | Yes | Yes | Yes | - | - |
| 18 | Dustbins*** | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes | Yes |

Scanned by CamScanner

# धन्यवाद

Scanned by CamScanner